राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 106
लखनऊ, मंगलवार 03 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विश्वास के साथ विकास सरकार की प्राथमिकता : केशव प्रसाद मौर्य 03

भारत किसी भी स्थिति से निपटने के लिए है तैयार : नौसेना प्रमुख 12


# संसद की कार्यवाही बाधित करना अनुचित

## सरकार और विपक्ष के बीच संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने को लेकर बनी सहमति

▸ संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में होगी बहस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद में केंद्र और विपक्ष के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत लोकसभा और राज्यसभा दोनों में संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में बहस आयोजित की जाएगी। यह बहस लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को और राज्यसभा में 16 और 17 दिसंबर को होगी।

इस बहस में संविधान की ऐतिहासिक अहमियत और इसके प्रभाव पर गहरी चर्चा की जाएगी। यह महत्वपूर्ण सहमति उस समय हुई, जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने संविधान पर बहस करने की तारीख तय की।



संसद में लंबे समय से चल रहे गतिरोध को समाप्त करते हुए यह निर्णय लिया गया। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, संविधान पर यह बहस 13 और 14 दिसंबर को लोकसभा में और 16 और 17 दिसंबर को राज्यसभा में होगी। उन्होंने आगे कहा, संसदीय कार्यवाही को बाधित करना उचित नहीं है।

हम सभी विपक्षी दलों के नेताओं से अपील करते हैं कि वे इस समझौते पर अमल करें और संसद के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करें। लोकसभा और राज्यसभा में होने वाली इन बहसों में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। तृणमूल कांग्रेस के सांसद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर अपना पक्ष रखेंगे। वहीं, समाजवादी पार्टी के सांसद संभल हिंसा को लेकर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, इन बहसों में संविधान के महत्व, उसकी धारा, और भारतीय लोकतंत्र में उसकी भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस बहस का उद्देश्य संविधान की अवहेलना और उसके उल्लंघन से संबंधित मुद्दों पर जन जागरूकता बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से अनुरोध करते हुए कहा कि संसद की कार्यवाही में कोई बाधा न डाली जाए और सभी दल संसद की कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लें। उनका यह बयान संसद में सकारात्मक माहौल बनाने की ओर एक कदम है, ताकि संसद के सभी काम ठीक से चल सकें। इस बीच, संसद में बहस के लिए तारीख तय होने पर केंद्रीय मंत्री और विपक्षी नेताओं ने इस समझौते को महत्वपूर्ण बताया है।

विपक्ष ने इस अवसर का इस्तेमाल संविधान के महत्व को स्पष्ट करने के लिए करने की योजना बनाई है। इस तरह से संविधान पर होने वाली बहस को लेकर संसद में एक महत्वपूर्ण माहौल तैयार हो रहा है, जिसमें सभी दल अपने मुद्दों को उठाकर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करेंगे। लोकसभा और राज्यसभा में संविधान के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में होने वाली यह बहस भारतीय लोकतंत्र की ताकत और संविधान की भूमिका पर गंभीर विचार विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी।

### राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही रही स्थगित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण प्रश्न काल नहीं हो सका और सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले सुबह में भी कार्यवाही शुरू होने पर अडानी समूह में अनियमितताओं की जांच, मणिपुर और उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा तथा बंगलादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाओं पर चर्चा करने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही 12:00 बजे तक स्थगित करनी पड़ी और शून्यकाल नहीं हो सका। सभापति जगदीप धनखड़ ने स्थगन के बाद प्रश्नकाल शुरू करने की कोशिश की लेकिन विपक्षी सदस्याओं की टोकाटाकी ओर एक साथ बोलने के कारण सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# विदेश में टीम इंडिया के रूप में करना होगा काम : एस जयशंकर




▸ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) पार्टनरशिप समिट 2024 को किया संबोधित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत आज दुनिया में अपने आर्थिक, राजनीतिक, प्रवासी और सांस्कृतिक पदचिह्न का लगातार विस्तार कर रहा है। इसमें हमारे व्यवसाय और प्रतिभा का योगदान नेतृत्व करने का रहा है। हालांकि पहल किसी की ओर से भी हो, हमारा लक्ष्य विदेश में टीम इंडिया के रूप में काम करना है।

कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) पार्टनरशिप समिट 2024 में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि कई देश आज अधिक राष्ट्रवादी नीतियों की ओर लौट रहे हैं, साथ ही अपनी सांस्कृतिक विशेषताओं पर भी ज़ोर दे रहे हैं। हालांकि, स्थापित वैश्वीकरण अब बदनाम हो चुका है लेकिन अभी भी नई सोच ने इसे अलग-थलग नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हाल के वैश्विक अनुभवों से उपजी चिंताओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता पर ला दिया है। प्रौद्योगिकी स्वयं एआई के साथ एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है। इस जटिल घटनाक्रम के कुछ पहलू अतीत की ओर लौट रहे हैं लेकिन अन्य भविष्य की ओर छलांग लगा रहे हैं। ऐसे में कूटनीति और व्यापार के लिए समान रूप से एक चुनौती होगी। एक साथ साझेदारी करके हम अपने लिए सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त कर सकते हैं।

जयशंकर ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर पांचवें स्थान पर पहुंच गई है और आगे बढ़ रही है। ऐसे में उसे और अधिक महत्वपूर्ण साझेदारियों की आवश्यकता है। दुनिया में हमारी हिस्सेदारी, जिम्मेदारियां और अपेक्षाएं अधिक हैं लेकिन वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति से अंतरराष्ट्रीय संबंधों का मामला मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिदृश्य बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देना केवल केवल राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं हो सकता। भारत जितना अधिक चीजें लाएगा, हमारी अपील उतनी ही मजबूत होगी। हमारी क्षमताएं जितनी अधिक होंगी, हमारी क्षमताएं उतनी ही व्यापक होंगी, हमारी प्रतिभा जितनी अधिक नवीन होगी, हमारे कौशल उतने ही व्यापक होंगे, एक भागीदार के रूप में हम उतने ही अधिक आकर्षक होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

**नजीबाबाद में 10 से रुकेगी लखनऊ-देहरादून वंदे भारत**

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रेहान रजा रिजवी ने सोमवार को बताया कि रेलगाड़ी संख्या 22545/22546 लखनऊ–देहरादून–लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का जेसीओ 10 दिसम्बर से मंडल के बिजनौर जनपद स्थित नजीबाबाद स्टेशन पर से ठहराव दिया जाएगा। डीसीएम ने आगे बताया कि रेलगाड़ी संख्या 22545 लखनऊ–देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस का जेसीओ 10 दिसम्बर से समय पूर्वाह्न 11.08 बजे से दो मिनट के लिए नजीबाबाद स्टेशन पर ठहराव रहेगा तथा रेलगाड़ी संख्या 22546 देहरादून–लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का जेसीओ 10 दिसम्बर से अपराह्न 04.17 बजे से 4.19 बजे तक नजीबाबाद स्टेशन पर ठहराव रहेगा।

**सीतारमण व रूपाणी महाराष्ट्र विधायक दल के पर्यवेक्षक नियुक्त**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी देने के साथ ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीतारमण और विजय रूपाणी की निगरानी में चार दिसंबर को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव होगा।

**38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ आठ जनवरी को**

**देहरादून।** उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की तिथियों पर भारतीय ओलंपिक संघ की मुहर लग गई है।यह आयोजन अगले साल 28 जनवरी से 14 फ़रवरी 2025 के मध्य होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से सोमवार को एक पत्र जारी औपचारिक रूप से 38वें राष्ट्रीय खेलों का शेड्यूल घोषित होने के बाद मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड पहले से ही इन तिथियों के अनुसार अपनी तैयारी कर रहा था और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी इन्हीं तिथियों की संस्तुति की गई थी।

# मांगों को लेकर नोएडा में किसानों ने किया जबरदस्त प्रदर्शन, नारेबाजी

समृद्धि न्यूज

**गौतमबुद्धनगर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के किसानों ने सोमवार को यहां जमकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वावधान में हजारों की संख्या में किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नोएडा के महामाया फ्लाईओवर पर एकत्रित हुए।

दिल्ली की ओर जाने की कोशिश कर रहे किसानों को सुरक्षा बलों ने बेरीकेडिंग लगा कर रोक दिया हालांकि कुछ स्थानों पर किसानों ने बेरीकेडिंग को ध्वस्त कर दिया और महामाया फ्लाईओवर से गुजर कर चिल्ला बॉर्डर तक पहुंच गए। चिल्ला बॉर्डर पर किसी भी अप्रिय हालात से बचने के लिये लगभग 4000 पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे। मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही। किसानो के प्रदर्शन के चलते ग्रेटर नोएडा व नोएडा एक्सप्रेसवे पर भी जाम की स्थिति बनी रही। दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर सुबह से ही लंबा जाम लग गया। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि पुलिस किसानों को रोक रही है जबकि उनकी समस्या का समाधान दिल्ली से ही निकलेगा। नोएडा सेक्टर 95 में दलित प्रेरणा स्थल के पास अधिकारियों के साथ बातचीत से समाधान नहीं निकलने से किसान वहीं धरने पर बैठ गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में संसद का शीतकालीन सत्र जारी रहने के चलते किसानों को रोका जा रहा है। किसी भी अप्रिय हालात से बचाव के मद्देनजर एहतियात के तौर पर भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है।

# पेसमेकर घोटाले के मुख्य आरोपी डॉ समीर बर्खास्त

▸ डॉ. समीर पर मरीजों को नकली पेसमेकर लगाने का आरोप

समृद्धि न्यूज



**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में हुए बहुचर्चित पेस मेकर घोटाले के मुख्य आरोपी डॉ.समीर सर्राफ को बर्खास्त कर दिया गया है। सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो प्रभात कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। कार्डियोलॉजी विभाग में तैनात डॉ. समीर सर्राफ पर मरीजों को नकली पेसमेकर लगाने का आरोप है। सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी की 12 वीं कार्य परिषद की बैठक में कुलपति की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया है । 18 सदस्यों ने पेसमेकर घोटाले के मुख्य आरोपी की बर्खास्तगी पर मुहर लगाई है।

हृदय रोगियों को नकली पेस मेकर लगाने के अलावा करीब एक करोड़ की अनावश्यक वस्तुओं की खरीद में घोटाले के साथ आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों से नाजायज वसूली का भी आरोप है।

कार्डियोलॉजी विभाग में कार्यरत डॉ.समीर सराफ पर मरीजों से नकली पेसमेकर तय कीमत से अधिक कई गुना रेट पर मरीजों को लगाया था। जब इसकी शिकायत एक मरीज ने संस्थान के प्रशासन से की तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक जांच कमेटी गठित की थी। जांच कमेटी ने भ्रष्टाचार पाया और तय कीमत से कई गुना अधिक कीमत वसूलने की अनियमितताएं पाई थी। प्रशासन ने एक्सपर्ट की राज्य स्तरीय एक बड़ी जांच टीम गठित कर दी थी। वर्ष 2019 में करीब एक करोड़ मूल्य की अनावश्यक चीजें खरीदीं। इसमें लाखों रुपये की धांधली हुई। यह भी आरोप लगाया गया है कि डॉ. समीर सर्राफ ने कई पीड़ित मरीजों से धोखाधड़ी कर गलत पेसमेकर लगाया और अनुचित तरीके से अधिक मूल्य वसूला उसके बाद उन मरीजों की जान भी चली गई। आरोप है कि डॉक्टर समीर ने सपरिवार नियम विरुद्ध कई अनधिकृत विदेश यात्राएं भी कीं, जिनकी स्पॉन्सर्ड वह कंपनियां थीं जिनसे अनुपयोगी सामान की सप्लाई ली गई थी। पिछले साल नवंबर माह में डॉ.समीर सर्राफ को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद उनके निलंबन ओर अब बर्खास्तगी की कार्यवाही की गई।

### पंजाब के कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना ने दी प. धीरेंद्र शास्त्री को जान से मारने की धमकी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर और प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री को जान से मारने की धमकी मिली है। पंजाब के कट्टरपंथी बरजिंदर सिंह परवाना ने एक मंच से कहा कि धीरेंद्र शास्त्री की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्हें मार डालेंगे। यह धमकी पंजाब के कपूरथला के कादराबाद में 26 से 30 नवंबर तक आयोजित एक समागम में भरे मंच से दी गई है। रविवार को देर शाम वीडियो सामने आने के बाद एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया और विश्व हिंदू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने पंजाब के डीजीपी से इसकी शिकायत की है। परवाना ने कहा कि बागेश्वर वाला बाबा नोट कर ले कि आज से उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। तुझे भी टरकाएंगे और चाहे जैसे मर्जी हो, तुझे भी मार डालेंगे। तू आ तो सही।

# शराब पीते हुए तीन कर्मियों का वीडियो वायरल, एक्सीएन ने किया बर्खास्त

▸ चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल के निर्देश पर हुई कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के चौक डिवीजन बिजली निगम एक्सीएन ऑफिस में शराब पीते हुए तीन कर्मचारियों का वीडियो सामने आया है। एक्सीएन ने तीनों कर्मचारियों को बर्खास्त कर थाने में तहरीर दी है। पावर कॉर्पोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल के निर्देश पर एक्सीएन ने तीनों संविदा कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की। आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी।

चौक डिवीजन एक्सीएन ऑफिस में ऑपरेटर आसिफ मीटर रीडर आशीष और सामिर तैनात है। सोमवार को तीनों का शराब पीते हुए का वीडियो सामने आया। वीडियो चुपके से बनाने वाला स्टाफ का कर्मचारी है। जांच में पता चला कि वीडियो गुरुवार देर रात आठ बजे का है। जब आफिस से एक्सीएन रमन वासुमित्रा समेत अधिकांश कर्मचारी जा चुके थे। इसके बाद भी ऑपरेटर और दो मीटर रीडर मौजूद थे। इस दौरान एक्सीएन की टेबल पर शराब की बोतल और गिलास रखे थे। चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने तत्काल आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। जिसके बाद एक्सीएन रमन वासुमित्रा ने कार्यदायी संस्था से तीनों कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए पत्र लिखा। साथ ही तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। लखनऊ सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने कहा चौक एक्सीएन ऑफिस में शराब पीते हुए एक ऑपरेटर और दो कर्मचारियों की वायरल वीडियो से पहचान हुई है।

### लोकसभा महासचिव उत्पल सिंह को मिला एक वर्ष का कार्यकाल विस्तार

**नयी दिल्ली।** लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मौजूदा शर्तों पर कैबिनेट सचिव के पद के स्तर पर उनके कार्यकाल के विस्तार को मंजूरी दी है और उनका कार्यकाल 30 नवंबर 2025 तक प्रभावी रहेगा।

श्री सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा के उत्तराखंड कैडर के 1986 बैच के अधिकारी हैं और उत्तराखंड सरकार में मुख्य सचिव रहने की बाद उन्होंने एक दिसंबर, 2020 को लोकसभा महासचिव का पदभार संभाला। उन्होंने केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया। श्री सिंह अत्यंत सरल स्वभाव के हैं और वह संसदीय मामलों के गहरे जानकार हैं।

# गैर राज्य के लिए दी गई पॉवर ऑफ अटॉर्नी पर दूसरे राज्य में नहीं कर सकते मुकदमे की पैरवी

▸ पूर्व एमएलसी इकबाल बाला की अर्जी खारिज

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि गैर राज्य के लिए दी गई पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर दूसरे राज्य में मुकदमे की पैरवी नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने बसपा सरकार में एमएलसी रहे इकबाल उर्फ बाला की याचिका इस आधार पर खारिज कर दी है। इकबाल ने अपने एक परिचित तनसीफ के जरिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

कहा गया कि इकबाल ने तनसीफ को अपने मुकदमों की पैरवी करने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी दी है। क्योंकि वह व्यवसाय के सिलसिले में देश से बाहर है। कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि पावर ऑफ अटॉर्नी दिल्ली की अदालतों और सुप्रीम कोर्ट में लम्बित मुकदमों की पैरवी के लिए दी गई है। ऐसी स्थिति में यह नहीं माना जा सकता है कि इसके आधार पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी मुकदमे की पैरवी की जा सकती है। इकबाल की याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण सिंह देशवाल ने दिया है। प्रदेश सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और अपर शासकीय अधिवक्ता ने याचिका का विरोध किया। कहा गया कि पावर ऑफ अटॉर्नी दिल्ली की अदालत में लम्बित मुकदमों की पैरवी के लिए दी गई है। इस पावर ऑफ अटॉर्नी का उपयोग करके इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई है जो की पोषणीय नहीं है। इसी आधार पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की एक अन्य बेंच इससे पहले भी इकबाल की याचिका खारिज कर चुकी है। कोर्ट ने दलील को स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। इकबाल के खिलाफ 25 अगस्त 2022 को सहारनपुर के मिर्जापुर थाने में सामूहिक बलात्कार और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया गया था।



# विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई टली

▸ स्पेशल जज बावेजा ने 10 दिसंबर को सुनवाई के दिए आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में गड़बड़ियों के मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लह खान समेत 11 आरोपितों के खिलाफ सीबीआई की ओर से दर्ज मामले में आरोप तय करने के मामले पर सुनवाई टाल दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने इस मामले पर अगली सुनवाई 10 दिसंबर को करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान आज सीबीआई ने आरोपियों की ओर से इस मामले में बरी करने की मांग करने वाली याचिका पर दलीलें रखने के लिए जांच अधिकारी की मदद की बात कही। लेकिन जांच अधिकारी सुनवाई के दौरान मौजूद नहीं थे। आरोपितों की ओर से सीबीआई की ओर से दाखिल जवाब पर प्रत्युतर दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की गई, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को करने का आदेश दिया। इस मामले में कोर्ट ने 01 मार्च 2023 को सभी आरोपितों को जमानत दी थी। कोर्ट ने अमानतुल्लह खान के अलावा जिन आरोपितों को जमानत दी थी उनमें दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन सीईओ महबूब आलम, हामिद अख्तर, किफायतुल्लह खान, रफीऊशान खान, इमरान अली, मोहम्मद अबरार, आकिब जावेद, अजहर खान, जाकिर खान और अब्दुल मन्नर शामिल हैं।

### अगरतला में बांग्लादेश के उच्चायोग में घुसपैठ दुखद, बढ़ाई जा रही सुरक्षा : मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग परिसर में घुसपैठ की आज की घटना बेहद दुखद है। किसी भी परिस्थिति में राजनयिक और वाणिज्य दूतावास की संपत्तियों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि सरकार नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग और देश में उनके उप/सहायक उच्चायोगों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त कार्यालय के सामने हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में और इस्कॉन सदस्य चिन्मय दास प्रभु की रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

समीक्षा

मुख्यमंत्री योगी ने हर घर जल योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा

# जल जीवन मिशन की परियोजनाओं में गुणवत्ता से समझौता नहीं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने हर घर जल योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सोमवार को कहा कि जल जीवन मिशन जनहित से जुड़े इन कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।



उन्होने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने की परियोजना के कार्यों के थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए और कहा कि हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये जायें जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सभी काम समय से पूरा कराएं। योगी ने कहा कि जलापूर्ति के कार्यों के चलते खराब हुई सड़कों के रिस्टोरेशन का काम समय से कराया जाए और जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाए। इस आधार पर ही विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं में क्वालिटी हर हाल में सुनिश्चित हो। इसका थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जाए। साथ ही हर प्रोजेक्ट पर नोडल अधिकारी नियुक्त हों, जो कार्यों की क्वालिटी व समयबद्धता सुनिश्चित करे। जल जीवन मिशन के तहत परियोजना का उद्देश्य है कि लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो, ऐसी सभी योजनाएं बिना रूकावट के अनवरत चलती रहनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों के बारे में जानकारी ली।

### जल जीवन मिशन के तहत 40951 योजनाएं हुईं स्वीकृत

मुख्यमंत्री को जल जीवन मिशन के अंतर्गत सामुदायिक अंशदान के संबंध में अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 40951 योजनाएं स्वीकृत हैं। इनकी कुल कार्य लागत 152521.82 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्रांश 71714.68 व राज्यांश 71714.68 करोड़ रुपये है। इन विलेज इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत के सापेक्ष सामुदायिक अंशदान 9092.42 करोड़ रुपये बनता है। अधिकांश योजनाओं को सोलर आधारित बनाए जाने के कारण कुल लागत में 13344 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसके सापेक्ष केंद्रांश के रूप में 6338 करोड़ रुपये अतिरिक्त रूप से प्राप्त होगा। अनुरक्षण व संचालन मद में राज्य सरकार की योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। योगी को बताया गया कि उत्तर प्रदेश में 33229 योजनाएं सौर ऊर्जा पर आधारित हैं। इन पर लगभग 900 मेगावाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस इनोवेशन को बेस्ट प्रेक्टिसेज के रूप में चिह्नित किया गया है। सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के निर्माण के कारण प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब की मूर्ति क्षतिग्रस्त

- अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कस्ता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बढरिया में स्थित अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद एवं भीमराव अंबेडकर सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जुगल किशोर ने घटनास्थल पर जाकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की



मूर्ति तत्काल प्रभाव से निर्मित कराया गया तथा अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एफ आई आर भी थाना नीमगांव में पंजीकृत कराई गई। भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई थी घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक खीरी नैपाल सिंह पुलिस उपाधीक्षक शिवम कुमार सहित कोतवाली प्रभारी नीमगांव सुनीता कुशवाहा, बेहजम चौकी प्रभारी अजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना मितौली राजू राव शांति व्यवस्था के क्रम में घटनास्थल पर बने रहे। ज्ञात हो कि बढरिया निवासी शिवराज सिंह का खेत अंबेडकर पार्क से मिला हुआ है वहां के दलित नागरिकों का कहना था शिवराज सिंह ने अंबेडकर पार्क की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है दोनों पक्षो की बात सुनकर पूर्व राज्यसभा सांसद ने तत्काल प्रभाव से उप जिलाधिकारी मितौली को संरक्षित बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क की जमीन की पैमाइश कराई गई, तथा दोनों पक्षो के विवाद को शांत कराया गया।

## बाइक सवार द्वारा उचक्का पर्स छीनकर फरार

**मोहम्मदी खीरी।** स्कूल जाती अनुदेशिका का दिन दहाड़े बाइक सवार द्वारा पर्स छीनकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्तजानकारी के अनुसार धर्मपुर पेट्रोल पम्प के पास प्रातः 9÷30 बजे मोहम्मदी की ओर से आये तीन मोटर साइकिल सवारों ने जासमीन पत्नी अलीम निवासी देवीस्थान से पर्स छीनकर भाग गए जिसमे एक हजार रुपये नगद रियलमी मोबाइल रखा था। उक्त घटना की सूचना पति अलीम ने कल शंकरपुर चौकी पर उसके बाद प्रभारी निरीक्षक को दी। आरोप है कि अभी तक रिपोर्ट अंकित नही की गयीं।

# सड़क पर जा रही स्कूल वैन पर गिरा विशालकाय पेड़, स्कूली बच्चों सहित ड्राइवर घायल

**निघासन खीरी**

निघासन इलाके के मझगई थाना क्षेत्र के निघासन पलिया स्टेट हाइवे पर जा रही एक स्कूल की वैन पर अचानक एक विशालकाय जामुन का पेड़ गिरने से स्कूल वैन में जा रहे स्कूली बच्चों सहित ड्राइवर और सड़क पर जा रहे एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं स्कूल वैन भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, घटना से मौके अफरा अफरा तफरी मच गई, मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में पेड़ की शाखाओं को हटवाकर स्कूल वैन में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला। बताते चलें कि पलिया निघासन स्टेट हाइवे पर बौधिया कलां के पास स्थित



नेकीराम आदर्श विद्या मंदिर के पास सड़क किनारे लगा एक विशालकाय जामुन का पेड़ बम्हनपुर से पलिया के एडमॉन्टन स्कूल जा रही एक स्कूल वैन पर गिर गया जिससे वैन में बैठे स्कूली बच्चों सहित ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो घायलों में बौधिया कलां निवासी हिमांशु गुप्ता उम्र 15 वर्ष सहित ड्राइवर प्रमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंचे मझगई थाने के कांस्टेबल रवि कुमार, आदि ने निजी वाहन से निघासन सीएचसी भेजा जहां से हिमांशु को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया, उधर पेड़ गिरने से नेकीराम आदर्श विद्या मंदिर की बाउंड्रीवाल सहित बिजली के दो खंभे पूरी तरह से टूट गए।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना से पीडित सजातीय बंधु को दी आर्थिक सहायता

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** श्री हरिद्वारी वैश्य समिति गोला के तत्वावधान में शहर के मुहल्ला सर्वोदयनगर निवासी सजातीय बंधु श्यामू गुप्ता को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। कुछ समय पूर्व एक दुर्घटना में श्यामू गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद निरंतर उपचार चल रहा है। जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई। यह जानकारी श्री हरिद्वारी वैश्य समिति गोला के पदाधिकारियों को होने पर एक प्रतिनिधिमंडल तत्काल पीड़ित से मिलकर हालात की जानकारी ली। इसके बाद समाज के बंधुओं से पीड़ित के सहयोग के लिए अपील की। जिस पर समाज के तमाम बंधुओं ने पीड़ित श्यामू गुप्ता के इलाज में सहयोग स्वरूप आर्थिक मदद समिति के माध्यम से उन तक पहुंचाई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोहन लाल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, उपमहामंत्री मीडिया प्रभारी आदित्य गुप्ता आदी सहित समाज के तमाम सजातीय बंधु उपस्थित रहे।

### किसान का भूसा जला

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** अलीगंज रोड स्थित जमुनाबाद कृषिफार्म परिसर में लगे एक किसान का करीब एक हजार क्विंटल भूसा जल गया। भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिजुआ निवासी अचल मिश्र ने कोतवाली क्षेत्र के जमुनाबाद कृषि फार्म में एक हजार क्विंटल भूसा खरीद कर डंप किया था। शनिवार की रात किसी ने भूसे में आग लगा दी। जिससे उसका भूसा जल गया।

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो घायल

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** अलग अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित दो लोग जख्मी हो गए। बता दें कि थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालापुर निवासी लक्ष्मी देवी 30वर्ष पत्नी अमरनाथ तथा मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम सौखिंया निवासी राजकपूर 20 वर्ष पुत्र राकेश कुमार सड़क हादसे में जख्मी हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने लक्ष्मी देवी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अंतर्जनपदीय तबादला नीति से शिक्षक असंतुष्ट, जताया विरोध

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** अंतर्जनपदीय स्थानांतरण नीति 2023 में बनी नीतियों के चलते सैकड़ों शिक्षकों का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण नहीं हो पाया। जिसकों लेकर शिक्षकों ने बैठक कर आगे की रणनीति तय की है। बांकेगंज ब्लाक के शिक्षको ने रविवार को सीएचसी परिसर में बैठक की। बैठक में यज्ञ नरायन विश्वकर्मा ने कहा कि अंतर्जनपदीय स्थानांतरण 2023 में महिला शिक्षिकाओं को भारांक अंक 10 दिया गया, साथ ही यदि पति पत्नी सरकारी सेवा में हैं तो उनको भी 10 अंक दिया गया। जबकि पुरुष शिक्षक को प्रति वर्ष सेवा का 1 अंक मिलता है। इससे भारांक अंक में महिलाओं को 1 वर्ष का 21 अंक और पुरुष का मात्र 1 अंक रहता है। जबकि भारांक विहीन सामान्य शिक्षक को 15 वर्ष सेवा का 15 अंक मिलता है, जो सामान्य पुरुष के लिए अधिकतम अंक है जबकि बहुत से जिलों में स्थानांतरण मेरिट 20 अंक या अधिक जाती है, इस तरह भारांक विहीन सामान्य पुरुष का स्थानांतरण कभी नही हो पाएगा। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण नीति 2023 में महिला शिक्षिकाओं को सेवा वर्ष के अतिरिक्त 10 अंक दिया गया जबकि पूर्व स्थानांतरण नीति 2019 में 5 अंक ही थे और 2015 मेंअंतर्जनपदीय स्थानांतरण वरिष्ठता के आधार पर किया गया था। भारांक विहीन शिक्षक पिछले 10 वर्षों से दूसरे जिले में सेवा दे रहे हैं। जिससे उनके जिले में उनकी वरिष्ठता कम हो रही है। शिक्षकों ने बैचवार अंतर्जनपदीय स्थानांतरण करने की मांग की है। इस मौके पर अशोक चौधरी, अनिरुद्ध दिवदी, बच्चू लाल, अखिलेश प्रताप सिंह, महेन्द्र कुमार, अश्वनी कुमार पाण्डेय, गुरुवन्द्र सिह, बालिस्टर कुमार, अजीत प्रताप सिंह, अरविन्द कुमार यादव, प्रदीप कुमार, अनुज कुमार, राजकुमार, प्रभात गुप्ता, कपिल त्यागी, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्री रामलीला मैदान में खिलाड़ियों को बांटीं गई बेल्ट

- पलिया ताइक्वांडो एकेडमी ने आयोजित किया कार्यक्रम

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पलिया ताइक्कांडो एकेडमी द्वारा श्री रामलीला मैदान पर बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम एकेडमी के खिलाड़ी कुशाग्र प्रजापति द्वारा ब्लैक बेल्ट के लिए दिए गए टेस्ट में स्टांस, फण्डामेंटल, पूमसे, सेल्फ डिफेंस, किकिंग, फायर टायल ब्रेकिंग, बोर्ड ब्रेकिंग, वेपन डिफेंस का शानदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में चीफ कोच प्रदीप कुमार व पलिया कोच अरुण तिवारी द्वारा अपने अपने वर्ग में क्रमशः रिधिमा गुप्ता (वैष्णवी) को रेड बेल्ट, राजनंदिनी (आभा) और



राधिका को ब्लू वन बेल्ट, राजवीर गुप्ता और युवराज को ब्लू बेल्ट पास करने वाले खिलाड़ियों को बेल्ट पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एकेडमी के सबसे सीनियर खिलाड़ियों अरहम रंजन व अरिहंत रंजन पटेल जोकि ब्लैक बेल्ट पास कर चुके हैं उन्हें कोच प्रदीप कुमार द्वारा ब्लैक बेल्ट पहनाकर सम्मानित किया गया। पलिया ताइक्कांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने अभी हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। लखीमपुर ताइक्कांडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कल्पना झा, दिनेश कुमार, सीनियर खिलाड़ी चन्दन कुमार, प्रवर अवस्थी, ब्लैक बेल्ट अरहम रंजन, ब्लैक बेल्ट अरिहंत रंजन, रिधिमा, कुशाग्र आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। पलिया ताइक्कांडो प्रशिक्षक अरुण तिवारी और चीफ कोच प्रदीप कुमार ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# डेंगू बुखार से 18 वर्षीय किशोर की हुई मौत

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड बांकेगंज ग्राम बोझिया- संसार पुर में डेंगू तेजी से पांव पसार रहा है। डेंगू की चपेट में आकर एक किशोर की मौत हो गई। डेंगू की पुष्टि निजी पैथोलॉजी की जांच में हुई है।

गांव बोझिया निवासी 18 वर्षीय रितिक पुत्र अमरीक वर्मा को लगभग 8 दिन पूर्व से बुखार आ रहा था बुखार का इलाज परिजनों ने कस्बा संसारपुर में एक निजी अस्पताल में चार दिन तक इलाज लेते रहे फायदा न होने पर गोला गोकर्णनाथ में एक निजी अस्पताल मे इलाज चालू करवाया जहां पर प्राइवेट पैथोलॉजी पर जांच कराई तो डेंगू की पुष्टि हुई। अस्पताल के इलाज से हालत मे कुछ



सुधार होने पर परिजन उसे रविवार देर शाम घर लिए आ रहे थे, रास्ते में रितिक की मौत हो गई। रितिक दो भाई थे जिसमे रितिक बड़ा था जिसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चाचा मुकेश ने बताया कि जांच में डेंगू की पुष्टि हुई थी। गांव में कई लोग बुखार की चपेट में हैं।

# द्वितीय कार्निवल में एसएचएम अकादमी में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** इंडियन एमैक्राइन फाउंडेशन के तत्वधान में द्वितीय स्पोट्स कार्निवल का आयोजन एसएचएम एकेडमी सिकंद्राबाद में संपन्न किया गया। जिसमें क्षेत्र से विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें यूडीसीए, द मिलेनियम स्कूल लहरपुर, सीक्रेट हार्ट अकैडमी पुवायां, डीजी मेमोरियल अकादमी अलीगंज, यूपीएस बैहरवा, यूपीएस देवकली, स्कोरवेल इंटरनेशनल स्कूल तथा एमपीएस मोहम्मदी से लगभग 350 बच्चों ने ताइक्कांडो, बैडमिंटन, कबड्डी, खो खो तथा वॉलीबॉल में प्रतिभाग कर अपना दम खम दिखाया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ कौशल वर्मा (सनशाइन हॉस्पिटल) और दूसरे दिन पालिका अध्यक्ष रिंकू शुक्ला रहे। प्रतियोगिता में अंडर 14 बालिका वर्ग में एसएचएम एकेडमी प्रथम, यूडीसीए द्वितीय, अंडर 14 कबड्डी बालक वर्ग में यूडीसीए प्रथम, एसएचएम द्वितीय और सीक्रेट हार्ट तृतीय, खो खो अंदर 14 बालिका वर्ग में यूडीसीए प्रथम, मिलेनियम एकेडमी द्वितीय, वालीबाल अंदर 17 में डीजी मेमोरियल प्रथम, सेक्रेड हार्ट द्वितीय, एसएचएम एकेडमी तृतीय रही, बैडमिंटन में हर्षिता प्रथम, अंशप्रीत द्वितीय और अपूर्वा तृतीय रही।ताइक्कांडो बालक वर्ग में गोविंद प्रथम, हिमांशु द्वितीय, बालिका वर्ग में ओमकार प्रथम, नवदीप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में निशांत वर्मा, ऋषि, पांडे, प्रियम पांडे, संतोष कुमार, स्नेही, सरताज, अदीप सिंह, पंकज कुमार आदि ने निर्विरोध प्रतियोगिता को संपन्न कराया। प्रतियोगिता के समापन पर संस्था के सचिव शिवा गुप्ता ने बताया कि उनकी संस्था इसी प्रकार अलग-अलग क्षेत्र में बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए इस तरह के आयोजन करती रहेगी। संस्था के अध्यक्ष शाहबाज अली, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, प्रधानाचार्या आशा तिवारी, मैनेजिंग डायरेक्टर अभय प्रताप भदौरिया, संचालक संजीव दीक्षित, अतिथि अंकुर वर्मा और संस्था के सदस्य शरद सिंह, प्रांजल गुप्ता, वालीउल्लाह मंसूरी, आर्यन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# घायल अवस्था में सांप को ले जाकर कराया ईलाज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सांपों को बचाने का जुनून ऐसा कि अपनी जान की चिंता किए बिना ही वह जहरीले सांपों को घायल देखकर भी उनका इलाज खुद ही करता है। अधिक घायल होने पर वह सांपों को अस्पताल भी लेकर जाता है। उनकी अनोखी पहल ने सांपों के प्रति लोगों की सोच बदलने का प्रयास किया है। यह कहानी है फूलबेहड़ ब्लाक के गांव मुकुंदा के युवक कुंज बिहारी की। इनको घायल सांपों को बचाने उनका इलाज करने का जुनून है। इनका कहना है कि सूचना पर यह कोई भी घायल जानवर हो सभी की देखरेख करते हैं लेकिन सांपों को बचाने में विशेष रुचि रखते हैं।

**पशु चिकित्सालय ले जाकर कराया इलाज:** अपने आप को सर्प मित्र बताने वाले कुंज बिहारी ने बताया कि रविवार को एक घायल सांप उनके गांव से कुछ दूर



सड़क किनारे घायल अवस्था में दिखाई दिया, उसकी पीठ से खून निकल रहा था। उन्होंने उसको एक पुरानी पैंट में रखा और घर लाकर दवा लगाई लेकिन सांप को चलने में दिक्कत देखकर वह अपने एक मित्र के साथ लखीमपुर जिला पशु चिकित्सालय पहुंचे और सांप का उपचार कराया। सांप के इलाज के दौरान लोगों की भीड़ लग गई।

**चोट में लगाए गए टांके:** जिला पशु चिकित्सालय में मौजूद वेटरनरी फार्मासिस्ट वीरेंद्र वर्मा ने सांप का इलाज किया। उन्होंने बताया कि उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई है। जो चोट है उसमें टांके लगा दिए हैं और बुधवार को उपचार के लिए फिर बुलाया है। उन्होंने बताया कि इंजेक्शन भी लगाना पड़ा है। उनका कहना है कि यह सांप घोड़ा पछाड़ नाम से जाना जाता है। इसकी लंबाई 12 फीट से लेकर 15 फीट तक होती है। यह सांप घोड़े से भी तेज दौड़ने की क्षमता रखता है।

# शहरवासियों को दिलाई जाए जाम की झाम से निजात

- दुर्घटना होने पर पीड़ित परिवार को चीनी मिल से दिलाया जाए 20 लाख का मुआवजा
- काली राख पर लगाई जाए तत्काल रोक
- मैजिक और मारुति अड्डे को किया जाए शहर से बाहर

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने शहर की कई समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार को दिया। जिसमें गन्ना वाहनों से लगने वाली जाम, चीनी मिल की काली राख आदि समस्याएं प्रमुख है।

सोमवार को हिंदू शेर सेना ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में संज्ञान कराया। कि गन्ना भरे वाहनों से विकास चौराहे पर लगने वाली जाम की समस्या से छुटकारा दिलाया जाए, जाम से होने वाली दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक आश्रित को कम से कम 20 लाख रुपया मुआवजे के रूप में मिल प्रबंध तंत्र से दिलाए जाए, बस स्टैंड मैजिक अड्डा और मारुति का संचालन से जाम की बड़ी समस्या उत्पन्न होती है। जिन्हें नगर के बाहर से संचालित कराया जाए, चीनी मिल की काली राख बड़े पैमाने पर गिर रही है जिस पर रोक लगवाई जाए।

साथ ही नगर के अंदर संचालित मीट मुर्गे की दुकाने मानक के अनुसार संचालित करने एवं मानक के अनुरुप ना होने पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर जिला प्रभारी अशोक कुमार मुन्ना, जिला उप प्रमुख अनूप गुप्ता, नगर अध्यक्ष मोहित राठौड़, नीरज तिवारी, रंजन कश्यप, अचल राठौर सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

# पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का मंत्री ने किया शुभारंभ

- फुटबॉल टूर्नामेंट में 34 टीमें कर रही हैं प्रतिभाग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने खेलेगा कन्नौज, दौड़ेगा कन्नौज पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के अन्तर्गत सोमवार को बोर्डिंग ग्राउण्ड में टॉस उछालकर टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया खेलो के तहत युवाओं को प्रोत्साहित किया है और योगी ने युवाओं को आगे बढ़ने के लिये राह दिखाई है। कहा कि यह 05 दिवसीय प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता में



हमारे बेटे और बेटियां फुटबाल का आनन्द ले रहे हैं। जिसमें 34 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। कहा कि प्रतियोगिता के समाप्त होते ही बच्चो के लिये कोचिंग की व्यवस्था की जायेगी। जिसमें दो बैच में एक-एक घंटे सायं को फुटबाल का अभ्यास कराया जायेगा, बच्चे एक-एक दिन के अन्तराल में आयेंगे। कहा कि जल्द ही बालीवाल बास्केटबॉल कोचिंग की भी व्यवस्था की जायेगी। बास्केट बॉल हेतु शहर के अन्दर सरकारी भूमि का चिन्हांकन किया जा रहा है। जिसमें जाल, लाइटिंग आदि की पूर्ण की व्यवस्था रहेगी। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, विवेक पाठक सहित खिलाड़ी आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** तिलक समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल होकर घायलावस्था में घटनास्थल पर पड़ा रहा। सुबह होने पर घायल होने की सूचना घर परिवार के लोगों को मिली। उपचार के लिए उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया। क्षेत्र के जसोदा निवासी चांद कुशवाहा पुत्र स्व. श्यामसुंदर कुशवाहा रविवार रात अपने रिश्तेदारी से तिलक समारोह हंसापुर के पास भरतापुर से वापस लौट रहा था। तभी बीती रात अटारा मोड़ पर पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया और पूरी रात को वहीं पर पड़ा रहा है। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो उसकी जेब की तलाशी ली। तब उसके जेब से आधार कार्ड निकला। उसके बाद उसके परिजनों को जानकारी दी। घायल को एम्बुलेंस की सहायता से मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

# पशु क्रूरता करने वाले पच्चीस हजार के इनामिया को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सौरिख पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 25000 रुपये के इनामिया अभियुक्त नीरज कुमार दोहरे पुत्र स्व. सुरेश चन्द निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया को ग्राम नगला हंसे रोड़ से पुरस्कार घोषित/वांछित अभियुक्त नीरज कुमार दोहरे उपरोक्त को सम्बन्धित गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत



किया गया था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 25,000 रुपये का पारितोषिक घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पहले से विभिन्न जनपदों में कई मुकदमें दर्ज है।

# आशा बहुओं ने धरना-प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

- आशाओं ने राज्य कर्मचारी बनाएं जाने सहित कई मांग की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यालय पर एक बार फिर आशा बहुओ ने धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर धरना दिया। मांग पूरी होने पर धरना खत्म करने की बात कही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बाहर आशाओ ने काफी संख्या में पहुंचकर धरने की शुरुआत की। आशाओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने पांच सूत्रीय मांग में राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए, हर



महीने मानदेय, हर आशा को 50 लाख का जीवन बीमा, प्रशव केंद्र पर रुकने के लिए आवास की व्यवस्था और साथ ही पेंशन देने की मांग की। आशाओं ने एकजुट होकर धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर पांच सूत्रीय मांग पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया।

# नगर पालिका दुकानदारों को बसाने के लिए गुणवत्ताविहीन नालियों का करा रहा है निर्माण

**मौदहा, हमीरपुर।** आमजन को जाम के झाम से निजात दिलाने और कस्बे में सुंदरी करण के नाम पर नगरपालिका द्वारा जमकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। नगरपालिका द्वारा कोई निर्धारित मानक न तय कर सिर्फ नाली को ही मानक मानकर अतिक्रमण हटाने का काम किया था जो कहीं चार फीट तो कहीं चौदह फीट रहा था। जल संस्थान की बाउंड्री से जोड़कर नाली निर्माण किया गया है लेकिन सबसे विचित्र बात यह है कि नगरपालिका द्वारा सिर्फ एक साईड पर बिना छपाई के नाली का निर्माण किया गया है जबकि दूसरे साईड जो आवश्यक है नाली नहीं बनाने को लेकर कस्बे में तरह तरह



की चर्चाएं हो रही हैं और लोग खुल कर नगरपालिका द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की गाथा गाते नहीं थक रहे हैं। अवैध अतिक्रमण के नाम पर हटाए गए टीन टप्परों और गुमटियों को फिर से अधूरी बिना छपाई की बनी नालियों और अधूरी बनी सड़क पर बसाया जा रहा है जो लोगों के गले नहीं उतर रहा है इस सम्बंध में अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने बताया कि अवैध अतिक्रमण हटाने का काम नगरपालिका द्वारा किया गया है। अब अगर कोई दोबारा से डब्बा रख रहा है तो वह जल संस्थान का काम है। जलसंस्थान के जेई विश्वलेंद्र ने बताया कि अगर हमारी बाउंड्री वाल के अंदर कोई अतिक्रमण होता है तो वह हमारी जिम्मेदारी है।

## सूचना


मैं संतोष रस्तोगी पत्नी श्री हरिओम रस्तोगी निवासी 4/15 महिपाल नगर जिला रायबरेली अपने पुत्र आलोक रस्तोगी पुत्र हरिओम रस्तोगी के चाल-चलन व उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे सारे संबंध समाप्त करती हूं । अब वह अपने कृत्यों का स्वयं उत्तरदायी होगा। यदि वह भविष्य में कोई अपराधिक या अनैतिक कार्य करता है, तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

# विश्वास के साथ विकास सरकार की प्राथमिकता

## गरीब व पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का दिलाएं भरपूर लाभ : केशव प्रसाद मौर्य

समृद्धि न्यूज

▸ यूपी का हो रहा सर्वांगीण विकास : मौर्य



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सर्किट हाउस में मेरठ के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिया, जनप्रतिनिधियो के साथ समय-समय पर बैठक कर एवं समन्वय बनाते हुये बताये गये कार्यों को प्राथमिकता दी जाये। समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशो का शत-प्रतिशत अनुपालन कराते हुये आख्या प्रस्तुत की जाये। विश्वास के साथ विकास करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, उसी के अनुरूप कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर जनपद में समस्त विभागो द्वारा किये गये कार्यों की उप मुख्यमंत्री द्वारा सराहना की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। विश्वास के साथ विकास करना सरकार की प्राथमिकता है।उत्तर प्रदेश में प्रगति के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभागीय अधिकारी पहले एवं अंतिम रविवार को सफाई अभियान चलायें।नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब एवं पात्र लाभार्थियो को सरकार की योजनाओ का भरपूर लाभ दिलाया जाये।

हर घर नल से जल योजना अंतर्गत पाईप लाईन बिछाये जाने के कार्य के पश्चात् सड़क मरम्मत ठीक से न करने की शिकायते मिलती रहती है, इसको गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही की जाये। ऐसा प्लॉन तैयार करें कि जो फर्म कार्य कर रही है, वह मरम्मत के लिए पैसा जिस विभाग की सड़क है उसको दें और वही विभाग उस सड़क को ठीक कराये। इस प्रकार के मॉडल की शुरूआत मेरठ से की जा सकती है, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से देशव्यापी स्वच्छता अभियान लगातार चल रहा है तथा जनपद स्तर पर भी स्वच्छता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते है, सभी विभागीय अधिकारी जनपद स्तर पर पहले एवं अंतिम रविवार को सफाई अभियान कार्यक्रम चलाये।

प्रयागराज के संगम तट पर दिव्य, भव्य एवं स्वच्छ महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महाकुंभ की समग्र रूप से तैयारी की जा रही है, जनपद से समूह दीदी एवं अन्य लोगो की सहभागिता हेतु प्लॉनिंग की जाये तथा जनपद स्तर पर महाकुंभ का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये। बैठक में जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिये।

**प्रतिबद्धता से काम कर रही है भाजपा सरकार**

हमारी सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री द्वारा उल्लिखित समाज के चार वर्गों के उत्थान व विकास हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। अधिकारी इसको ध्यान में रखते हुये और अच्छा क्या हो सकता है, प्लॉनिंग बनाते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। सीएसआर फंड से समूह की महिलाओ द्वारा फूलों की खेती कराये जाने के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुये बताया गया कि समूह दीदी को लखपति दीदी बनाया गया है, जिसपर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की योजनाओ से महिला समूहो को सशक्त करने हेतु कार्यक्रम को आगे बढाया जाये तथा जनपद में किये गये इस प्रकार के नवाचार से शासन को रिपोर्ट भेजते हुये अवगत करायें। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब एवं लक्षित लाभार्थियो को सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाया जाये। पीएम आवास शहरी योजना की समीक्षा की जाये तथा लाभार्थियो को लाभ दिलाया जाये। यदि किसी भी स्तर पर गडबडी संज्ञान में आती तो जांच कर एंटी करप्शन टीम के माध्यम से कार्यवाही की जाये। शहरी एवं नगरीय क्षेत्र में अमृत सरोवर को पूर्व स्वरूप में लाया जाये, जहां भी अतिक्रमण है ,उस पर कार्यवाही की जाये। घरौनी वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत कहीं पर भी गलती हुई है, तो उसको सुधारा जाये।

# पुलिस ने संभल जाने से रोका तो धरने पर बैठे कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने की नारेबाजी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संभल में हुई घटना की जानकारी लेने के लिए कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आज संभल जाने का ऐलान किया था। लेकिन अब उनके जाने पर रोक लगा दी है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को लखनऊ कांग्रेस मुख्यालय पर हाउस अरेस्ट किया गया था। मुख्यालय के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अजय राय संभल जाने का प्रयास कर रहे है। जिसके चलते वह धरने पर बैठ गए है। कार्यकर्ता पुलिस व प्रशासन के खिलाफनारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे हैं। बता दें कि कांग्रेस का डेलीगेशन आज संभल जाने वाला था।

यूपी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस नेता ने जाने का ऐलान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष के साथ दर्जनों कांग्रेस नेता वहां जाने के लिए पहुंचे हैं। रातभर यह सभी नेता मुख्यालय पर रहे थे और आज संभल जाने वाले थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें पार्टी कार्यालय के गेट पर ही रोक लिया है। जिसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी नेता संभल जाने की जिद पर अड़ गए और धरने पर बैठ गए। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जमकर पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रही है।

पुलिस व पीएसी के जवान उन्हें जबरन उठाने की कोशिश कर रहे हैं। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे हैं। सुबह ही पुलिस भारी मात्रा में कार्यालय के बाहर पहुंच गई थी। कार्यालय की तरफजाने वाले मार्गों पर रोक लगा दी गई है। संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद यहां शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने 10 दिसंबर तक बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा की अवधि भी एक दिसंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेसीया ने कहा था कि कोई भी बाहरी व्यक्ति, अन्य सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि जनपद की सीमा में बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के 10 दिसंबर तक प्रवेश नहीं करेगा।

## खबरें एक नजर में

### युवती ने आठ लोगों पर लगाया गैंगरेप का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई थाना क्षेत्र में एक युवती ने आठ लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। युवती के बयान के बाद थाने में अज्ञात आठ लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गयी है। अपहरण के स्थल पर पुलिसकर्मियों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पीजीआई थाना के निरीक्षक रवि शंकर त्रिपाठी ने सोमवार को यह बताया कि वर्तमान समय में महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार के मामलों को लेकर लखनऊ पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। कृष्णानगर की रहने वाली युवती के तहरीर पर तत्काल एफआईआर दर्ज करा के थाने और स्थानीय पुलिस चौकी की दो टीमों को मौके पर लगाया गया है। युवती के अनुसार वह अपने मित्रों के साथ एक रेस्टोरेंट के बाहर निकली और बाद में कैब का इंतजार करने लगी। तभी दो वाहनों से आये आठ लोगों ने उसे अपहरण कर लिया। उसे कहीं दूर ले जाकर बारी-बारी से उसका रेप किया। घटना को अंजाम देने के बाद उसे तेलीबाग क्षेत्र में छोड़कर सभी आरोपित भाग गये। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले में गम्भीरता से लगी है, जल्द ही आरोपितों गिरफ्तारी करेगी।

### एक लाख घूस लेते जूनियर इंजीनियर गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विजिलेंस टीम ने हरदोई पीडब्लयूडी में तैनात जेई को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वह ठेकेदार से बिल पास करने के नाम पर 10 लाख की रिश्वत मांग रहा था। ठेकेदार महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने विजिलेंस में शिकायत की थी। उनका कहना था कि पीएमजीएसवाई योजना के तहत सड़क बनवाई थी। जिसका 40 लाख भुगतान होना था। हरदोई की सीडी-2 पीएमजीएसवाई योजना में तैनात जेई सतेंद्र यादव बिल भुगतान के लिए 10 लाख मांग रहा है। जेई का कहना था कि बिल बढ़ा कर बनाया है। इसलिए मेरे हिस्से के 10 लाख देने होंगे। इसमें हमको सहायक अभियंता को भी समझना है। एसएसपी विजिलेंस मुख्यालय डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने बताया कि जांच में आरोप सही पाए गए। जिसके बाद जेई सतेंद्र यादव सोमवार को रिश्वत की पहली किश्त देने के बहाने लखनऊ बुलाया गया। उसको ट्रैप कर एक लाख रिश्वत लेते हुए दुबग्गा से पकड़ा है। उसके खिलाफ लखनऊ सेक्टर में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सिंचाई चालक संघ का 17 दिसम्बर को प्रान्तीय प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय वाहन चालक संघ सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश ने प्रान्तीय धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। प्रान्तीय पदाधिकारियों की बैठक में 17 दिसम्बर को कार्यालय प्रमुख अभियंता विभागाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन कार्यालय के समक्ष गेट नम्बर दो पर प्रान्तीय धरना दिया जाएगा। संघ की प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद और संचालन प्रान्तीय मंत्री ओरीलाल ने किया। बैठक के बाद जानकरी देते हुए संगठन मंत्री कैलाश साहू ने बताया कि कई मांगो पर पूर्व में हुए समझौते के बाद भी आदेश जारी न होने से चालक संवर्ग में रोष व्याप्त है। ऐसी स्थिति में संघ द्वारा आन्दोलन का निर्णय लिया गया। आन्दोलन का नोटिस विभागाध्यक्ष को प्रेषित किया गया है। संघ की मुख्य मांगों में वाहन चालकों के रिक्त 70 प्रतिशत पदों पर तत्कल भर्ती, सहमति के अनुसार पुराने वाहनों की जगह नए वाहनों की खरीद, टैक्सी प्रथा समाप्त कर, विभागीय कार्मिकों के रिश्तेदारों के वाहनों पर प्रतिबंध, आउटसोर्सिंग चालकों को नियमानुसार सुविधाए प्रदान की जाए। बैठक में दिलीप चन्द्र रावत, सुनील कुमार, संतोष कुमार पाण्डेय, रामप्रताप, अनिल कुमार मिश्रा, नीरज विमल और मेघपाल सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सचिवालय प्रशासन ने किया निजी सचिव मनोज कुमार का प्रमोशन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन ने निजी सचिव श्रेणी-एक के पद पर कार्यरत मनोज कुमार प्रथम निजी सचिव श्रेणी-दो पर प्रमोशन कर दिया है। ज्वाइंट सेक्रेटरी सचिवालय प्रशासन अशोक कुमार मिश्र के मुताबिक श्रेणी-एक के पद पर तैनात मनोज कुमार -1 को नियमित चयन के फलस्वरूप निजी सचिव श्रेणी-दो, वेतनमान मैट्रिक्स लेबल-11 (रू.67700-208700) के पद पर प्रोन्नत कर मौलिक रूप से नियुक्त किया गया है। आदेश 01 दिसंबर 2024 से प्रभावी है।

### एलडीए का लाल निशान देख किसान की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एलडीए का लाल निशान देख किसान की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने गांव में प्रदर्शन किया। मौके पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर भी पहुंचे। उन्होंने मृतक किसान हीरालाल के परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान कौशल किशोर ने स्व। के अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। कहा आबादी में आने वाले कोई भी मकान नहीं गिरेंगे। आप लोग यहां के लोगों को बेवजह परेशान न करें। मंत्री ने परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। इधर पुलिस ने समझा बुझाकर कर मृतक का अंतिम संस्कार कराया।

### वी-2 मार्ट में आग, फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में तेलीबाग बाजार में स्थित वी-2 मार्ट (कपड़े का शोरूम) में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के समय स्टोर बंद था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझने में जुटे। शुरुआती जांच में आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर पीजीआई इंस्पेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी और फायर स्टेशन प्रभारी मौजूद हैं। कोई जनहानि नहीं हुई है। दमकल की तीन गाड़ियों ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। शोरूम के दूसरे फ्लोर पर आग लगी। ग्राउंड फ्लोर सुरक्षित था। जिस समय हादसा हुआ, दुकान के भीतर कोई नहीं था। इसकी वजह से किसी को परेशानी नहीं हुई।

### तेज रफ्तार ट्रक ने पति-पत्नी को रौंदा, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज में तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई। हादसा गोसाईगंज कस्बा में शाम 5 बजे के आसपास हुआ है। मृतक कुशमेश कन्नौजिया (40) और पत्नी आरती (38) बाराबंकी के रहने वाले हैं। दोनों स्कूटी से सेखना घाट स्थित घर से बेटी प्रज्ञा, प्रतिज्ञा और बेटे सौरभ के साथ लखनऊ आ रहे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में दोनों बेटियां सुरक्षित हैं। बेटे सौरभ का सिर फट गया है। उसका इलाज सीएचसी में चल रहा है। पुलिस ने ट्रक को सुशांत गोल्फसिटी के पास से पकड़ लिया

### नाट्य मंचन एड्स जागरूकता फैलाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एड्स एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सोमवार को गोमती नगर स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया संस्थान में छात्रों द्वारा नाट्य मंचन किया गया। इस अवसर पर जय पुष्पा कॉलेज के छात्रों ने एक नाटक का मंचन किया गया, जिसमें उन्होंने एड्स के फैलाव से बचने के उपायों को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने एड्स के संक्रमण के कारणों को बताया गया। इसके बचाव के तरीकों, सुरक्षित यौन संबंधों और समय पर परीक्षण कराने की अहमियत को भी बताया गया। इस मौके पर उपस्थित दर्शकों को एचआईवी संक्रमण के बारे में जरूरी जानकारी दी।

# हर जोन में 100 वेंडिंग जोन बनाए जाने के निर्देश

**फ्लाईओवर के नीचे व्याप्त अतिक्रमण पर असंतोष तत्काल कार्रवाई के निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में कार्यकारिणी (कामकाजी कार्यकारिणी) की बैठक नगर निगम मुख्यालय स्थित राजकुमार हॉल में नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्यों एवं नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में सम्पन्न की गई।उक्त बैठक में नगर के विकास से संबंधित तमाम मुद्दों पर चर्चा व जनहित के लिए तमाम कार्यों को संपादित किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में शहर के हर फ्लाई ओवर के नीचे अतिक्रमण पर भारी रोष जाहिर करते हुए महापौर ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में नगर में व्याप्त अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए।

नगर के फ्लाईओवरों के नीचे व्याप्त अतिक्रमण पर असंतोष व्यक्त कर महापौर ने जिम्मेदारों से जवाब तलब किया। जिस पर नगर आयुक्त द्वारा प्रभावित क्षेत्रों के जोनल अधिकारी एवं एक्ससीएन को तत्काल प्रभाव से जगह चिन्हित कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। ऐसे प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में जोनल अधिकारियों को 15 दिवस के भीतर कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत एक शपथ पत्र प्रेषित किये जाने के आदेश भी दिए गए। नगर में अवैध अतिक्रमण कर्ताओं के विरुद्ध चालान कोर्ट के माध्यम से किये जाने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में सदस्यों एवं पार्षदों द्वारा अपने अपने वार्डों में पेय जल, सीवर लाइन एवं समर सेबल की मरम्मत जैसी समस्याओं से अवगत कराया गया। इन समस्याओं के निस्तारण हेतु महापौर द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले में एक माह के विलंब होने पर जिम्मेदारों की फटकार लगाते हुए जवाबदेही तय किये जाने की बात कही गयी। बैठक में समस्त कर्मचारियों का वेतन महीने की 7 से 10 तारीख तक आने के मामले पर महापौर द्वारा इस प्रक्रिया को अमल में लाये जाने के निर्देश दिए गए। जिस पर मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी ने कहा कि ई-वेतन को क्रियान्वित करने के लिए कार्यदायी संस्था को अपने कर्मचारियों का आधार कार्ड, फोटो, बैंक डिटेल वगैरा देना होगा और हम इसके माध्यम से डायरेक्ट कर्मचारी के खाते में वेतन भेज सकते हैं इससे हम यह भी देख सकते है कि वेतन पहुंचा या नहीं। हम अगले महीने तक यह प्रक्रिया शत-प्रतिशत क्रियान्वित कर लेंगे।मृतध्रिटायर्ड कर्मचारियों के कटआफ डिसाइड करने को आवश्यक बताते हुए सहमति जाहिर की गई इसका निर्णय जोनवार कमेटी बनाकर किया जाएगा। नगर निगम की भूमियों को कब्जा मुक्त करवाने के पश्चात पुनः कब्जा किये जाने की शिकायतों पर महापौर द्वारा अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को एक माह के भीतर ऐसी भूमियों पर पुनः नगर निगम का बोर्ड एवं तारबाड़ लगाकर विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित किये जाने के निर्देश दिए गए।

## महिला आयोग अध्यक्ष ने किया वीरांगना झलकारी बाई अस्पताल का निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान हजरतगंज पहुंचीं। यहां उन्होंने वीरांगना झलकारी बाई अस्पताल का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत की। इस दौरान होने वाली समस्याएं भी पूछीं लेकिन कोई शिकायत नहीं मिली। बबीता सिंह ने कहा अस्पताल में बेहतर सुविधा दी जा रही है। सफाई व्यवस्था, दवाओं का स्टॉक पर्याप्त है। बबीता सिंह ने कहा अस्पताल में मुख्य समस्या जगह की कमी है। पर्याप्त जगह न होने के कारण मरीजों को असुविधा होती है। ट्रैफिक जाम लग जाता है। शहर के बीच में अस्पताल होने की वजह से मरीज भी बड़ी संख्या में आते हैं। जगह की कमी होने के कारण मरीजों को वापस जाना पड़ता है। हमारा प्रयास है कि अस्पताल की कुछ यूनिट शिफ्ट किया जाए। बीते दिनों जारी किए गए प्रस्ताव के संबंध में बबीता सिंह ने बताया कि 15 दिसंबर इसकी डेड लाइन है।

# नगर निगम सदन में मुलायम की प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव पर हंगामा

समृद्धि न्यूज

▸ सपा पार्षद व सदस्य सुरेंद्र ने कार्यकारिणी का किया बहिष्कार

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम की सोमवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में पार्षदों ने हंगामा किया। बैठक शुरू होते ही सपा के पार्षदों ने मुंशी पुलिया पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की आदमकद प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव दिया, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। जिसके बाद सपा पार्षद और कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र वाल्मीकि और शबा हसन ने कार्यकारिणी का बहिष्कार कर बाहर निकल गए।

इधर, 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म का पेमेंट करने से निगम लेखाकार ने मना कर दिया। हाल में महापौर सुषमा खर्कवाल ने पार्षद और नगर निगम अफसरों को 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म दिखाई थी। इसके करीब 200 फिल्म टिकट और स्नैक्स का 46 हजार रुपए पेमेंट नगर निगम के खाते से होना था। बैठक में निगम लेखाकार ने कहा कर्मचारियों को फिल्म दिखाने व अन्य खर्चों के भुगतान का प्रावधान नहीं है। इसका भुगतान निगम के खजाने से नहीं किया जाएगा। सुरेंद्र वाल्मीकि ने कहा सामान्य कार्यकारिणी की बैठक हुई, लेकिन किसी विषय पर निष्कर्ष निकलता नहीं दिखा है। पूर्व मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के नाम पर मुंशी पुलिया का नाम करने, उनकी आदम कद प्रतिमा लगाने और इस्माइल गंज प्रथम वार्ड मुलायम सिंह के नाम पर करने का प्रस्ताव रखा था। लेकिन मेयर ने नहीं सुना। उनका कहना है कि इसके पहले पूर्व में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह सहित अन्य लोगों के नाम पर प्रस्ताव स्वीकार किए गए हैं। प्रस्ताव स्वीकार नहीं होने पर कार्यकारिणी का बहिष्कार किया गया है।

# मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र व 17 सेवानिवृत्त कार्मिकों को दी गई विदाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर निगम में जहां 05 मृतक आश्रितों ने नई जिम्मेदारी की शुरुआत के साथ 17 निष्ठावान कर्मचारियों ने अपनी सेवा समाप्त कर नगर निगम से विदाई दी गई।

इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, उपसभापति गिरीश गुप्ता, पार्षद मुकेश कुमार मोंटी एवं नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं ललित कुमार द्वारा आयोजन में मौजूद नवनियुक्त कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त होने वाले समस्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। लखनऊ नगर निगम विभिन्न संवर्गों में सेवारत कर्मचारियों की आकस्मिक रूप से देहान्त होने की दशा में मृतक आश्रित के जीवन यापन में सहायता हेतु सेवा में लिये जाने का प्राविधान है। उक्त प्राविधानो के अतंर्गत प्राप्त आवेदन एवं समस्त औपचारिकताएं व नियमो का पूर्ण अनुपालन करते हुए निम्नलिखित कर्मियों को सेवा में लिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।मुख्यालय स्थित राजकुमार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा मृतक आश्रितों उमर जुबैर पुत्र स्व. मो. जुबैर हारून, रवि सागर पुत्र स्वर्गीय दयाराम, गुलशन जहाँ पत्नी स्व. मो. शफीक, अंजली पत्नी स्व. गिन्नी लाल, कौशल कश्यप पुत्र स्व. देवी प्रसाद को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। महापौर के हाथों से नियुक्ति पत्र पाकर सभी आश्रितों के चेहरे खुशी से खिल उठे और सभी ने महापौर का आभार भी व्यक्त किया। नगर निगम लखनऊ में विभिन्न पदों पर रह कर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वालेसुरेश चंद्र सिंह, अधिशाषी अभियंता, अवधेश कुमार, कर अधीक्षक, ज्ञान चंद्र, कर अधीक्षक, राम शंकर मिश्रा, चौकीदार, उमेश चंद्र, प्रधान माली, दिनेश, सफाई कर्मी, राजेन्द्र कुमार, गैंग कुली, श्रीमती विमला आदि सफाई कर्मी के सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी विदाई भी बड़ी धूमधाम से की गयी।

## नियुक्ति पत्र के लिए आयुर्वेद अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर आयुर्वेदिक अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विधानसभा का घेराव करने जा रहे हैं अभ्यर्थियों को पुलिस ने रोक दिया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने बताया कि 113 आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों को परिणाम घोषित होने के बाद भी नियुक्ति पत्र नहीं मिल रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि 2023 में 113 अभ्यर्थी चुने गए थे। एक साल बीत गए फिर भी नियुक्ति पत्र नहीं मिला। पत्र के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हर बार लोक सेवा आयोग की तरफ से आश्वासन मिलता है कि जल्द ही नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। 19 दिसंबर 2023 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा आयोजित की गई। इसके बाद परिणाम जारी किया गया। चयनित अभ्यर्थियों का 25-जून-2024 को दस्तावेज सत्यापन और स्वस्थ्य परीक्षण हुआ। नियुक्ति से सम्बन्धित सभी आवश्यक दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी नियुक्ति नहीं मिली।

# महाकुंभ 2025 में लगाया जाए पराग का स्टॉल

▸ पशुपालकों को दुग्ध मूल्य का नियमित रूप से किया जाए भुगतान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाकुंभ मेला 2025 में पराग का स्टाल लगाया जाए और गौजन्य पदार्थों से निर्मित वस्तुओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि विभाग के लिए सुनहरा अवसर है महाकुंभ के पावन अवसर पर विभाग अपनी उपयोगिता की सार्थकता को सिद्ध करे और वहां के श्रद्धालुओं को पराग के शुद्ध और स्वादिष्ट दूध, दही, लड्डू, मक्खन और अन्य पदार्थ सुलभ करा सके। पराग के उत्पादों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

उत्तर प्रदेश को श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर करना अब हमारा लक्ष्य होना चाहिए। पशुधन मंत्री ने ये निर्देश आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर 05 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाए। दुग्ध विकास विभाग का लक्ष्य प्रदेश की जनता को शुद्ध दूध उपलब्ध कराना है और दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों, पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का नियमित रूप से भुगतान कराना प्राथमिकता है। अधिकारियों को बंद पड़ी दुग्ध समितियों को पुनः चालू किये जाने और वर्तमान में संचालित समितियां किसी भी कारण से बंद न किये जाने पर विशेष बल दिया। नन्द बाबा एवं गोकुल पुरस्कार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभार्थियों की चयन सूची तैयार कर पुरस्कृत करने की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। दुग्ध विकास मंत्री ने कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज डेयरी प्लांट का संचालन एनडीडीबी को दिये जाने के संबंध में हुई प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि जो भी औपचारिकताएं शेष या अपूर्ण हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नई समितियों के गठन एवं पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारण किया गया है, उसे सुदृढ़ कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूरा किया जाए। अवगत कराया गया कि वर्तमान में 8227 कार्यरत समितियां हैं। पराग के उत्पादों की मार्केटिंग कर विशेष ध्यान दिया जाए। किसानों,पशुपालको को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जाए और विलम्ब न होने पाये। वर्तमान भुगतान के साथ ही बकाया धनराशि का भी भुगतान कर भुगतान प्रक्रिया को नियमित किया जाए। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रवीन्द्र नायक ने मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को समितियों की संख्या बढ़ाये जाने के संबंध में तत्परता से कार्य किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में गठन पुनर्गठन के सापेक्ष संचालित दुग्ध समितियां, दुग्ध समितियों द्वारा भ्रमण, डेयरी प्लांट की उपयोगिता क्षमता, दुग्ध उपार्जन, तरल दुग्ध बिक्री, बकाया दुग्ध मूल्य भुगतान आदि की गहन समीक्षा की गयी।

**निरीक्षण** | कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मध्य प्रदेश के ग्लोबल स्किल पार्क का किया दौरा

# युवाओं को रोजगारपरक कौशल देकर ही देश की प्रगति संभव

समृद्धि न्यूज



**भोपाल/लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मध्य प्रदेश के कौशल विकास मॉडल का अध्ययन करने और उसकी कार्यप्रणाली को समझने के उद्देश्य से भोपाल का दौरा किया। उन्होंने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) परियोजना के तहत विकसित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का निरीक्षण किया और वहां चल रही योजनाओं, नवाचारों और तकनीकी पाठ्यक्रमों की जानकारी ली। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मंत्री अग्रवाल का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री अग्रवाल ने स्किल पार्क की विश्वस्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक लैब्स और तकनीकी प्रशिक्षण केंद्रों की सराहना की।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मध्य प्रदेश की कौशल विकास रणनीतियों को अनुकरणीय बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश इनसे प्रेरणा लेकर अपने युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई योजनाएं लागू करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक देश तभी प्रगति करता है, जब उसके युवा कामयाब और सफल होते हैं। युवा ही देश की सबसे बड़ी पूंजी और असली संपत्ति हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें सफलता की नई बुलंदियों तक पहुंचाना है। उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को सशक्त, रोजगारपरक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्लोबल स्किल पार्क, जिसे एडीबी की सहायता से विकसित किया गया है, आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन और साइबर सिक्योरिटी में प्रशिक्षण प्रदान करता है। अत्याधुनिक लैब्स और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए तैयार कर रहे हैं। इस परियोजना का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान करना और भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, निदेशक नेहा प्रकाश, उप निदेशक मानपाल सिंह और मध्य प्रदेश के सचिव रघुराज राजेंद्र, निदेशक जी.एन. अग्रवाल, उप निदेशक आर.के. अवस्थी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आप विधायक की गिरफ्तारी अपराधियों व माफियाओं को संरक्षण का प्रमाण : संजय

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में नोटिस देकर दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर रोज गैंगवार, गैंगरेप, हत्या, लूट की घटनाएं हो रही हैं और व्यापारियों से अवैध वसूली हो रही है। अपराधियों की शिकायत करने वालों को ही उल्टा जेल में डाल दिया जा रहा है। आप विधायक को गिरफ्तार करा कर अमित शाह ने संदेश दिया है कि अपराधियों और माफियाओं के ऊपर उनका हाथ है।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि हमने दिल्ली की कानून व्यवस्था पर पहले भी नोटिस दिया था। आज फिर मैंने 267 का नोटिस दिया है। मैं चहता हूं कि दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था के ऊपर सदन में चर्चा कराई जाए।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।





हिंदू एडवोकेट फोरम के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में इकट्ठा हुए। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद हो, इस्कान संत को रिहा करो, इस्लामिक जिहाद मुर्दाबाद, जय जय सिया राम की जयघोष लगाते हुए हिंदू एडवोकेट फोरम जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय, जिला महामंत्री राजकुमार द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया व राष्ट्रपति महोदया को संबोधित जिलाधिकारी नेहा शर्मा के माध्यम से भेजा ज्ञापन। मांग की गई कि बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ निरंतर हो रही घटनाएं पूरे हिंदू समाज को आतंकित कर रही है।

पाकिस्तान में हिंदुओं की दुर्दशा के उपरांत बांग्लादेश भी अब पाकिस्तान की राह पर हिंदुओं के साथ आतंकी जिहादी व्यवहार अपना रहा है। सत्ता परिवर्तन के प्रयास, बांग्लादेश को इस्लामी जिहाद की ओर निरंतर बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वर्तमान कार्यवाहक युनुस सरकार बांग्लादेश के हिंदुओं को निरंतर प्रताड़ित कर रही है द्यमंदिरों को तोड़ा जा रहा है। हिंदू बहन बेटियों के साथ अत्याचार बलात्कार व अपहरण की घटनाएं निरंतर हो रही है। हिंदू समाज की आस्था के स्थलों को धार्मिक स्थलों को तोड़ा जा रहा है। संत समाज को जेल में डालने का कार्य बांग्लादेश की सरकार कर रही है। इस्कॉन के संत व हिंदू मंदिरों के पुजारी को प्रताड़ित करने का काम वह उन्हें जेल में डालने का निंदनीय कार्य बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के द्वारा निरंतर हो रहा है। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार की जिहादी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। बांग्लादेश में निरंतर हिंदू घट रहा है। आज केवल 8प्रतिशत हिंदू समाज बांग्लादेश में है जो अपने जीवन यापन के लिए बांग्लादेश में असुरक्षित ही नहीं अपनी बहन बेटियों के जीवन की रक्षा के लिए भारत की ओर देख रहा है द्यवर्तमान स्थिति में यदि बांग्लादेश ने हिंदुओं के साथ अत्याचार बंद नहीं किया तो जो बांग्लादेश कल तक मित्र देश था वह भी पाकिस्तान की तरह हिंदू विरोधी जिहादी मानसिकता के रूप में जाना जाएगा। ऐसी स्थिति में भारत सरकार अंतरराष्ट्रीय पटल पर गंभीरता से इस विषय को रखे और बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार को चेतावनी देते हुए कि हिंदू समाज और उसके धार्मिक आस्थाओं के केद्रो की रक्षा के लिए वह तुरंत आवश्यक कदम उठाए अन्यथा हिंदू समाज बांग्लादेश के विरुद्ध आवाज उठाते हुए हिंदू समाज को जागृत करने का काम करेगा और बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ हो रही अत्याचार की घटनाओं को सारी दुनिया के समक्ष रखेगा। इसके अनेक प्रमाण सोशल मीडिया पर उपलब्ध है।

**बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं के परिवार उनकी संपत्ति व धार्मिक स्थलों को प्रदान की जाए सुरक्षा**

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल मांग करता है कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं के परिवार उनकी संपत्ति व धार्मिक स्थलों को सुरक्षा प्रदान की जाए बांग्लादेश में नष्ट किए गए हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को पुनर्निर्माण करके उनकी सुरक्षा के कदम उठाए जाएं। हिंदुओं की संपत्ति जो नष्ट की गई है उसका आर्थिक मुआवजा तुरंत हिंदुओं को दिलाया जाए। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद यह भी मांग करता है कि बांग्लादेश के हिंदुओं को यदि इसी प्रकार प्रताड़ित किया तो आने वाले समय में भारत का समस्त हिंदू समाज बांग्लादेश के हिंदू समाज के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने की तैयारी के लिए समाज को जागृत करने का काम करेगा बांग्लादेश में भारत सरकार आर्थिक व्यापारिक व अन्य सभी प्रकार के व्यवहार हिंदुओं पर अत्याचार बंद होने तक उन पर रोक लगाई जाए। बांग्लादेश घुसपैठियों को गिरफ्तार कर उनका देश से निकालना डिपोर्ट करने का कार्य करें। इस अवसर पर अहिप जिला महामंत्री शिव कुमार चौधरी, जिला उपाध्यक्ष वरुण तिवारी, हिंदू एडवोकेट जिला महामंत्री राज कुमार द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष अंगद शुक्ला एड. एड. संतोष श्रीवास्तव, एड. अतुल श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार, एड राजेश द्विवेदी, एड. दीपक मिश्र, एड. हिमांशु ओझा, एड उमेश मिश्रा ,एड शैलेन्द्र कुमार मिश्र, गौरव दुबे,शुभम तिवारी, आदि सैकड़ों अधिवक्ता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजकीय हाईस्कूल रामपुर टेपरा में हुआ कैरियर मेले का शानदार आयोजन

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यमिक शिक्षा विभाग के पंख पोर्टल कैरियर गाइडेंस प्रोगाम के तहत प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में कैरियर मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कर्नलगंज क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल रामपुर टेपरा में भी कैरियर मेले का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को उनके भविष्य को लेकर कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, कर्नलगंज कोतवाली महिला थाने की महिला उपनिरीक्षक खुशबू श्रीवास्तव, राजकीय हाईस्कूल बस्ती के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा, प्रधानाचार्या राजकीय हाईस्कूल जमदरा ममता चौधरी, सीआरपीएफ कमांडेंट आशुतोष सिंह राठौड़, राजकीय शिक्षक संघ के मंडल मंत्री व राष्ट्रीय चयनकर्ता स्कूली क्रिकेट विजय प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष समर प्रताप सिंह, जिला मंत्री अजीत सिंह, अध्यापक श्रीकांत वर्मा व दिलीप मौर्य आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अमित पाठक बने देवीपाटन मंडल के नए डीआईजी, एपी सिंह का तबादला

गोंडा, समृद्धि न्यूज़



देवीपाटन मंडल गोंडा के पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह का तबादला कर दिया गया है। 2007 बैच के आईपीएस अमित पाठक पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र बनाए गए हैं। नवागत उपमहानिरीक्षक आईपीएस अमित पाठक उन्नाव के मूल निवासी हैं। इनकी पत्नी नीलम अग्रवाल आईआरएस अधिकारी हैं। प्रदेश के गाजियाबाद, मुरादाबाद, आगरा व वाराणसी समेत 8 जिलों में अमित पाठक बतौर कप्तान रहे हैं। वह एसटीएफ में भी पांच साल बतौर एसएसपी रहे हैं। वर्ष 2016 में यूपी के बिजनौर में हुए सबसे चर्चित हत्याकांड एनआईए के डीएसपी तंजील अहमद और उनके पत्नी के मर्डरकेस का खुलासा कर सुर्खियों में रह चुके हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के मूल निवासी 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित पाठक का नाम तेजतर्रार आईपीएस अफसरों में शुमार है। उन्नाव में 22 जनवरी 1979 को जन्मे अमित पाठक केमेस्ट्री से एमएससी हैं। यूजीसी नेट क्वालिफाई कर वह कानपुर विश्वविद्यालय में ऑर्गेनिक केमेस्ट्री के लेक्चरर नियुक्त हुए थे। वर्ष 2007 में आईपीएस में चयनित होने के बाद बेहतर पुलिसिंग के कारण हमेशा सुर्खियों में रहे। एसटीएफ में एसपी रहते हुए इन्होंने कई सनसनीखेज का खुलासा किया। पेट्रोल पंपों पर घटतौली और चिप के मामले का भी उन्होंने खुलासा किया था। इसके अलावा सोशल मीडिया के 3700 करोड़ घोटाले में आरोपियों को गिरफ्तार कर 650 करोड़ बरामद किया था। जो अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी मानी जा रही है। अब इनको देवीपाटन मंडल का डीआईजी बनाया गया है।

# पीएम सूर्यघर निःशुल्क विद्युत योजनान्तर्गत मीटर रीडर्स का प्रशिक्षण आयोजित

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



सोमवार को नेडा विभाग द्वारा जिला पंचायत सभागार में भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जनपद के मीटर रीडर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के बिजली विभाग के सभी अधिकारी तथा मीटर रीडर्स को योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी लोगों को योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को योजना से लाभान्वित करने के लिए जानकारी दी गई। लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान कराने के दृष्टिगत लोगों को जागरूक किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों व अन्य संबंधित विभाग के लोगों से संपर्क कर उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक से दो अनुभवी वेण्डर्स, जिनको मीटर रीडिंग की पूर्ण जानकारी हो आवश्यक रूप से आमंत्रित कर उपरोक्तानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान कराकर प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी नेडा विभाग गोण्डा, विद्युत विभाग के सभी अधिकारीगण व मीटर रीडर्स उपस्थित रहे।

# वन मैन शो की तर्ज पर काम कर रहे अकाउंटेंट सभाजीत त्रिपाठी

- आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव ने कहा शासन ने हमको अकाउंटेंट नहीं दिया इसलिए हमने सभाजीत को रिलीव नहीं किया
- बलरामपुर के एआरटीओ बृजेश यादव का कहना है की अकाउंटेंट पूरे मंडल में कहीं भी सेवा दे सकता है

नरेंद्र लाल गुप्ता



उमाशंकर यादव



सभाजीत त्रिपाठी



संभागीय परिवहन कार्यालय

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जून 2024 में तबादले के बाद अकाउंटेंट सभाजीत त्रिपाठी ने बलरामपुर ज्वाइन तो कर लिया किंतु सेवा गोंडा में ही दे रहे हैं जब इस प्रकरण पर आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव से जानकारी मांगा गया तो उन्होंने कहा कैमरे पर बाइट नहीं दूंगा ऐसे आपको जो पूछना हो आप पूछ लो जब उनसे जानकारी यह मांगी गई कि भाई जून 2024 में अकाउंटेंट सभाजीत त्रिपाठी का तबादला बलरामपुर हो गया और उन्होंने ज्वाइन भी कर लिया फिर गोंडा में ही कैसे सेवा दे रहे हैं कहने लगे अकाउंटेंट हमारे पास है नहीं इसलिए हम उनको नहीं छोड़ पा रहे हैं हम आपको यह भी बताना चाहते हैं कि 2008 से आज तक कंटिन्यू अकाउंटेंट सभाजीत त्रिपाठी गोंडा में ही बने हुए हैं और बराबर सेवा दे रहे हैं सूत्रों की माने तो अधिकारियों के साथ साँठ गांठ करके उन्होंने कभी गोंडा नहीं छोड़ा हां यह बात अलग है कि कागज में बलरामपुर ज्वाइन कर लिया उन्होंने तो जब कागज में ज्वाइन कर लिया तो फिर गोंडा में कैसे सेवा दे रहे हैं जब इस प्रकरण पर समृद्धि न्यूज़ के पत्रकार ने बलरामपुर के एआरटीओ बृजेश यादव से जानकारी मांगी तो उन्होंने कहा मंडल में कहीं भी अकाउंटेंट अपनी सेवा दे सकता है जब इस पर उनसे पूछा गया कि ऐसा था तो तबादला क्यों हुआ जॉइनिंग आपके यहां है वेतन आप दे रहे हैं सेवा गोंडा में कहने लगे तो जहां जरूरत पड़ेगी वहां वह सेवा देंगे तो हमने कहा सेवा देने के लिए उनको आपके यहां जाना पड़ता है या मुख्यालय पर उन्होंने बताया नहीं सेवा देने के लिए उनको आना पड़ता है जबकि आज तक रिकॉर्ड है गोंडा छोड़कर वह कहीं गए ही नहीं है अब जानकारी यह भी मिल रही है की सेवानिवृत्ति का मात्र डेढ़ साल बचा है किसी तरह गोंडा में ही कट जाए तो बेहतर है शासन में अगर ऐसी व्यवस्था थी तो अकाउंटेंट का ट्रांसफर ही नहीं करना चाहिए इसका मतलब की शासन में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है यह व्यवस्था यहां के अधिकारी अपने अनुसार कर रहे हैं या कुछ और है।

## खबरें एक नजर में

### स्थानांतरण के बाद भी चौकी में जमे हैं दरोगा अंगद कुमार सिंह

- एसपी गोण्डा के तबादला नीति को चुनौती दे रहे हैं चौकी इंचार्ज

गोंडा, समृद्धि न्यूज। बीते दिनों गोण्डा जिले के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए विभाग में बड़े पैमाने पर फेर बदल करते हुए एक निरीक्षक समेत 27 उप निरीक्षक का ट्रांसफर किया था। जबकि न्यायालय के चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसी क्रम में कोतवाली नगर के चौकी इंचार्ज अंगद कुमार को गुरु नानक चौकी से थाना छपिया के हथियागढ़ का चौकी प्रभारी बनाया गया है। लगभग सात दिन बीत गए है लेकिन चौकी इंचार्ज गुरुनानक जाने का नाम नही ले रहे वहीं बस स्टैंड चौकी इंचार्ज का ट्रांसफर हुआ था पुराने चौकी इंचार्ज बस स्टैंड चौकी से चले गए और नवागत चौकी इंचार्ज ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है लेकिन इन्कैंन चौकी इंचार्ज अभी भी उक्त चौकी पर जमे हुए हैं। सात दिन बाद भी अभी तक चौकी इंचार्ज को कोतवाली नगर से रिलीव नही किया गया है जो एसपी के तबादला नीति का सरासर उल्लंघन है। अब देखना होता है कि चौकी इंचार्ज इन्कैन की रवानगी होती है या नही।

### 25 दिसंबर तक करें बेगम अख्तर पुरस्कार के लिए आवेदन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मल्लिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा, ठुमरी व गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक जिसकी आयु 40 वर्ष से कम ना हो, को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। जिसके अंतर्गत चयनित कलाकार को रुपए 5 लाख की धनराशि एवं अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है। बेगम अख्तर पुरस्कार से संबंधित नियमावली एवं निर्धारित प्रारूप आवेदन पत्र संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र 25 दिसंबर 2024 तक पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बेगम उत्तर पुरस्कार हेतु पात्र महानुभावों के नामांकन निर्धारित प्रारूप पर आगामी 25 दिसंबर 2024 तक उपलब्ध कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसके क्रम में पात्र महानुभाव अपने नामांकन संस्कृत विभाग की वेबसाइट से निर्धारित प्रारूप प्राप्त कर भेज सकते हैं। इस संबंध में अपर जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि आवेदन पत्र जिला सूचना कार्यालय गोंडा से भी प्राप्त किया जा सकता है।

### खाड़ी देश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे लाखों रुपए

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के वजीरगंज और रूपईडीहा के कई लोगों ने बेरोजगारों को खाड़ी देश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये खाते में डलावा लिये और कुछ नकदी भी ले ली। लेकिन अभी तक इन सभी बेरोजगारों को खाड़ी देश में नौकरी के लिए नहीं भेजा गया है। एक साल से आजकल करके टाला जा रहा है। ठगी का एहसास होने पर पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।फखरपुर थाना क्षेत्र के वजीरगंज निवासी कल्लू पुत्र सहीपत, वकील पुत्र अजीज और अफरोज पुत्र दस्तगीर समेत अन्य लोगों ने बताया कि वजीरगंज निवासी अकरम ने दुबई में नौकरी दिलाने की बात कही। इसके बाद अकरम ने रूपईडीहा निवासी अच्छन उर्फ अकबर अली से इनकी मुलाकात करायी। एजेंट ने दुबई में नौकरी दिलाने और वीजा के लिए प्रति व्यक्ति से 84-84 हजार रुपये ले लिये। एक वर्ष से अधिक समय हो गया है न उन्हें किसी भी खाड़ी देश का वीजा मिला है और न ही नौकरी। रुपए वापस न मिलने पर सभी को ठगी का एहसास हुआ। तीनों ने फखरपुर थाने में तहरीर दी। वहीं जिलाधिकारी को पत्र देकर केस दर्ज कराने और रुपए दिलाने की मांग की। डीएम के निर्देश पर पुलिस ने 10 नवंबर को रुपए दिलाने का समझौता कराया, लेकिन अभी तक रुपए न मिलने पर सभी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर केस दर्ज करने की मांग है। इस मामले में थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच चल रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी की थीम पर कुकिंग व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।



- कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम आरती प्रथम पल्लवी द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही सुनीता
- क्विज व कुकिंग के सभी विजई प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जिले के कैसरगंज नगर स्थित एस आर मैरिज लॉन में प्रताप गैस एजेंसी भारत गैस के तत्वाधान में हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी थीम पर कुकिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि जिला नोडल अधिकारी उज्ज्वला योजना व बीपीसीएल के सेल्स ऑफिसर सौरभ आनंद, आईओसीएल सेल्स ऑफिसर विवेक शुक्ला, आपूर्ति निरीक्षक कैसरगंज अमरजीत वर्मा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बेदौरा की प्रधानाचार्या किरन सिंह लालपुर की पूनम देवी रही। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सुरक्षित एलपीजी का उपयोग करते हुए अपने कुकिंग कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन एलजी सुरक्षा, व्यंजन के गुणवत्ता, प्रस्तुति और सफाई जैसे मानदंडों पर किया। कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम आरती वर्मा द्वितीय पल्लवी मिश्रा तथा तृतीय स्थान पर सुनीता वर्मा रही। इस दौरान क्विज व कुकिंग के सभी विजई प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया । प्रताप गैस एजेंसी जरवल कस्बा की प्रोप्राइटर मीना सिंह व तपन कुमार सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों व उपभोक्ताओं का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डी एस ओ नरेंद्र तिवारी ने सभी को स्वच्छ ईंधन के लिए एल पी जी का प्रयोग सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ईंधन के प्रयोग से महिलाओं को आंख, सांस समेत शरीर में अन्य बीमारियां नहीं होती है।

**उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थी केवाईसी कराकर फ्री सिलेंडर योजना का उठाएं लाभ**

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सौरभ आनंद ने कहा कि गैस कंपनियों की तरफ से बेसिक सेफ्टी चेक अभियान चल रहा है जिसके तहत प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा एलपीजी इंस्टॉलेशन में किसी भी सुरक्षा खतरों की मुफ्त जांच की जा रही है। सभी उपभोक्ता सिलेंडर डिलेवरी के समय उसकी जांच अवश्य करा ले। उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थी केवाईसी कराकर फ्री सिलेंडर योजना का लाभ उठाएं। प्रताप गैस एजेंसी के तकनीकी सहायक पवन वर्मा ने घरेलू गैस उपयोग के दौरान संभावित खतरों व सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रायोगिक प्रदर्शन किया । उन्होंने बताया कि गैस पाइप कंपनी का ही प्रयोग करे तथा उन्हें 5 वर्ष के बाद बदल ले। इसी के साथ गैस चूल्हे को सिलेंडर से ऊंचाई पर रखे कोई समस्या होने पर कंपनी के कर्मचारी को या टॉल फ्री नंबर पर तत्काल सूचित करें। इस दौरान प्रताप गैस एजेंसी जरवल के मैनेजर राहुल सिंह, एच पी गैस वितरक गोंडाहिया कैसरगंज विनय कुमार सिंह व राहुल वर्मा, रामराज, राहुल मिश्रा समेत इंडियन, एच पी, व भारत गैस कंपनियों के वितरक व उनके कर्मचारी तथा काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# परिवार परामर्श केन्द्र ने तीन परिवारों में कराया सुलह, टूटने से बचाया परिवार



आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर एक दूसरे साथ खुशी-खुशी जाने के लिए हुए राजी

बहराइच समृद्धि न्यूज़ सोमवार को आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के समक्ष सुलह के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसके निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उपनिरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, महिला कांस्टेबल सविता मिश्रा, निशी त्रिवेदी, अनन्या सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया तथा दोनों पक्षों को समझाया जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने के लिए सलाह दी।

# मार्ग दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

- अलग-अलग इलाकों में हुए हादसे

बहराइच समृद्धि न्यूज़।



जिले में रविवार की रात अलग-अलग इलाकों में हुए सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दो लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में स्थित किशनपुर माफी ग्राम के पास दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें मटेरा चौराहे के रहने वाले नूर आलम व दूसरी बाइक पर सवार रामदेव सोनी निवासी नंदवल गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों ने हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा जहां पर इलाज के दौरान रामदेव सोनी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही जरवल इलाके में स्थित संजय सेतु के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दीपक निवासी तौकलपुर थाना कैसरगंज गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एड्स के लिए एसकेएस कालेज की छात्र-छात्राओं ने आमजनमानस को किया जागरूक

- एड्स दिवस पर है नारा, एड्स मुक्त हो विश्व हमारा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में सोमवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। छात्र - छात्राओं ने कालेज से चेतरा गांव तक रैली निकालकर व स्लोगन के माध्यम से लोगों इस जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर हरीश नागर ने छात्र-छात्राओं को विश्व एड्स दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है,जो छूने से नहीं फैलती है तथा एड्स को लेकर समाज में जो भ्रांतियां व्याप्त है उनके लिए जनमानस को नुक्कड़ नाटक,रैली व स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया तथा रोग से बचने के उपाय और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जनमानस को जागरूक किया गया। जिसमें बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक किया तथा एएनएम व जीएनएम के छात्राओं ने रैली एवं जनसंपर्क किया। इस मौके पर आयुर्वेद प्रधानाचार्य आनंद कुमार चौरसिया, अस्सिटेंट प्रोफेसर फूलचंद्र डावरिया, मोहम्मद अशरफ, आलोक कुमार शुक्ल, श्रवण कुमार, चंदन, उदय, गौरव, संगीता पाल, पूर्णिमा, प्रतीज्ञा पाठक, आचंल सिंह, लवीशा, फरहत खान, भूमिका, ईशा वर्मा, रोशनी, सौम्या सिंह, संगीता, छाया, नीलेश तिवारी पीआरओ गौरव पांडेय, जेपी शुक्ल, महेंद्र शुक्ल, धर्मेन्द्र तिवारी, राघव दीक्षित, आयुषी अन्य मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल ने निकाली जागरूकता रैली





बहराइच, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर भिंगा रोड स्थित सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल ने इंदिरा गांधी स्टेडियम से जिलाधिकारी कार्यालय तक जागरूकता रैली निकाली गई इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा पोस्टर और बैनर के माध्यम से प्रदूषण युक्त बहराइच तथा भारत को स्वच्छ बनाने के लिए जागरूक किया। कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचने पर जिलाधिकारी ने रैली में शामिल बच्चों से भेंट करते हुए कहा कि प्रदूषण एक ग्लोबल समस्या है जिसके समाधान के लिए सभी को आगे आना होगा। डीएम ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि प्रदूषण नियन्त्रण के लिए लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने में सफल रहा सेवा से संतृप्तिकरण अभियान

- लाभार्थियों को वितरित किये गये स्वीकृति पत्र
- अभियान के द्वितीय चरण का हुआ आगाज

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण का आज ब्लाक चित्तौरा की ग्राम पंचायत अलिया बुलबुल में भव्य शुभारम्भ हुआ। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व नगर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों के साथ



मॉ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने गऊमाता का पूजन कर 02 परिवारों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत गोदान भी किया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय, रिसिया जमाल की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। शिविर का शुभारम्भ करने के उपरान्त जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, राजस्व, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, दिव्यांगजन, कौशल विकास, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, श्रम, बैंक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण करते हुए विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल सके इसके लिए सभी अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से प्रयास करना होगा। उन्होंने अब तक विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को सम्बन्धित योजनाओं के लाभ शत-प्रतिशत आच्छादित किये जाने के निर्देश भी दिये।

**वेतन रोकने के साथ कार्रवाई के निर्देश**

शिविर में विभागवार लगाये गये स्टालों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि, विद्युत एवं आपूर्ति विभागों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों के संतृप्तिकरण में शिथिलता पाये जाने तथा अभिलेखों का रख-रखाव समुचित ढंग से न किये जाने पर सम्बन्धित विभागों के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन रोकने के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने शिविर के दौरान उपस्थित महिलाओं व बच्चों से वार्ता करते हुए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

**विद्यालय मे फल वितरित न करने पर कार्रवाई के निर्देश**

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालय अलिया बुलबुल के बच्चों से उन्हें मिड-डे-मील, फल-दूध इत्यादि प्राप्त होने के सम्बन्ध में पूछने पर बच्चों द्वारा फल प्राप्त न होने के बारे में जानकारी दी। जिस पर डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम प्रधान के विरूद्ध जांचोपरान्त कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया।

**इतने लोगों को मिला लाभ**

अलिया बुलबुल में आयोजित शिविर के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सीडीओ व अन्य अधिकारियों के साथ 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, 05 बच्चों का अन्नप्रासन, 10 महिलाओं को बेबी किट, 05 लोगों का आयुष्मान कार्ड, 03 टीवी मरीजों को पोषण दलिया किट, 02 कुष्ठ रोगियों को जूता किट, 09 नये जोड़ों को शगुन किट, 02 लोगों को फार्मर रजिस्टर, 03 लाभार्थियों को किसान निधि, 05 लोगों का राशन कार्ड, 02 महिला स्वयं सहायता, 02 लाभार्थियों को सामुदायिक निधि, 02 को पीसीएल, 05 महिलाओं को वृद्धा पेंशन, 01 को विकलांग पेंशन, 03 महिलाओं को विधवा पेंशन, 05 लाभार्थियों को पीएम आवास, 01 लाभार्थियों को सीएम आवास, मनरेगा के तहत 05 लाभार्थियों को जाब कार्ड तथा 05 लाभार्थियों को शौचालय हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

# बाइक न देने पर मां की गला दबाकर हत्या

▸ पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




बाइक चलाने के लिए न देने पर बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। मां का शव बोरे में भरकर बाइक से करीब 15 किमी दूर जाकर शारदा नहर में फेंक दिया। मां की हत्या के बाद 10 दिन तक बेटा शांत रहा। उसके चेहरे पर शिकन तक नहीं थी। पिता के शक जताने पर पुलिस ने रविवार को बेटे को पकड़कर पूछताछ की तो उसने मां की हत्या की बात कबूल कर ली। सलोन कोतवाली क्षेत्र के पांडेय का पुरवा मजरे बिजवलिया गांव निवासी राम दुलारे पाल 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए घाट गए थे। वापस घर लौटकर आए तो घर पर उनकी पत्नी कलावती (65) नहीं थी। खोजबीन के बाद भी पत्नी का कुछ पता नहीं चल पाया। छोटे बेटा राकेश पाल (24) भी मां के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाया।

**पति ने पत्नी के लापता होने की दर्ज कराई थी गुमशुदगी:** पिता रामदुलारे ने 15 नवंबर को सलोन कोतवाली में पत्नी के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। ग्रामीणों के जरिए पिता को जानकारी हुई कि बेटे ने ही उसकी पत्नी की हत्या की है। पिता ने रविवार सुबह बेटे राकेश पाल के खिलाफ पत्नी को गायब कर देने का केस दर्ज कराया। पुलिस ने कड़ाई से राकेश से पूछताछ की। राकेश ने बताया कि मां उसे बाइक चलाने के लिए नहीं दे रही थी। इससे वह गुस्से में था और गला दबाकर मां की हत्या कर दी। इसके बाद शव को बोरे में भरकर बाइक से ले जाकर मिल एरिया थाना क्षेत्र में शारदा नहर में फेंक दिया। आरोपी बेटे की निशानदेही पर पुलिस ने रविवार की शाम पांच बजे शारदा नहर से महिला का शव बरामद कर लिया। महिला की मौत से पति समेत अन्य परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया आरोपी के निशान देही पर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई करते हुए अभियुक्त जेल भेजा गया।

## गुरुकुल महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर शिविर का हुआ आयोजन



**महराजगंज, रायबरेली।** गुरुकुल महाविद्यालय हलोर पुरासी रायबरेली की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आज विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का महाविद्यालय में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं का राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में एक संगोष्ठी, स्लोगन, रंगोली तथा भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर प्राजंलि शुक्ला अन्य प्रवक्तागण पूजा अवस्थी अमित पांडे आकांक्षा पांडे निधि सिंह तथा अन्य शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी प्रभा शुक्ला के द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम में महराजगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सालय के बी सी पी एम तिवारी एन एम नेहा, फरहान अली भी उपस्थित हुए और उन्होंने इस गंभीर बीमारी के बारे में बच्चों को अवगत कराया एवं इसके रोकथाम के उपाय बताएं अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने सभी का अभिवादन तथा शिक्षकों का अभिवाद धन्यवाद दिया।

# हत्यारोपी बंदी ने पेशी पर ले जा रहे सिपाही की आंख में झोंकी मिर्ची



▸ फरार होने की कोशिश नाकाम, वकीलों और पुलिसकर्मियों ने पकड़ा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

दीवानी न्यायालय में उस समय हड़कंप मच गया जब एक हत्यारोपी बन्दी को जिला जेल से कोर्ट में पेशी पर लाया गया था और उसने फरार हो के लिये सिपाही की आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया। हालांकि सिपाही की बहादुरी के चलते वह फरार नही हो पाया। तभी अधिवक्ताओं ने भी उसे पकड़ लिया। सिपाही को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

आपको बता दे कि सोमवार की दोपहर लगभग 2:00 बजे रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के दीवानी न्यायालय में तैनात हिमांशु सिंह सिपाही द्वारा बंदी सैफ इमरान निवासी हाजीपुर थाना जायस जनपद अमेठी को कोर्ट में पेशी पर लाया गया था। बंदी ने मौका पाते ही सिपाही की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर भागने का प्रयास किया लेकिन सिपाही ने उसकी पकड़ नहीं छोड़ी। जिससे बन्दी अपने मनसूबे में कामयाब नहीं हो पाया। वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने बंदी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। अधिवक्ताओं ने फरार होने के प्रयास में रहे बंदी को वहां अन्य पुलिस कर्मियों को बुलाकर सौंप दिया गया। वहीं बंदी के हमले के बाद सिपाही को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। यहां उसका इलाज किया जा रहा है।

**तुम 302 के मुजरिम हो तुम कभी छूट नहीं पाओगे:** सैफ ने बताया कि मुझे अमर नाम लड़के ने बताया कि तुम 302 के मुजरिम हो तुम कभी छूट नहीं पाओगे। उसने मुझे पाउडर दिया और कहा कि 5 मिनट का समय है तुम सिपाही की आंख में डाल करके फरार हो जाना। गाड़ी से उतरने बाद में उसने ही मुझे मिर्ची दे दी थी। जब मैं भागने लगा तो मुझे पकड़ लिया गया। 2020 से मैं जेल में बंद हूं।

**सिपाही का जिला अस्पताल मे चल रहा इलाज:** अस्पताल ईएमओ रोशन पटेल ने बताया कि आज एक बंदी को और एक कांस्टेबल को लाया गया था कांस्टेबल का उपचार करके उसे भेज दिया गया है वहीं बंदी भी इलाज के लिये लाया गया। फिलहाल अभी तक पुलिस अधिकारियों द्वारा इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है हालांकि पुलिस के ट्विटर हैंडल से यह जरूर कहा गया है प्रकरण को संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### कोहरे के कारण तीन जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें निरस्त




**रायबरेली।** जिले में दौड़ने वाली तीन जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों (शटल सेवाओं) का संचालन रविवार से निरस्त हो गया। इससे इन ट्रेनों को यार्ड में खड़ा कर दिया गया। ये ट्रेनें तीन महीने तक नहीं चलेंगी। ट्रेनें रद्द होने से प्लेटफार्म नंबर 1-ए पर सन्नाटा पसरा रहा। अब इन ट्रेनों का संचालन मार्च से शुरू होगा। जिले के छोटे स्टेशनों की यात्रा करने वाले यात्रियों को रोडवेज बसों या फिर दूसरे वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है।एक जोड़ी ट्रेन सुबह रायबरेली से ऊंचाहार जाती है और उसी समय ऊंचाहार से रायबरेली लौट आती है। दूसरी जोड़ी ट्रेन सुबह रायबरेली से रघुराज सिंह स्टेशन जाती है और फिर लौट आती है। तीसरी जोड़ी ट्रेन शाम को रायबरेली से रघुराज सिंह स्टेशन जाती है और रात तक लौट आती है। इन ट्रेनों का संचालन एक दिसंबर से 28 फरवरी तक निरस्त कर दिया गया है। स्टेशन अधीक्षक रवि रंजन ने बताया कि कोहरे को देखते हुए प्रतिदिन दौड़ने वाली इन ट्रेनों को तीन महीने तक निरस्त कर दिया गया है।

### 20,000 कुं. के सापेक्ष खरीदा गया 1833.60 कुंतल धान



**महराजगंज, रायबरेली।** ग्रामीण स्तर पर लगे धान खरीदने वाले कांटों में पहुंच रहे हैं किसान और बेच रहे अपना धान और पा रहे हैं धन । महराजगंज तहसील क्षेत्र के कुबना ग्राम पंचायत में साधन सहकारी समिति में पी सी एफ का कांटा लगा हुआ है जिसमें किसान अपना धान बेजते हैं। सचिव एवं केंद्र के प्रभारी शिवमोहन यादव ने बताया कि हमारे यहां 20000 कुंतल का लक्ष्य दिया गया था जिसके तहत अभी तक 1833 कुंतल 60 किलोग्राम धान खरीदा गया है किसानों से अपील की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और अपना धान बेचे तथा जल्द से जल्द भुगतान पाये।

### विवाहिता ने सास और जेठानी पर मारपीट का लगाया आरोप

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार सुबह मदाखेड़ा गांव की रहने वाली सावित्री पत्नी सुनील कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी सास सिया दुलारी उसे बच्चे न होने की उलाहना देती है। उनके द्वारा उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। साथ ही जेठानी भी बच्चे न होने से तंज कसती रहती है और घर से भाग जाने की भी बात कहती है। सोमवार सुबह इसी बात को लेकर दोनों ने उसके साथ मारपीट की है। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

### बाइकसवार बदमाशों ने शराब ठेकाकर्मी से की लाखों की लूट

**गुरबक्शगंज, रायबरेली।** गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र की अटौरा चौकी के अंतर्गत अपाचे सवार तीन लुटेरों ने शराब ठेकाकर्मी से लाखों की लूट करके पुलिस को चुनौती दी है। लूट की घटना को सुनते ही पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचकर पीड़ित से बातचीत करके जांच पडताल जुट गए है। जगतपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले चंद्रप्रकाश मिश्रा शराब के कुछ ठेकों की वसूली करने की नौकरी करते है। वर्तमान में वह शहर कोतवाली क्षेत्र के खाली सहाट में रह रहा है। शराब के ठेकों के मालिक राजकुमार जायसवाल है। रविवार की देर शाम मधुकरपुर, नरपतगंज और रेल कोच सहित कई शराब के ठेकों से वसूली करके वह अपने घर की ओर वापस जा रहा था, तभी नई पेट्रोल टंकी के पास अपाचे से तीन नकाबपोश लुटेरों ने घेर लिया। वह कुछ समझ पाता उससे लाखों की लूट करते हुए भाग निकले। पीड़ित ने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है।

### आज दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं दवा वितरण व भोज का होगा आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** सांई बाबा दिव्यांग संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं दवा वितरण व भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजक पटेल शिवकुमार सिंह व दीपचंद सोनी ने बताया कि दिनांक 3 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार कार्यक्रम स्थल सांई नगर कन्नावां बछरावां रायबरेली में संपन्न होंगे ।विकलांगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

### डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण



**बलरामपुर।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में सभी कैमरों की सुचारू रूप से संचालन का जायजा लिया एवं एक सप्ताह पूर्व के रिकॉर्डिंग का भी अवलोकन किया। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था एवं अभिलेखों के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अग्निशमन यंत्र का मॉक परीक्षण कराकर क्रियाशीलता का जायजा लिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में मासिक परीक्षा संपन्न



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के मानीगढ़ा के प्राथमिक विद्यालय मौहरवा में छात्रों के शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए मासिक टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 4 से 5 तक के छात्रों ने भाग लिया। टेस्ट का उद्देश्य छात्रों की विषयगत समझ को जांचना और उनकी कमजोरियों को पहचान कर सुधार की दिशा में कदम उठाना था। प्रधानाध्यापक विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र शिक्षक मंडल द्वारा तैयार किया गया, जिसमें हिंदी, गणित, पर्यावरण और अंग्रेजी जैसे प्रमुख विषयों को शामिल किया गया। परीक्षा के दौरान छात्रों ने अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। विद्यालय के अध्यापक कनौजिया प्रसाद ने कहा, मासिक टेस्ट छात्रों की प्रगति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह न केवल उनकी पढ़ाई का आकलन करने में मदद करता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। परीक्षा में प्रथम स्थान बिधयांशी, द्वितीय रोहित और तृतीय स्थान पर अंजलि और शिवानी संयुक्त में रूप से रही ।शिक्षक और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की, क्योंकि यह बच्चों की शिक्षा में निरंतरता बनाए रखने में मदद करता है। इस प्रकार, मासिक टेस्ट ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच आपसी सहयोग और शिक्षा के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित किया।

## फायर स्टेशन में लगी आग

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज हैदरगढ़ मार्ग पर बने फायर स्टेशन में अचानक आग लग गई देखते ही देखते घास सहित झाड़ जलने लगी। कर्मचारियों ने जब देखा तो हड़कंप मच गया आनन-फानन कर्मचारियों ने पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया महराजगंज हैदरगढ़ मार्ग पर कुबना गांव के पास फायर स्टेशन बना हुआ है। वहीं आज दोपहर में फायर स्टेशन में काम लगा हुआ था। जानकारी करने पर फायर स्टेशन के दीवान ने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा था मजदूर द्वारा लघुशंका या दीर्घशंका के लिए गया होगा। वहीं पर बीड़ी पीकर फेंक दिया जिससे की घास सुलगने लगी और आग का रूप ले लिया। आग को बुझाया जा रहा है ज्यादा विकराल नहीं लगी है, आग बुझा दिया जाएगा। किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ।

# एड्स जागरूकता आधारित संगोष्ठी व रैली का आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर टीसीआई फाउन्डेशन रायबरेली के तत्वाधान में उच्च जोखिम के लोगो एंव आम नागरिकों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता करने के लिये एक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम जैतूपुर, रायबरेली में समय दोपहर 11 बजे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिला जज (विधिक) अनुपम शौर्य व टीसीआई फाउन्डेशन की प्रोजेक्ट मैनेजर तमन्ना आफरीन ने किया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक से अधिवक्ता आरके सिंह, पीएलवी पवन श्रीवास्तव, मनोज प्रजापति टीसीआई फाउन्डेशन से एकाउन्ट आफिसर ओम प्रकाश गुप्ता, काउन्सलर गीता श्रीवास्तव, आउटरीच वर्कर प्रशान्त सिंह, अरविन्द प्रताप सिंह, नेहा श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, दीपमाला श्रीवास्तव, मोनिका श्रीवास्तव के साथ ही साथ पीयर एजुकेटर व क्षेत्रीय जनता भी उपस्थित रही। संगोष्ठी में सम्बोधन के दौरान तमन्ना आफरीन द्वारा बताया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष की थीम सही रास्ता आपनाओ मेरा स्वास्थ्य मेरा आधिकार है। इसके पश्चात उन्होंने बताया कि एड्स एवं एचआईवी क्या है? यह कैसे फैलता है? इस से कैसे बचाव किया किया जाए? कहां-कहां इसकी जांच कराई जा सकती है? तथा इसको लेकर क्या-क्या सावधानी बरती जाएं? इस सन्दर्भ में विस्तार से जानकारियाँ दी गई। संगोष्ठी मे बताया कि इस बीमारी का सबसे बडा खतरा एक सुई या सिरिन्ज से कई टीके लगाना, असुरक्षित यौन सम्बन्ध से है। लोगों को इससे बचना चाहिए।

# चुनाव संबंधी संगठनात्मक बैठक हुई संपन्न



**बछरावां रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी की ब्लॉक स्तरीय चुनाव संबंधित संगठनात्मक बैठक सोमवार को बछरावा ब्लॉक परिसर के सभागार में संपन्न हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं बछरावां मंडल के चुनाव अधिकारी शरद सिंह के नेतृत्व में यह बैठक संपन्न की गई। जिसमें चुनाव अधिकारी श्री सिंह ने पारदर्शी रूप से निर्वाचन करने की प्रक्रिया के तहत संगठन को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न विचार प्रस्तुत किये। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, हरिओम चतुर्वेदी, आशुतोष रावत , अमित चौधरी सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हार-जीत एक ही सिक्के के दो पहलू: एसडीएम

▸ बीएमपीएस में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा-2024 की शुरुआत

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा 2024 का शुभारंभ एसडीएम लालगंज में क्रीडा स्थल पर फीता काट कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन उन्होंने कहा खेल से मानसिक शक्ति का विकास होता है। शिक्षा और खेल का आपस में प्रगाढ़ संबंध है।

प्रतियोगिता में हार-जीत का कोई महत्व नहीं है, प्रतियोगिता में सहभागिता करना ही बहुत बड़ी बात है। उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा हार-जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं अगर किसी कारणवश जीत नहीं मिल पाई तो हार ल होने के कारण पर भविष्य में विचार करना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत क्रीड़ा स्थल पर फीता काट कर रंगारंग कार्यक्रम के मध्य मां सरस्वती की पूजा अर्चन करने के पश्चात शांति के प्रतीक कबूतर छोड़कर समाज में शांति का संदेश देने का सफल प्रयास किया गया।

मुख्य अतिथि एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला को बीएमपीएस परिवार की ओर से प्रबंधक शांतनु सिंह व प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्ले ग्रुप से कक्षा पांच तक के छात्र-छात्राओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। विद्यालय के विभिन्न ग्रुपों में आयोजित 100मीटर की रेस, बॉयज एंड गर्ल्स थ्री लैग रेस, स्पून रेस, सैग रेस आदि विभिन्न खेलों में विक्रमशिला के खिलाड़ी-90 अंक लेकर प्रथम स्थान पर, नालंदा-67 अंक के साथ दूसरे नंबर पर, वल्लभी-62 अंक लेकर तीसरे नंबर पर और तक्षशिला-54 अंकों के साथ चौथे नंबर पर रहा। प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह व प्रिंसिपल अभिषेक रंजन ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कल समापन पर प्रतिभागी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने ग्रुप को शीर्ष पर बनाए रखने का भरसक प्रयत्न कर सकते हैं।

इस अवसर पर प्ले ग्रुप से कक्षा 5 के समस्त बच्चे व अध्यापक अध्यापिकाएं व अभिभावक उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में खेल शिक्षक संतलाल,बी एन यादव, सूर्यकांत, विष्णु सिंह आदि रहे। यह जानकारी बीएमपीएस के जनसंपर्क अधिकारी यश बहादुर यादव ने दी।

# तहसील स्तरीय दिव्यांग बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय जाफराबाद में तहसील स्तरीय दिव्यांग बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी उतरौला सुनीता वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें चारों ब्लॉकों के बच्चों ने अपनी खेलकूद क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार सना खान (पीएस महुआ ढार, श्रीदत्तगंज),द्वितीय पुरस्कार अंशिका (यूपीएस जिगनी, रेहरा बाजार) व तृतीय पुरस्कार अंतिमा (रेहरा बाजार) को मिला। कुर्सी दौड़ में आकर्षक प्रतियोगिता देखने को मिली इसमें प्रथम पुरस्कार मोहम्मद कैफ (रेहरा बाजार), द्वितीय पुरस्कार फुरकान (सेखुइया गैड़ास बुजुर्ग) व तृतीय पुरस्कार रेहान (यूपीएस बासूपुर, उतरौला)को मिला। छूकर पहचानो प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और इसमें प्रथम पुरस्कार मोहम्मद फुरकान (सेखुइया गैड़ास बुजुर्ग), द्वितीय पुरस्कार समीर (कम्पोजिट विद्यालय कालू बनकट) व तृतीय पुरस्कार निजामुद्दीन (कम्पोजिट विद्यालय कालू बनकट) को मिला। मेहंदी प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपना हुनर दिखाया और इसमें प्रथम पुरस्कार खुशी (यूपीएस जिगनी, रेहरा बाजार), द्वितीय पुरस्कार अंतिमा (रेहरा बाजार) व तृतीय पुरस्कार मानसी (महमूदाबाद उल्लैहिया) को मिला। कार्यक्रम के दौरान बीईओ उतरौला सुनीता वर्मा, बीईओ गैड़ास बुजुर्ग विनय कुमार, बीईओ रेहरा बाजार रमेश वर्मा, बीईओ श्रीदत्तगंज रमेश मौर्य, तथा विशिष्ट अतिथि राकेश चंद्र (प्रथमा ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक) और ग्राम प्रधान मुमताज अहमद ने पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लिया। उन्होंने दिव्यांग प्रतिभागियों को सम्मानित किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो व उपहार प्रदान किए। पुरस्कार पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर खुशी और संतोष झलक रहा था। प्रतियोगिता आयोजन में चारों ब्लॉक के विशेष शिक्षक और अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशेष शिक्षक शाह मोहम्मद, शैलेश कुमार पांडे, विद्याभूषण निषाद, सुरेश चंद चौधरी, सुमन त्रिपाठी, कुसुम पांडे, कमलेश कुमार सिंह, तालुकदार वर्मा, विनोद मिश्रा, एआरपी विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार, अनवार अहमद ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। विद्यालय के शिक्षक रमेश कुमार वर्मा, रमाकांत वर्मा, काजिम अली, असलम राईनी, अमित श्रीवास्तव, अतुल कुमार, संतोष, सौरभ,अमरनाथ, श्रवण कुमार, विमल, राजेश शर्मा सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता ने दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं को उजागर किया और समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत

**महुआ बाजार (बलरामपुर)** अपने ही ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचल कर किसान का हुआ मृत्य, जुटी भीड़ ने डायल 112 पर फोन कर अस्पताल भेजवाया, जहां डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया। सोमवार को दिन में लगभग 12 बजे के आस-पास बजाज चीनी मिल से ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना बेंच कर वापस अपने घर जा रहा था राजा राम डुमरिया गंज रोड पर छीतर पारा के पास पहुंचने पर राजाराम को नीद आ गई जिससे ट्रैक्टर से गिर पड़े जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली दोनों ऊपर से निकल गया। घटना सुनते ही भीड़ इकट्ठा हो गई आनन-फानन मे लोगों ने चिकित्सा सेवा हेतू सीएचसी उतरौला भेजवाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजा राम की उम्र लगभग 36 वर्ष थी उनके चार बच्चे हैं जो नाबालिक हैं। थाना अध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# महिला पुलिस ने बालिकाओं व महिलाओं सेल्फ डिपेंस के बारे में किया जागरूक

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशानुसार जनपद बलरामपुर में बालिकाओं/ छात्राओं/ महिलाओं की सुरक्षा हेतु नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहों/गांवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना आदि की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा जिसमें निम्न 09 प्रकार के अभियान शामिल हैं- महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगों एव प्रार्थना पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिये ऑपरेशन गरुण चलाया जा रहा है । एसिड की अवैध बिक्री के विरुद्ध ऑपरेशन शील्ड अभियान चलाया जा रहा है। अश्लील सीडी/डीवीडी/पुस्तकें साहित्य सामग्री आदि की चेकिंग, बरामदगी एवं जब्तीकरण के लिये ऑपरेशन डेस्ट्राय चलाया जा रहा है । बालश्रम, भिक्षावृत्ति एंव बाल विवाह के विरुद्ध प्रदेश स्तरीय अभियान चलाकर बालक/बालिकाओं को अवमुक्त कराने हेतु ऑपरेशन बचपन चलाया जा रहा है । गुमशुदा बच्चों/बालिकाओं हेतु रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, बाल गृहों व एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय ग्रहों आदि का भौतिक निरीक्षण करना एवं बरामद बच्चों को पुनर्वासित करने के लिये अभियान ऑपरेशन खोज चलाया जा रहा है । महिला स्कूल/कालेज के आसपास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स पर अवांछनीय तत्वों व मनचलों के विरुद्ध ऑपरेशन मजनू चलाया जा रहा है । शराबी नशेड़ी एंव अन्य प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं ऐसे संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण करते हुये विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिये ऑपरेशन नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। मानव तस्करी कर लायी गयी महिलाओं बालिकाओं को रेस्क्यु करना एवं उन्हे पुनर्वासित करने के संबंध में विधिक कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन रक्षा चलाया जा रहा है । महिला सम्बन्धी अपराधों मे वांछित/प्रकाश मे आये अभियुक्तों तथा जेल से बाहर आये अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु ऑपरेशन ईगल चलाया जा रहा है।

# ग्लेशियर संकट

हम केदारनाथ संकट के उन भयावह परिणामों को नहीं भूल सकते, जब हिमनद पिघलने से बनी झील के टूटने से तबाही का मंजर पैदा हुआ था। लेकिन ग्लोबल वार्मिंग के संकट के चलते ग्लेशियर पिघलने से हिमालयी क्षेत्रों में कई कृत्रिम झीलें बन रही हैं। इस बाबत केंद्रीय जल आयोग की हालिया रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। जिसका संज्ञान लेते राष्ट्रीय हरित पंचाट ने केंद्र सरकार को सचेत करते हुए इस बाबत आवश्यक कदम उठाने को कहा है। जिससे भविष्य में किसी आपदा की आशंका को टाला जा सके। यदि समय रहते सरकार आवश्यक कदम उठाती है तो हिमनदों को संरक्षण की कोशिशें तेज की जा सकती हैं। साथ ही जरूरी है कि झीलों के टूटने की स्थिति में नदियों में अधिक जल प्रवाह के प्रबंधन की रणनीति पर भी विचार किया जाए। यह एक टकसाली सत्य है जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। मानसून के दौरान बारिश के पैटर्न में आए बदलाव ने बड़े पैमाने पर भूस्खलन को अंजाम दिया है। दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग के चलते तेज बारिश कम समय में ही बरस जाती है। साथ ही बादल फटने की घटनाओं में खासी तेजी आई है। कमोबेश यही स्थिति ग्लेशियरों के पिघलने में आई तेजी में नजर आती है। दरअसल, जलवायु संकट के घातक प्रभाव सारी दुनिया में नजर आ रहे हैं। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं सूखे की स्थिति है। हिमनदों के पिघलने से न केवल समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है, बल्कि उसके तापमान में भी बदलाव देखा जा रहा है। वहीं चक्रवाती तूफान अमेरिका से लेकर एशियाई देशों में कहर बरपा रहे हैं। कुल मिलाकर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से मानवता के अस्तित्व पर संकट की आहट महसूस हो रही है। लेकिन हिमालयी क्षेत्रों में हिमनदों के पिघलने से कृत्रिम झीलों का आकार बढ़ना एक खतरे की घंटी जैसा है। जिससे न केवल गंगा बल्कि ब्रह्मपुत्र जैसी बड़ी नदियों के जल प्रवाह में अप्रत्याशित बदलाव की आशंका बलवती हो रही है। जिससे न केवल जल के स्तर में अप्रत्याशित बदलाव होंगे, बल्कि जैव विविधता के लिये भी खतरा पैदा हो जाएगा। यदि झीलों के फटने से नदियों में बाढ़ की स्थिति बनती है तो निचले इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों के जीवन के लिये खतरा पैदा हो सकता।

बताया जाता है कि देश में करीब 67 ऐसी झीलों को चिन्हित किया गया है, जिनके क्षेत्रफल में चालीस फीसदी तक की वृद्धि हुई है। जिससे उत्तराखंड, लद्दाख व हिमाचल के कुछ इलाके प्रभावित हो सकते हैं। जो जरूरत बताता है कि समय रहते पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की जाए। साथ ही आपदा प्रबंधन के लिये जरूरी कदम भी उठाये जाएं।

ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय हरित पंचाट की सिफारिशों पर गंभीरता से विचार करेगी। जिससे हिमनदों के संरक्षण व नदियों के जल प्रवाह के नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। साथ ही हमें देश में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने तथा प्रकृति के अनुरूप विकास योजनाएं बनाने की जरूरत है।

# दिव्यांग जनों को मिले बराबरी का अधिकार

रमेश सर्राफ धमोरा

विश्व विकलांग दिवस (3 दिसंबर) पर विशेष



संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी। इसका उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहते हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। किसी को इस बात की कोई फिक्र नहीं है।

समाज में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। इस वर्ष का विषय ÷समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए विकलांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना÷ विकलांग व्यक्तियों को अपने भाग्य को आकार देने और समाज में योगदान देने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के महत्व को रेखांकित करता है।

सरकार द्वारा देश में दिव्यांगों के लिए कई नीतियां बनायी गयी हैं। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगों के लिए सरकार ने पेंशन की योजना भी चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगों के लिए महज एक मजाक बनकर रह गयी हैं। जब इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक 'दिव्य क्षमता' है और उनके लिए 'विकलांग' शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। आज भी समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगों को दयनीय दृष्टि से ही देखा जाता है। भले ही देश में अनेको दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो मगर लोगों का उनके प्रति वहीं पुराना नजरिया बरकरार है।

दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण मिलेंगे जो बताते हैं कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। भारत में दिव्यांगों की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगों को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। ऐसे में दिव्यांगों के लिए सरकारी सुविधाएं हासिल करना महज मजाक बनकर रह गया है।

दुनिया में बहुत से ऐसे दिव्यांग हुए हैं जिन्होंने अपने साहस संकल्प और उत्साह से विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम लिखवाया है। तैमूरलंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गंवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधाचंद्रन का दायां पैर नहीं है। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूक-बधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार विश्व स्तर पर 15 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की विकलांगता के साथ रहती है। जबकि उसमें से 80 प्रतिशत से अधिक लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। जबकि भारत में 140 करोड़ से अधिक लोग है। इस आबादी का 2.2 प्रतिशत से अधिक लोग किसी न किसी रूप में गंभीर मानसिक या शारीरिक विकलांगता से पीड़ित हैं। आज के प्रगतिशील युग में जहाँ सभी लोगों के एकीकरण और समावेशन पर सतत विकास के प्रवेश द्वार के रूप में जोर दिया जाता है। भारत में विकलांग लोगों को वर्गीकृत करने वाले मानदंडों की सूची को 2016 में नया रूप दिया गया था। 2016 के आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम पर आधारित संशोधित परिभाषा में एसिड हमलों से संबंधित शारीरिक विकृति और चोटों को विकलांगता के रूप में मान्यता देना भी शामिल है। जो इन पीड़ितों को विभिन्न प्रकार की सरकारी सहायता और समर्थन का हकदार बनाता है ।

दिव्यांगों के अधिकारों के लिए काम कर रहे संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइटस ऑफ डिसएबल्ड ने प्रधानमंत्री मोदी के दिव्यांग शब्द पर उनको पत्र लिखकर कहा कि था कि केवल शब्द बदलने मात्र से ही विकलांगों के साथ होने वाले व्यवहार के तौर-तरीके में कोई बदलाव नहीं आएगा। सबसे बड़ी जरूरत है विकलांगों से जुड़े अपयश, भेदभाव और हाशिए पर डालने के मुद्दों पर ध्यान देने की है। ताकि वो देश की राजनीति के साथ साथ आर्थिक, सामाजिक विकास में बेहतर भागीदारी कर सकें।

भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को मायूस होना पड़ता है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर नजर आती है। दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जारी करने के सरकार ने जो मापदण्ड बनाये हैं। अधिकांश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक उनके अनुसार दिव्यांगो को दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र जारी ही नहीं करते है। जिसके चलते दिव्यांग व्यक्ति सरकारी सुविधाएं पाने से वंचित रह जाते हैं।

देश में दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगों को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। केन्द्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को केन्द्र सरकार में सीधी भर्ती वाली सेवाओं के मामले में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। दिव्यांगता शारीरिक अथवा मानसिक हो सकती है किन्तु सबसे बड़ी दिव्यांगता हमारे समाज की उस सोच में है जो दिव्यांग जनों से हीन भाव रखती है। जिसके कारण एक असक्षम व्यक्ति असहज महसूस करता है।

आधुनिक होने का दावा करने वाला हमारा समाज अब तक दिव्यांगों के प्रति अपनी बुनियादी सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं ला पाया है। अधिकतर लोगों के मन में दिव्यांगों के प्रति तिरस्कार या दया भाव ही रहता है। ऐसे भाव दिव्यांगों के स्वाभिमान पर चोट करते हैं। भारत में दिव्यांगों की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद इनकी परेशानियों को समझने और उन्हें जरूरी सहयोग देने में सरकार और समाज दोनों नाकाम दिखाई देते हैं।

अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। हाल के वर्षों में दिव्यांगों के प्रति सरकार की कोशिशों में तेजी आयी है। दिव्यांगों को कुछ न्यूनतम सुविधाएं देने के लिए प्रयास हो रहे हैं। हालांकि योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। पिछले दिनों क्रियान्वयन की सुस्त चाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार भी लगायी थी। दिव्यांगों को शिक्षा से जोड़ना बहुत जरूरी है। मूक-बधिरों के लिए विशेष स्कूलों का अभाव है। जिसकी वजह से अधिकांश विकलांग ठीक से पढ़-लिखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पाते हैं।

देश में दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगों को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। केन्द्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को केन्द्र सरकार में सीधी भर्ती वाली सेवाओं के मामले में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। दिव्यांगता शारीरिक अथवा मानसिक हो सकती है किन्तु सबसे बड़ी दिव्यांगता हमारे समाज की उस सोच में है जो दिव्यांग जनों से हीन भाव रखती है। जिसके कारण एक असक्षम व्यक्ति असहज महसूस करता है। आधुनिक होने का दावा करने वाला हमारा समाज अब तक दिव्यांगों के प्रति अपनी बुनियादी सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं ला पाया है। अधिकतर लोगों के मन में दिव्यांगों के प्रति तिरस्कार या दया भाव ही रहता है। ऐसे भाव दिव्यांगों के स्वाभिमान पर चोट करते हैं। भारत में दिव्यांगों की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद इनकी परेशानियों को समझने और उन्हें जरूरी सहयोग देने में सरकार और समाज दोनों नाकाम दिखाई देते हैं। अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। हाल के वर्षों में दिव्यांगों के प्रति सरकार की कोशिशों में तेजी आयी है। दिव्यांगों को कुछ न्यूनतम सुविधाएं देने के लिए प्रयास हो रहे हैं। हालांकि योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। पिछले दिनों क्रियान्वयन की सुस्त चाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार भी लगायी थी। दिव्यांगों को शिक्षा से जोड़ना बहुत जरूरी है। मूक-बधिरों के लिए विशेष स्कूलों का अभाव है। जिसकी वजह से अधिकांश विकलांग ठीक से पढ़-लिखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पाते हैं।

विचार

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर उठते सवाल

प्रियंका सौरभ

भारतीय संस्थानों से निकले एसटीईएम स्नातकों की एक बड़ी संख्या ऐसी है जिनमें आवश्यक कौशल का अभाव है। यह उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है। वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता है।

प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दर्शाते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है। डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं। इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, जिसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करना और शिक्षा प्रौद्योगिकी उपकरणों के विकास में नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण कदम हैं।

शिक्षण-केंद्रित संस्थानों के मूल्यांकन को अनुसंधान मेट्रिक्स से अलग करके, रैंकिंग अनुसंधान आउटपुट पर शिक्षण गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकती है, जिससे इन संस्थानों पर निम्न-गुणवत्ता वाले अनुसंधान को आगे बढ़ाने का दबाव कम हो सकता है। शिक्षण संस्थानों को मूलभूत कौशल को मज़बूत करने के लिए विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में, अनुसंधान पर शिक्षाशास्त्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक समर्पित शिक्षण ट्रैक शुरू किया जा सकता है, जिससे शिक्षाशास्त्र में रुचि रखने वाले संकाय सदस्यों को अकेले अनुसंधान आउटपुट के बजाय अपने शिक्षण कौशल के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति मिल सके। अनुसंधान संस्थान संयुक्त डिग्री कार्यक्रम बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी कर सकते हैं, जिससे उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अपना काम पूरा करने में मदद मिलेगी अनुसंधान-केंद्रित संस्थानों में अध्ययन। इस दृष्टिकोण का एक उदाहरण एनआईटी सूरत और आईआईटी बॉम्बे के बीच सहयोग है, जो छात्रों को एक प्रमुख संस्थान में उन्नत अध्ययन पूरा करने की अनुमति देता है। सरकारी फंडिंग को शिक्षण संस्थानों के भीतर शिक्षाशास्त्र में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की दिशा में निर्देशित किया जाना चाहिए। ये केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और एसटीईएम शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिससे बड़े अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता के बिना प्रणालीगत सुधार होंगे।



भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियाँ एक बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती हैं जिसमें पाठ्यक्रम आधुनिकीकरण, अनुसंधान वित्त पोषण, संकाय विकास और विविधता पहल शामिल हैं। सरकार और उद्योग के सहयोग में वृद्धि से समर्थित नीतिगत सुधार, अधिक गतिशील, उद्योग-संरेखित और समावेशी एसटीईएम पारिस्थितिकी तंत्र बना सकते हैं। भारत में शिक्षा प्रणाली को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा तक असमान पहुँच, पुराना पाठ्यक्रम और अपर्याप्त धन शामिल है। हालाँकि, इन चुनौतियों के बावजूद, देश में सम्मानित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की संख्या बढ़ रही है और सरकार ने शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। शिक्षा में निरंतर निवेश के साथ भारत में सीखने और ज्ञान का एक अग्रणी केंद्र बनने और अपने सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

साहित्य



## हर तरफ़ शोर है

उज्जवल कुमार

हर तरफ़ शोर है
आप भी ताली बजा लीजिए


मदाड़ी है बंदरो की
आप भी मजा लीजिए

कोई अब सिंगल ना रहा
आप भी कोई फसा लीजिए

सब ग़म में है डूबे यहाँ
आप भी दिल अपना दुखा लीजिए

फ़रेबी हर तरफ छाई है
आप भी अपनी दाल गला लीजिए





# राशिफल

**मेष:-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**बृषभ:-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाव वश चिंता संभव।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्क:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को समय से पूर्ण करें।

**कन्या:-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**तुला:-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनु:-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**मकर:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीन:-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# शोध व शिक्षण को मजबूत करेगा 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन'

डॉ. सत्यवान सौरभ

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) योजना एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य सभी उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय विद्वानों के शोध लेखों और पत्रिकाओं तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करना है। यह भारत में मजबूत अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को साकार करने की व्यापक दृष्टि के अनुरूप है।

यह केंद्र सरकार की नई पहल है जिसे विद्वानों के शोध लेख और जर्नल प्रकाशनों तक देशव्यापी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए तैयार कई गई है। एक ही प्राधिकरण सबकुछ प्रबंधित करता है ताकि आपको कई प्लेटफ़ॉर्म पर सदस्यता लेने की ज़रूरत न पड़े। सिर्फ़ एक सदस्यता आपको अपनी ज़रूरत की सभी सामग्री और सेवाओं तक पहुँच प्रदान करती है, जिससे आपका समय और प्रयास बचता है। इन संसाधनों तक आसान पहुँच के लिए एक एकीकृत पोर्टल स्थापित किया जाएगा, जिससे विभिन्न संस्थानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वर्तमान खंडित सदस्यता मॉडल को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। यह योजना एक मंच के माध्यम से 30 अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित 13, 000 से अधिक पत्रिकाओं तक निर्बाध पहुँच प्रदान करेगी। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए 13, 000 से अधिक विद्वानों की पत्रिकाओं तक राष्ट्रव्यापी पहुँच प्रदान करना है। 2025-2027 के लिए 6, 000 करोड़ के बजट के साथ, यह देशभर में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। यह योजना उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए शैक्षणिक संसाधनों तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए तैयार की गई है, जिससे विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। इन संसाधनों तक आसान पहुँच के लिए एक एकीकृत पोर्टल स्थापित किया जाएगा, जिससे विभिन्न संस्थानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वर्तमान खंडित सदस्यता मॉडल को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। यह योजना एक ही मंच के माध्यम से 30 अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित 13, 000 से अधिक पत्रिकाओं तक निर्बाध पहुँच प्रदान करेगी। भारत के अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र पर संभावित प्रभाव ओएनओएस टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित 6, 300 सरकारी संस्थानों में 1.8 करोड़ से अधिक छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय विद्वान संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित करता है। लागत बाधाओं को दूर करके, यह योजना कम वित्त पोषित और ग्रामीण संस्थानों के शोधकर्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले वैश्विक अनुसंधान तक पहुँचने में सक्षम बनाती है, जिससे अनुसंधान एवं विकास परिदृश्य में समावेशी विकास को बढ़ावा मिलता है। उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं तक मुफ्त पहुँच से भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा प्रकाशनों की मात्रा और गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे भारत की वैश्विक वैज्ञानिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। ओएनओएस अनुसंधान संसाधनों तक पहुँच का विस्तार करके अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) का पूरक है, जिससे सरकार द्वारा वित्त पोषित संस्थानों में नवाचार और अनुसंधान एवं विकास की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। यह योजना भारत की बौद्धिक क्षमताओं को मज़बूत करती है, जो आर्थिक आत्मनिर्भरता और अनुसंधान एवं विकास में वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। अनुसंधान संसाधनों तक बढ़ी हुई पहुँच नवाचार को गति देती है, 2047 तक तकनीकी रूप से उन्नत भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करती है। ओएनओएस यह सुनिश्चित करके सामाजिक और क्षेत्रीय समानता को बढ़ावा देता है कि कोई भी शोधकर्ता पीछे न छूटे, चाहे उनकी भौगोलिक या संस्थागत पृष्ठभूमि कुछ भी हो। वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना भारत के अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति लाने की क्षमता वाली एक ऐतिहासिक पहल है। वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) योजना से भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच बढ़ाकर महत्त्वपूर्ण लाभ मिलेगा। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों की 13, 000 से अधिक शैक्षिक पत्रिकाओं तक पहुँच प्रदान करके, यह योजना उच्च गुणवत्ता वाली शोध सामग्री तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाती है, जिसे पहले वित्तीय बाधाओं या संस्थागत सदस्यता की कमी के कारण प्राप्त करना कठिन था।




(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# बाइकों की भिड़ंत में नवविवाहिता की मौत

▶ हादसे में देवर भी हुआ घायल

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

चरखारी गोरखा मार्ग पर दो मोटरसाईकिलों में आमने सामने हुई भिड़ंत में नवविवाहिता की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि मोटरसाईकिल में सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना कारित करने वाले मोटरसाईकिल सवार मौके से फरार हो गए।

विवरण में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लुहारी निवासी मोहिनी उम्र 20 वर्ष अपने पति के साथ मोटरसाईकिल में सवार होकर आधारकार्ड संशोधन कराने के लिए चरखारी आ रही थी और जैसे ही मोटरसाईकिल अर्जुन बांध की तलहटी के पास पहुंची तभी चरखारी की ओर से आ रही एक मोटरसाईकिल ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला व साथ में बैठा उसका देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद मोटरसाईकिल सवार दोनों युवक मौके से फरार हो गए। बताते चलें कि मृतका की दो माह पूर्व ही शादी हुई थी द्य वह शादी के बाद आधारकार्ड में पिता के स्थान पर पति का नाम दर्ज कराने के लिए आ रही थी। मृतका के पति द्वारा अज्ञात मोटरसाईकिल सवारों के विरूद्ध प्रार्थना पत्र दिया गया है तथा पुलिस घटना कारित करने वाली मोटरसाईकिल की तलाश में चरखारी में लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता ले रही है द्य पुलिस एक्सीडेंट करने वाले चालक की तलाश की जा रही है। नवविवाहिता की मौत के बाद दोनों ही परिवारों में कोहराम के साथ गांव में शोक का माहौल है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में बाइकसवार युवक की मौत

राठ(हमीरपुर)। रविवार की देर रात जराखर रोड स्थित सैना रोड पर दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई थी। इस हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दोनों बाइकों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। कस्बे के बुधौलियाना निवासी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि रविवार को उसके पिता 50 वर्षीय बृजमोहन कुशवाहा सैना रोड स्थित कब्बारे की देखरेख के लिए गए थे। देर रात वह घर 35 वर्षीय वर्षीय कपिल पुत्र सीताराम निवासी परासन जनपद जालौन के साथ बाइक आ रहे थे। तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि कपिल व दूसरी बाइक पर सवार मुस्करा थाने के बिहूंनी गांव निवासी कंधीलाल मोहित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गए थे। डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि कपिल मोहित कंधीलाल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, रिपोर्ट दर्ज

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के इलोखर गांव निवासी अधेड़ की बीती रात बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। क्षेत्र के इलोखर गांव निवासी अजीम खान(62) खाना खाने के बाद रात आठ बजे कुरारा हमीरपुर हाइवे किनारे टहलने निकले थे। तभी पीछे से चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाकर टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहा पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। शव कपंचनामा के लिये भेज दिया गया है। अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# राज्य कर विभाग को तीस करोड़ रुपए में केवल उन्चास हजार रुपये लगे हाथ, घोर निराशा

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

वैट में बकाया कर वसूलने के लिये पिछले दिनों राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों के खाते सीज कर धन निकालने के चलाये गये अभियान में तीस करोड़ में केवल उन्चास हजार रुपये ही हाथ लगे है, जिससे विभाग को बेहद निराशा हुई है। अभियान फिर से चलाने पर विचार किया जा रहा है।

राज्य कर विभाग के लिये खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। शासन ने जीएसटी लागू करने पहले वर्ष 2008 से वर्ष 20217 तक वैट लागू किया था जिसमे जिले से करीब सात सौ व्यापारियों का करीब तीस करोड़ रुपये टैक्स बकाया था,इसके बाद जीएसटी लागू होने के बाद व्यापारियों ने वैट का टैक्स जमा नहीं किया। लोग इस टैक्स को भूल गये, इस मामले को शासन ने गभीरता से लिया और पिछले दिनों एक अभियान चलाकर व्यापारियों के खाते सीज कर उसमे जमा धनराशि

▶ व्यापारियों से बकाया वैट टैक्स वसूलने में विभाग हुआ फेल, व्यापारियों ने आनन फानन खातों से पैसा निकालकर दूसरे खाते में जमा किया, फिर से अभियान चलाने पर किया जा रहा है विचार

निकालकर शासन के खाते में जमा कराना शुरु कर दिया हालांकि व्यापारियो ने इस मामले को प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया मगर उसका कोई असर नहीं हुआ, व्यापारियों ने राज्य कर विभाग की मंशा भापते हुये आनन-फानन अपने खातों से पैसा निकाल कर दूसरे खाते में जमा कर दिया। यही नहीं इस मामले में बैंकों ने व्यापारियों का पूरा सहयोग किया और राज्य कर विभाग को व्यापारियों के खाते का विवरण देने से इंकार कर दिया, हालाकि शासन ने इस मामले को लेकर राज्य कर विभाग पर शिकंजा कसना शुरु किया था मगर तब तक व्यापारी खाते से पूरा धन उड़ा चुका था। विभाग को मामूली धन मिलने से शासन ने इस मामले में फिर से दूसरा रास्ता निकालकर वैट का बकाया धन वसूल करने की फिर से रणनीति तैयार की है। हालाकि व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने उद्योग का पंजीकरण तो कराया था मगर व्यापार की शुरुआत नहीं की थी इसके बाद भी वैट में उनसे टैक्स की वसूली की जा रही है जो व्यापारी के साथ अन्याय है। इधर शासन के अथक प्रयास के बाद भी बकाया टैक्स वसूलने में नाम मात्र की कामयाबी मिलने से तिलमिला गये है कौन सी ठोस रणनीति तैयार की जा रही है यह समय ही बतायेगा। राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर विजय कृष्णा का कहना है कि प्रयास तो बहुत किया गया था मगर व्यापारियों ने फटाफट पैसा निकाल लिया जिससे अभियान सफल नही हो पाया इसके बाद फिर से अभियान चलाने पर विचार विमर्श किया जा रहा है।

# खबरें एक नजर में

## नहर में गिरने से वृद्ध की मौत

राठ(हमीरपुर)। सोमवार की सुबह शौच के लिए खेत की ओर गए वृद्ध किसान की नहर बंबी में गिरने से पानी में डूबकर मौत हो गई है। फूलसिंह खेत की ओर शौच के लिए गए थे। तभी अतरौलिया माइनर बंबी में उसके भाई की पानी में डूबकर मौत हो गई है। मृतक अविवाहित था। पुत्र की मौत मां रामप्यारी का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच कराई जा रही है।

## दबगों ने पीट कर महिला को किया घायल, पुलिस से शिकायत

राठ। घर के दरवाजे पर खड़ी महिला को सड़क पर खींचकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल महिला को नौरंगा सीएचसी में भर्ती कराया है। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मझगवां थाने के अटगांव निवासी वर्षा पत्नी हरिओम ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे वह पने घर में बैठी हुई थी। तभी उसी दौरान गांव का एक व्यक्ति आया और उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट करने लगा।विरोध करने पर उक्त व्यक्ति अपने पूरे परिवार के साथ आया और उसे घर के दरवाजे से खींचकर सड़क पर ले गया। जहां उसके साथ बेहरमी से पिटाई की। इसके बाद गांव के लोगों ने दौड़कर उसे बचाया। घटना के बाद उसने मझगवां थाने में तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## पंप हाउस में टेक्नीकल यूरिया का प्रयोग न करके अनुदानित यूरिया का प्रयोग करते पकड़ा, दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज


मौदहा(हमीरपुर)। मौदहा क्षेत्र के छिरका गांव में पंप हाउस में बनने वाली यूरिया टेक्नीकल ग्रेड यूरिया का प्रोयग ने करके किसानों की अनुदानित यूरिया का प्रयोग किया जा रहा था। जिला कृषि अधिकारी व एसडीएम ने फर्म में छापामारी कर दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। छापे मारी में अनुदानित यूरिया क नौ बोरी व 92 खाली बोरी पायी गयी, इसके साथ ही 42 सफेद खुली बोरी जिसमें यूरिया जैसे दिखने वाले सफदे दाने रखखे पाये गये। जिसके ऊपर टेक्निकल ग्रेड यूरिया अकिंत पाया गया। तत्पश्चात जिला कृषि अधिकारी हमीरपुर द्वारा उप जिलाधिकारीए मौदहा व फर्म के संचालक के समक्ष अनुदानित यूरिया की चन्द बोरी से एक नमूना तथा खुली सफेद बोरी जिसमें यूरिया जैसे दिखने वाले सफदे दानों से एक नमूना गृहीत करते हुये मौके पर सील किया गया। सभी बोरियों को एक लोडर में रखवाले हुये पुलिस बल की अभिरक्षा में लाकर प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा को सुपुर्द कर दिया गया है। दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। अपने प्रतिष्ठान के बाहर रेट बोर्ड एवं स्टाक बोर्ड अवश्य लगाये साथ ही कृषको को उर्वरक निर्धारित दरों पर ही उपलब्ध करायें अन्यथा की दशा में दोषी विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियत्रंण आदेश 1985 में निहित प्राविधानों के तहत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## एड्स दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



चरखारी (महोबा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एड्स दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी के सभागार में एड्स को रोकने हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर आनंद गोस्वामी ने एड्स से बचाव के उपाय बताएं एवं डॉक्टर रुचि जयसवाल ने एड्स किस तरह से होता है और इसको किस तरह रोका जा सकता है इस मुद्दे पर विस्तार से प्रकाश डाला इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर उमाशंकर त्रिपाठी डॉ अशोक कुमार डॉ मंजू सिंह डॉक्टर नित्य किशोर सोनी डॉक्टर दीपक सिंह डॉक्टर सुमन सिंह डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता डॉक्टर रितु चतुर्वेदी अरुण कुमार जितेंद्र सोनी आलोक द्विवेदी अनुपम उपाध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा एवं भारी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरिओम सिंह ने किया ।

## किसानों को एक बोरी खाद देकर संतुष्ट करने का किया जा रहा प्रयास



कुलपहाड़(महोबा)। डीएपी खाद की कमी से निपटने में सरकारी अमला पूरी तरीके से असफल रहा है सुबह 4:00 बजे से लाइन में लगे किसानों को एक बोरी खाद देकर संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं सहकारी समितियो में गोदाम खाली पड़े हुए हैं और बिचौलियों की पौ बारह है जबकि अधिक जमीन वाले किसान परेशान है कुछ किसान तरल डीएपी का उपयोग कर रहे हैं। डीएपी खाद्य वितरण को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह से भ्रमित है कोऑपरेटिव की समितियां और संघ में गोदाम खाली पड़े हुए हैं जबकि प्रशासन मनमाने रूप से जगह–जगह खाद बंटवाने में लगा हुआ है कुलपहाड़ में दो दिन एस के महाविद्यालय में खाद बाटने के बाद सोमवार को फायर ब्रिगेड मैदान में खाद बांटने की सूचना हुई सुबह 4:00 बजे से खाद के लिए किसानों की लाइन लग गई और उनके हिस्से में आई मात्र एक बोरी जिससे उनकी दो बीघा खेती की फसल की बुवाई हो पाएगी किसानो की माने तो सरकार किसानों के साथ मजाक कर रही है पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश चौबे का कहना है कि समितियां में किसानों को जमीन के हिसाब से खाद मिलती रही है। लेकिन इस बार प्रशासन की नई नीति के कारण बिचौलियों की पो बारह है आधार कार्ड पर मिलने वाली खाद की एक बोरी से किसानों का भला नहीं होने वाला है। नायब तहसीलदार पंकज गौतम ने बताया कि डीएपी की 900 बोरियों प्राप्त हुई थी जिन्हें प्रत्येक किसान को आधार कार्ड के आधार पर एक–एक बोरी खाद दे दी गई फिलहाल सभी किसानों को थोड़ा–थोड़ा खाद देकर संतुष्ट किया जा रहा है ।

## धर्मेंद्र मसगाव ने हरियाणा के पहलवान को किया चित्त, दो दिवसीय कुश्ती दंगल का आयोजन

राठ(हमीरपुर)। बुंदेलखंड मालवीय स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के130वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दबंग के पहले दिन 18 कुस्ती हुई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीणा व डॉ दीक्षा शर्मा ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दंगल का शुभारंभ किया। दंगल की पहली कुश्ती सूरज देवरिया और विकास सिंह इटावा के बीच हुई। जिसमें सूरज देवरिया ने एक पटखनी में पहवान को चित कर दिया। इसी तरह रमेश हरियाणा और धर्मेंद्र मसगांव के बीच हुई। धर्मेंद्र मसगांव ने जीत दर्ज की। नीरज पाल बांदा और कमलजीत आगरा के मध्य कमलजीत आगरा ने जीत हासिल की। अनिल हरियाणा और आकाश मसगांव के बीच हुए मुकाबले में आकाश मसगांव ने कुश्ती जीती। मोहम्मद शहाबुद्दीन और प्रीतम लींगा के बीच हुई। प्रीतम लींगा ने पल भर में शहाबुद्दीन को चित कर दिया। विजयपाल आगरा और शोएब अली लखनऊ के बीच कुश्ती बराबरी पर छुटी।मेघराज कुमार और राजबहादुर देवरिया के बीच मेघराज कुमार ने जीत हासिल की। प्रमोद कबरई और मकसूद देवरिया के बीच हुई कुश्ती में प्रमोद कबरई ने मकसूद देवरिया को पटकनी दी।

# नमामि गंगे योजना से कई गावों में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

▶ अधिकारी नहीं दे रहे हैं ध्यान

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।

जल जीवन मिशन के तहत मिलने वाले पानी के लिये ग्राम करहियां में लोग बूद बूद पानी को तरस रहे है। ग्रामीण रामकिशोर साहू सीताराम कुशवाहा रंजीत धनीराम साहू राजाराम राहुल राजू कोटेदार व मूलचंद आदि ने बताया कि नमामि गंगे से पहले पुरानी लाइनों के द्वारा पेयजल की समस्या का निदान ग्राम प्रधान के द्वारा नियमित रूप से किया जाता रहा है लेकिन जब से सरकार की नमामि गंगे के कर्मचारी पुरानी लाइन को ध्वंत कर नई लाइन आधी अधूरी डाली दी है। खेरापति स्थान के



आसपास रहने वाले वासींदों को टारगेट कर वहां पानी न पहुंचने की लिए कह रहे हैं। इसके साथ ही कहते हैं किसी भी अधिकारी के यहां चले जाओ इस मोहल्ले में कभी पानी नहीं आएगा जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो रहे है। इसी प्रकार विकास खंड के पढोरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री राम ने बताया नमामि गंगे के द्वारा बनाई गई टंकी फटी होने के कारण जैसे ही पानी उसमें भर जाता है। पूरा पानी बह जाता है। और ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए इधर-उधर दूसरे के दरवाजों पर चक्कर लगाते हैं। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी पीने के लिए नहीं मिल पा रहा है। इस प्रकार 3 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी नमामि गंगे योजना पूर्ण रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में घर.घर पानी मुहइया करने में नाकाम साबित हो रही है।

इस संबंध में नमामि गंगे के जेई दिलीप कुमार ने बताया कि करहिया गांव में 35 से 40 घर ऐसे हैं जहां पानी नहीं पहुंच रहा है जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही पानी पहुंचने की कोशिश की जा रही है। इसी प्रकार पढोरी गांव में टंकी टूटी होने की सूचना शासन स्तर पर पहुंचाई जा चुकी है। एक सप्ताह के अंदर समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

# विष्णु फाउण्डेशन ने गरीब कन्याओं का कराया सामूहिक विवाह

घाटमपुर समृद्धि न्यूज़। कानपुर नगर व फतेहपुर जनपद की गरीब व असहाय कन्याओं की शादी, क्षेत्र के समाजसेवियों ने सोमवार को सम्पन्न करवाई। शादी समारोह जहानाबाद के रामतलाई मंदिर मे सम्पन्न हुआ। शादी हिन्दू सनातन धर्म की वैदिक विधि विधान व रीति रिवाज़ के अनुसार कराई गयी। तत्पश्चात कन्याओं को श्रृंगार का समान जैसे नथुनी, चैन, तोड़िया, बिछिया व मंगलसूत्र आदि आभूषण प्रदान किये गए तथा गृहस्थी का समान जैस थाली, साड़ी, टंकी, ग्लास, परात, बेड, प्रेस, कुर्सी इत्यादि उपयोगी समान प्रदान किया गया। शादी का पूरा खर्च समाजसेवियों द्वारा उठाया गया। समाजसेवियों के इस मुहिम के जरिये क्षेत्र की कन्याओं की शादी सम्पन्न हो पाई। इस नेक कार्य की तारीफ हर कोई करता नजर आ रहा है। समाजसेवियों द्वारा बताया गया कि इसी प्रकार के कार्यक्रम सस्था के द्वारा अक्सर होते रहते है जिससे जन कन्याण होता रहता है। वहीं सत्यम अवस्थी ने



बताया कि इस सस्था से हर व्यक्ति जुड़कर जन कल्याण मे भाग ले सकता है और सस्था हमेशा ऐसे समाजिक कार्यक्रम करवाती रहती है। जानकारी के लिए बता दें कि अभी हाल ही मे संस्था ने निशुल्क गरीबों को पाठ्य सामग्री बांटने का काम किया था। शादी के दौरान श्री विष्णु फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु स्वरूप अवस्थी, उपाध्यक्ष सत्यम अवस्थी, आशीष द्विवेदी, अवधेश पुजारी, मुन्ना चौरसिया, उत्कर्ष तिवारी शिवम् यादव आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

## चोर सोने चांदी के जेवर ले गये

राठ (हमीरपुर)। चोरों ने सूना पाकर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवरात सहित नकदी पार कर दी है। पीड़ित ने मझगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मझगवां थाने के मलेहटा गांव निवासी सौरभ सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम सात बजे वह अपने परिवार के साथ शादी समारोह में राठ गया था। रविवार की सुबह जब वह घर आया तो अंदर के सारे ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। बताया कि चोर बक्से में रखे सोने चांदी के जेवरात व 1.89 लाख रुपए की नकदी चोरी करके ले गए हैं। मझगवां थानाध्यक्ष शिवसहाय सरोज ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच कराई जा रही है।

# खेल महोत्सव: बनारस ने कानपुर को आठ विकेट से हराया

▶ बनारस की ओर से अर्धशतकीय पारी खेलने वाले प्रशांत बने मैन ऑफ द मैच

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

कस्बे में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के पहले फेज में क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला बनारस और कानपुर के बीच खेला गया। जिसमें बनारस ने 8 विकेट से मुकाबला जीत लिया।

कस्बे के कपसा रोड स्थित रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव का रविवार को शुभारंभ हुआ था। जिसमें सोमवार को खेल महोत्सव के पहले फेज में



आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला बनारस बनाम कानपुर के बीच खेला गया। जिसमें बनारस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इसी क्रम में बल्लेबाजी करने उतरी कानपुर की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में आठ विकेट के खोकर कुल 156 रन ही बना सकी। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनारस की टीम ने एकतरफा मुकाबले में 3 विकेट खोकर 16 ओवरों में ही मुकाबला अपने नाम दर्ज कर लिया। कानपुर की ओर से सबसे ज्यादा 40 रन हिंमाशु ने बनाए। जबकि बनारस की ओर से सबसे अधिक नाबाद 28 गेंदों में 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलने वाले प्रशांत वैभल को मुख्य अतिथि जाहिद सिद्दीकी एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट अब्दुल हसीब के द्वारा मैन आफ दी मैच की ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट मुकाबले में अंपायर की भूमिका समीर सभासद व आसिफ परवेज़ एवं कमेंटेटर की भूमिका अब्दुल कादिर व नौशाद संजरी ने निभाई व स्कोरर समीर रहे। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह मुशर्रफ कमाल अख्तर मास्टर फहीम भोपाल हकीम उद्दीन शमशाद नबी राजू मेम्बर सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।

बुन्देलखण्ड में चल रही खाद की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा जिलाध्यक्ष शोभा लाल यादव के नेतृत्व में पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत सहित तहसील भवन के बाहर एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया एवं उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग की है ।

इस समय बुन्देलखण्ड में बुवाई का समय चल रहा है परन्तु किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही जिससे किसान परेशान होते नजर आ रहे है। पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने बताया कि देश की सरकार एवं प्रदेश की सरकार से किसान व्यापारी एवं छात्र सभी परेशान हैं समाजवादी पार्टी के शासन में खाद और बीज की किसी भी तरह की समस्या नहीं थी। उनके समय खाद की बोरी की कीमत 700 रुपये थी जो अब 1300 रुपये हो गई है वह भी किसानों को समय से नहीं मिल पा रही है। लोग सुबह से खाद लेने के लिए लाइन में लगते हैं और शाम को बेरंग होकर बिना खाद के ही वापस घर लौट जाते हैं। इन्हीं नीतियों के चलते अयोध्या में भाजपा की हार हुई है इस समय किसानों को केवल आठ से दस घण्टे बिजली मिल पा रही है जिससे किसानों को भरपूर मात्रा में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। यदि इस प्रकार का माहौल रहा तो किसान अपने बच्चों को कैसे पढ़ायेंगे और उनकी शादी कैसे होगी इस समय लहसुन एवं काजू एक भाव में बिक रहे हैं 10 रुपये किलो का टमाटर कोल्ड स्टोरेज से निकलकर 60 रुपये का बिकता है लोकसभा में अडानी की बेईमानी, खाद, बीज आदि की चर्चा नहीं की जाती है बल्कि लोगों की जाति की चर्चा होती है भर्तियों का पेपर लीक होता जिससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। चुनाव के समय भाजपा मन्दिर, मस्जिद जाति धर्म के आधार पर लोगों को वर्गला कर वोट ले लेती है।

अखिलेश यादव ने चरखारी को माडल सिटी बनाया था तालाबों की खुदाई कराई थी सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस सम्बन्ध में पूर्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया था और तीन दिन का समय दिया गया था परन्तु अभी तक स्थिति जस की तस है यदि यह समस्या हल नहीं हो पाती है तो पार्टी सड़कों पर उतरेगी। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष कुम्भकरण यादव, रामसजीवन यादव, चैयर मैन प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, राममहाराज, अजय राज यादव, अंशुल यादव एवं समाजवादी कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए खाताधारकों को टप्पेबाजों से बचाव को किया जागरूक

महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा–व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसमें जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी। जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्र अन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे। इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी। इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए द्य इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रूप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी। पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखाधड़ी, जालसाजी, ठगी, टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

# सुरक्षित रसोई, सुरक्षित जीवन, परमार एचपी गैस ने चलाया जागरूकता अभियान

महोबा। परमार एचपी गैस महोबा ने सेंस ऑफ ड्यूटी कार्यक्रम के तहत ग्राम बिलरही में सुरक्षित रसोई और सुरक्षित जीवन के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा। कार्यक्रम के दौरान, 22 महिलाओं ने भोजन तैयार किया, जिसे निर्णायक मंडल ने स्वाद और गुणवत्ता के आधार पर परखा। पुरस्कार वितरण समारोह में देशरानी को प्रथम, हलकी को द्वितीय, और श्रीमती कुसुम को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, सुरक्षा होसे लाइटर, और एप्रन सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल में झांसी क्षेत्र



के बिक्री अधिकारी आशुतोष तिवारी, प्रशांत गुप्ता, प्रदीप तिवारी, स्वप्निल गुप्ता, नरेश गुप्ता, वितरक हिमांशु परमार, ग्राम प्रधान विलरही, विजय प्रताप सिंह (पत्रकार), ऋतिक सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। यह कार्यक्रम महिलाओं को रसोई में सुरक्षा के महत्व को समझाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने का सराहनीय प्रयास रहा।

# महिला हिंसा विरोधी अभियान के तहत मीडिया बैठक आयोजित

▶ ग्रामोन्नति संस्थान के तत्वावधान में 10 दिसंबर तक चलाया जाना है 16 दिवसीय अभियान

▶ संस्थान के प्रयासों को आमजन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण: कल्पना खरे

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

सामाजिक ताने-बाने के बीच दृश्य एवं अदृश्य महिला हिंसा के खिलाफ ग्रामोन्नति संस्थान के 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान के तहत बीते रोज महोबा मुख्यालय के श्रीनाथ होटल में मीडिया बंधुओं के साथ एक मीडिया जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। मीडिया बैठक में महिला हिंसा से जुड़े मुद्दों पर ग्रामीण अंचल से आई लीडर किशोरियों, महिलाओं, समाजसेवियों एवं पत्रकार बंधुओं की उपस्थिति में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों एवं ज्यादतियों के विरुद्ध विभिन्न घटनाओं एवं उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष शिव कुमार गोस्वामी, प्रबन्ध निदेशक कल्पना खरे, वरिष्ठ पत्रकार नईम अंसारी व समाजसेवी रामजी गुप्ता समेत ग्रामीण महिलाएं, दिव्यांग किशोरियां उपस्थित रहे। मीडिया बैठक में पत्रकार बंधुओं से अपील की गई कि वे संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों को अपने समाचार पत्रों एवं चैनलों में स्थान देकर संस्था के प्रयासों




को सार्थक संदेश के रूप में आमजन तक पहुंचा सकते हैं। क्योंकि मीडिया एक सशक्त माध्यम है जिसके जरिए सामाजिक भेदभाव जैसे मुद्दों पर आम आदमी को जागरूक कर बेहतर समझ विकसित की जा सकती है। कबरई ब्लॉक के 10 ग्राम पंचायतों में डब्ल्यूजी जी (जमीनी स्तर पर महिलाएं) कार्यक्रम के तहत चंद्रपुरा, मिरतला, तिंदौली, बरा आदि ग्राम पंचायतों की किशोरी लीडर जयदेवी, रेखा, कल्पना, अफसाना आदि अपने अपने गांवों में लिट्रेसी कार्यक्रम, प्रौढ़ शिक्षा, पैड बैंक एवं खेलकूद से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को जागरूक करने में लगी हुई है। वहीं संस्थान की महिला कॉर्डिनेटर इन कार्यक्रमों के माध्यम से इन लीडर किशोरियों को मार्गदर्शन देकर इनके जीवन में बदलाव लाने के सपनों को साकार करने में जीतोड़ मेहनत कर रही हैं। गौरतलब है कि गांव की लड़कियां गांव तक ही सीमित न रह जाएं उन्हें शिक्षा स्वास्थ्य एवं खेलकूद में अपनी प्रतिभा व क्षमताएं दिखाने का पूरा मौका मिले, इसके लिए ग्रामोन्नति संस्थान के संस्थापक निदेशक रहे स्वर्गीय डॉ. अरविन्द खरे की कोशिशें आज मील का पत्थर साबित हो रही हैं। वर्तमान में संस्थान की प्रबंध निदेशक कल्पना खरे द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला उत्थान के प्रयासों की अनवरत श्रृंखला को कम नहीं आंका जा सकता है, प्रत्येक वर्ष संस्थान के तत्वाधान में इस प्रकार की कई कैंपेन उनके दिशा निर्देश में चलाई जा रही हैं, जिसमें ग्रामीण महिला किसान भी शामिल हैं। जिनको लेकर संस्थान जैविक कृषि से इन महिलाओं की इनकी पहचान दिलाकर जागरूक करने में लगा हुआ है। वरिष्ठ पत्रकार नईम अंसारी ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए लड़कियों महिलाओं को समाज में पर्याप्त अवसर दिए जाने की वकालत की। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं का बेहतर स्वास्थ्य बेहतर शिक्षा एवं सामाजिक बराबरी समाज को बेहतर बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हो रहा है। वरिष्ठ समाजसेवी एवं संस्थान के अध्यक्ष शिव कुमार गोस्वामी ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपनी मानसिकता में बदलाव सामाजिक बराबरी का आधार बनेगा। इसमें चुनौती रूपी समस्याओं को दूर कर बेहतर समाज का निर्माण किया जाना चाहिए। बैठक में समृद्धि न्यूज सहित कई दैनिक समाचार पत्रों एवं चैनलों से पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# जैदपुर से भानमऊ के रास्ते हरख व बाराबंकी के लिए बस सेवा शुरू

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार की सुबह करीब 8बजे से जैदपुर से चल कर वैसपुर, अबहीपुर, बादीपुर, भानमऊ के रास्ते हरख ब्लाक,और फिर बाराबंकी से लखनऊ तक परिवहन निगम की बस दौड़ना शुरू हो गई है सरकार के निर्देश पर परिवहन विभाग के द्वारा शुरू की गई इस पहल से न सिर्फ ग्रामीणाअंचल के लोगों को सुविधा मिलेगी बल्की स्कूली बच्चों, नौकरी पेशा, जाने वालों को भी आसानी होगी परिवहन निगम ने प्रदेश के अधिकतर ब्लॉक और गांव-गांव तक बसों की सेवा मुहैया कराने के लिए एक और पहल की है। इसके तहत बाराबंकी मे करीब आधा दर्जन नई रोडवेज बसों के साथ लोगों का आवागमन सुरु हो गया है। यह बस सेवा हाइवे और लिंक रोड के बीच में पड़ने वाले ब्लॉकों से ये बसें दिनभर में एक बार जरूर गुजरेंगी। इनका समय ऐसा रखा गया है जिससे नौकरी पेशा दैनिक यात्रियों और विद्यार्थियों को भी फायदा पहुंचेगा। परिवहन निगम ने काफी मंथन कर इन रूटों के लिए 'समन्वय परिवहन व्यवस्था' नाम से प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था जो अब सार्थक होता दिखाई दें रहा है।

### क्या कहते हैं यात्री

जैदपुर से भानमऊ और हरख तक जाने लोगों मे काफ़ी खुशी देखी जा रही है स्थानीय किसान नेता शिवनारायण सिंह ने बताया कि इस रोड पर डग्गामार वाहनों के द्वारा मनमानी किराया वसूला जाता था लेकिन लोग मज़बूरी मे सफर करते थे और सरकार ने जो बस सेवा ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए शुरू की है बहुत अच्छी पहल है उन्होंने योगी सरकार और परिवाहन मंत्री को भी धन्यवाद दिया।

## फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर फार्मर रजिस्ट्री आधार कार्ड से खतौनी जोड़ने को लेकर पंचायत भवन सिरौलीगौसपुर में चल रहे कैम्प का तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने निरीक्षण किया। सोमवार को पंचायत भवन सिरौलीगौसपुर में राजस्व निरीक्षक सिरौलीगौसपुर, लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक,एंव कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आधार कार्ड से खतौनी जोड़ने के कार्य का तहसीलदार ने निरीक्षण किया। तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने बताया है कि दर्जनों किसानों को आधार कार्ड से खतौनी जोड़ा गया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में अन्तराष्ट्रीय हिन्दू परिषद् व राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। फतेहपुर तहसील परिसर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

सोमवार को बस स्टाप पर एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जुलूस निकाला। यह जुलूस मस्तान रोड, मुंशीगंज, बेलहरा चौराहा, सट्टी बाजार होते हुए तहसील पहुंचा। जहां पर एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा को ज्ञापन दिया गया।

जिला महामंत्री शुभम सोनी ने बताया कि बांग्लादेश के हिन्दुओं के साथ हो रही निरन्तर घटनाएं हिन्दू समाज को आतंकित कर रही है। पाकिस्तान में हिन्दुओं की दुर्दशा के उपरान्त बांग्लादेश भी अब पाकिस्तान की राह पर हिन्दुओं के साथ आतंकी जिहाद व्यवहार अपना रहा है। सत्ता परिवर्तन के प्रयास बांग्लादेश को इस्लामी जिहाद की ओर निरन्तर बढाने के लिए प्रेरित कर रहे है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बांग्लादेश के हिन्दुओं को यदि इसी प्रकार प्रताडित किया तो आने वाले समय में भारत का समस्त हिन्दू समाज बांग्लादेश के हिन्दू समाज के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने की तैयारी के लिए समाज को जागृत करने का काम करेगा।

इस मौके पर दद्दन सिंह, मानस गुप्ता, अंकित जोशी, शिवम जोशी, मोहित जोशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंडल अध्यक्ष ने गठित किया बूथ कमेटी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरादेवी व सफीपुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में बूथ कमेटी गठन को लेकर बैठक की गई। इस बैठक में चुनाव अधिकारी के रूप में पहुंचे अमित भैया रामजी ने चुनाव प्रक्रिया शुरू किया जिसमें अमरा देवी के बूथ अध्यक्ष के रूप में दुखराज पाण्डेय व सफीपुर जितेंद्र वर्मा को चुना गया मंडल अध्यक्ष ने पार्टी का पटका पहनाकर शुभकामनाएं देते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने व सदस्यों को जोड़ने के लिए निर्देश दिए। सोमवार को ग्राम पंचायत अमरा देवी व सफीपुर गांव में भाजपा बूथ कमेटी गठन को लेकर एक बैठक की गई। इस बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय चुनाव अधिकारी भाजपा आईटी सेल विधानसभा संयोजक अमित भैया राम जी, प्रहलाद कुमार विमल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** महिला जिला चिकित्सालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन पीएलवी प्रियंका त्रिपाठी द्वारा किया गया। अमेरिकन जीन टेक्नोलॉजीज का दावा है कि एक जीन थेरेपी के माध्यम से एचआईवी/एड्स का इलाज संभव है। कंपनी का दावा है कि हमारे इस दिशा में अपना शोध कार्य पूरा करते हुए फाइनल रिपोर्ट एफडीए ( Food and Drug Administration) को सौंपी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस ड्रग से एचआईवी को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

### न्यायिक अधिकारियों के निरीक्षण में दुरुस्त मिली व्यवस्थाएं, दी गई जानकारियां



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव/ सदस्य अनुश्रवण समिति अनिल कुमार वर्मा, अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट-द्वितीय/अध्यक्ष अनुश्रवण समिति नूरी अंसार तथा प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड/सदस्य अनुश्रवण समिति अमित कुमार यादव तृतीय द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), और राजकीय महिला शरणालय भीखापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में निरूद्ध किशोर अपचारियों से उनके स्वास्थ्य के एवं भोजन के बारे मे जानकारी ली गयी। सचिव श्री वर्मा द्वारा किशोर अपचारियों को नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गयी और बताया गया कि यदि किसी किशोर अपचारी को विधिक सहायता चाहिए तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय अयोध्या के अन्तर्गत एलएडीसीएस के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। महिलाओं से उनके स्वास्थ्य एवं भोजन के विषय में पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि सबका स्वास्थ्य अच्छा है एवं भोजन भी अच्छा मिलता है।इस दौरान राजकीय महिला शरणालय अधीक्षिका को समुचित साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सचिव श्री वर्मा द्वारा जनपद कारागार का भी निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में साफ सफाई अच्छी पायी गयी। निरीक्षण के दौरान सचिव श्री वर्मा द्वारा अधीक्षक जिला करागार को निर्देशित किया गया कि बन्दियों के बौद्धिक विकास हेतु उनको मोटिवेट किया जाय, जिससे सभी बन्दी मानसिक तौर पर विकसित होकर देश विकास के मुख्य धारा में अपना योगदान प्रदान करें।

### चुनावी रंजिश में दलित बीडीसी के घर पहुंच दी जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** चुनावी रंजिश को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य के घर पहुंचकर गांव के ही कुछ लोगों ने न सिर्फजातिसूचक गालियां दी बल्कि कर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित क्षेत्र पंचायत सदस्य ने मामले की तहरीर छिरिया मलकपुरा चौकी में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही कुछ लोग उससे चुनावी रंजिश मानते हैं। चुनावी रंजिश को लेकर अक्सर विवाद करते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वह किसी काम के चलते बाहर गए हुए थे। घर पर पत्नी व पुत्रवधू अकेली थीं। सोमवार की सुबह करीब पांच बजे गांव के चार पांच लोग उसके घर पहुंच गए और घर के बाहर खड़े होकर जातिसूचक गालियां देने लगे। इतना ही नहीं जब दरवाजे नहीं खुले तो गेट पर लातें मारीं। जब पत्नी ने उन्हें रोका तो जान से मारने की धमकी देने लगे। इसकी जानकारी जब पत्नी ने उन्हें फोन पर दी तो उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। लेकिन पुलिस को आता देख वह सभी आइंदा देख लेने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस मशीन लगवाए जाने की मांग

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में डायलिसिस मशीन लगाई जाने की मांग ग्रामीण ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर की है। कुठौदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजते हुए लिखा कि नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 500 से लेकर 800 तक मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। ग्रामीण अंचल मेंमाधवगढ़, बंगरा, रामपुरा कुठौद, रेढ़र, नावली, शंकरपुर आदि दूर-दराज गांव के लोग भी इलाज कराने के लिए प्रतिदिन सीएचसी आते हैं। सीएचसी में डायलिसिस की सुविधा न होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है। क्षेत्र में सैंकड़ों की संख्या में ऐसे मरीज हैं जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है। उन्हें डायलिसिस के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसमें उनका हजारों रुपये आने जाने में ही खर्च हो जाता है। ऐसे में डायलिसिस कराने में ही परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच जाता है। यदि सीएचसी में डायलिसिस की सुविधा शुरू करा दी जाती है तो मरीजों को निश्चित तौर पर इसका लाभ मिलेगा। इसलिए मरीजों की परेशानी को देखते हुए सीएचसी में डायलिसिस मशीन लगवाकर डायलिसिस की सुविधा शुरू कराई जाए ताकि पूरे क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# जरूरतमन्दों को कम्बल वितरित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के ग्रामीणों को सर्दी से बचाने के लिए उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश के क्रम में तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार, लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी के साथ पंचायत भवन सिरौलीगौसपुर में दो दर्जन से अधिक गरीबों को लेखपाल की शिनाख्त पर कम्बल वितरित किया है।

सोमवार को पंचायत भवन सिरौलीगौसपुर के प्रागंण मे ग्राम प्रधान मैकूलाल की मौजूदगी में तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने राजस्व निरीक्षक व लेखपाल की शिनाख्त पर दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों को कम्बल वितरित किया है।

इसी क्रम में पंचायत भवन मरकामऊ में भी तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक, लेखपाल ग्राम प्रधान की शिनाख्त पर गरीब महिला, पुरुष, दिव्यांग आदि को कम्बल वितरित किया गया है।

तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने बताया है कि ग्राम पंचायत सिरौलीगौसपुर व मरकामऊ सहित क्षेत्र में गरीब दिव्यांग वृद्ध महिलाओं सहित 100 पात्रों को कम्बल वितरित किया गया है। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र में कंबल वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

# ऐमन जावेद फारूकी एंड ग्रुप ने दी बॉलीवुड सॉन्ग की शानदार प्रस्तुति

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



महादेवा महोत्सव के चौथे दिन सांस्कृतिक मंच पर ऐमन जावेद फारूकी एंड ग्रुप बॉलीवुड सॉन्ग का शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें संगीत पे संगत दी अगम्य म्यूजिकल बैंड रिंकू ऑक्टोपैड के सानिध्य में सबसे पहले सुप्रसिद्ध गायिका ऐमन जावेद फारूकी ने सत्यम शिवम सुंदरम, मानो तो मैं गंगा माँ, से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए भक्तिमय शाम का शानदार आगाज़ किया। एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देते हुए अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल गायिका अमन जावेद फारूकी ने दीवाना हुआ बादल, होश वालो को खबर क्या, मेरे महबूब में क्या नहीं, जैसे गीतों से लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। बेहतरीन गायिका अदिति वर्मा ने तेरी मोहब्बत में, हंसता हुआ नूरानी चेहरा, सुप्रसिद्ध गायिका ऐमन जावेद फारूकी, बेहतरीन गायिका अदिति वर्मा ने श्रोताओं का मन मोह लिया। लखनऊ से पधारी अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका वंदना श्रीवास्तव और सुप्रसिद्ध गायक सलीम अब्बासी ने जय जय शिव शंकर से लोगो का दिल जीत लिया। अंत में सुप्रसिद्ध गायिका ऐमन जावेद फारूकी ने, चंदरिया झीनी रे झीनी, से कार्यक्रम का समापन किया। सभी अतिथि और मौजूद लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बरतिया लेकर आई गयो रे बम बम भोले...



महादेवा महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में सोमवार को अनादि सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था लखनऊ की सचिव मुन्नी देवी की टीम द्वारा संगीतमय रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। टीम की कलाकार एवं आकाशवाणी लोक गायिका अनीता मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत, बरतिया लेकर आई गयो रे बम-बम भोले, गीत की प्रस्तुति से श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।

### सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आये हैं...



महादेवा महोत्सव के चौथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या में पूर्णिमा सेवा संस्थान लखनऊ की लोक गायिका पुष्पा त्रिवेदी और उनके साथी कलाकारों के लोकगीत एवं नृत्य ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तगीत, कहे गौरा शंकर से मार-मार ताना, की प्रस्तुति से की। इसके बाद, ऐसा डमरू बजाया भोले नाथ ने, गीत के साथ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद, लहरिया हम लबे गंगा नहाए के, सजा दो घर को गुलशन सा... आदि प्रस्तुति दी। साथी कलाकारों में पुष्पा त्रिवेदी, आद्या त्रिवेदी, तेजस्वी त्रिवेदी आदि ने कार्यक्रम को मनमोहक बना दिया। पंडाल में बैठे दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों की हौसला आफजाई की।

# डीएम को शेल्टर हाउस निरीक्षण में मिली अव्यवस्थाएं, संचालक को नोटिस

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- शेल्टर हाउस में लगे फायर एक्सटिंग्विशर मिले एक्सपायरी डेट के
- तत्काल फायर सिस्टम के रिफिल बदलने के दिए निर्देश
- सीसीटीवी कैमरे भी पाये गये बंद



बीती रात्रि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आश्रय गृह (शेल्टर हाउस) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शेल्टर हाउस की अव्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों को सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिये साथ ही संचालक को नोटिस जारी किया गया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने सबसे पहले शेल्टर हाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का हाल देखा और पाया कि कई कैमरे संचालक द्वारा बंद कर दिए गए थे। उन्होंने कड़ी फटकार लगाई और तुरंत सीसीटीवी कैमरों का संचालन शुरू कराया, और संचालक विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रवासियों की सुरक्षा के दृष्टिगत कैमरों का निरंतर संचालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही मैन गेट पर दो और सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने शेल्टर हाउस में आने वाले प्रवासियों की पहचान के लिए आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्रवासियों का रजिस्टर में समय और तारीख के साथ विवरण दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया प्रवासियों की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने शेल्टर हाउस में प्रकाश व्यवस्था की भी कमी पाई। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि अगले दो दिनों के भीतर शेल्टर हाउस में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम ने सुरक्षा को लेकर भी कड़े निर्देश दिए। शेल्टर हाउस में एक छोटा गैस सिलेंडर पाया गया, जिसे तुरंत परिसर से हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि शेल्टर हाउस में किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ की उपस्थिति नहीं होनी चाहिए, और इसके लिए निरंतर निगरानी रखी जाए। इसके अलावा शेल्टर हाउस में लगे फायर एक्सटिंग्विशर की डेट समाप्त हो चुकी थी। डीएम ने इस मामले में भी तत्काल फायर सिस्टम के रिफिल बदलने के निर्देश दिए। शेल्टर हाउस के संचालक की अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि संचालक को नोटिस जारी किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सदर उप जिलाधिकारी, थानाध्यक्ष, दो महिला कांस्टेबल और अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिया कि वह शेल्टर हाउस में निरंतर निरीक्षण करें ताकि कोई भी अव्यवस्था सामने न आए। उन्होंने कहा कि शेल्टर हाउस की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।



### सदर एसडीएम ने किया दंगल का शुभारंभ

**कुसमिलिया (जालौन), समृद्धि न्यूज।** डकोर क्षेत्र के कुसमिलिया गांव में दो दिवसीय राज्य स्तरीय दंगल एवं मेले का सदर उप जिलाधिकारी नेहा ब्याड़वाल ने फीता काटकर महिला पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया। दंगल के पहले दिन पहलवानों के बीच दो दर्जन से अधिक कुश्तियां हुईं। दंगल के प्रथम दिन सोमवार को पहली कुश्ती दो हजार रुपए के लिए महिला पहलवानों के बीच हुई। जिसमें बंटी हिमांचल प्रदेश व महिला पहलवान बलजीत गौर के बीच हुई। बलजीत गौर दिल्ली ने बंटी को पटखनी दी। इसके बाद 1500 रुपए की कुश्ती में रिकू निभाना ने फईम निभाना को पटकनी देकर कुश्ती जीती। इसी तरह 1000 रुपए की कुश्ती में भारत सादारा ने ताड़पुरा के पहलवान लोकेन्द्र धूल चटाकर जीत हासिल की। 1000 की कुश्ती में सूर्या पहलवान कुठौंदा ने मयंक जराखर को हराया। 1000 की कुश्ती में प्रतीम हरदोई को बन्टू पहलवान फतेपुर ने चित किया। 30 कुश्तियों में पहलवानों ने तरह-तरह के दांव-पेंच दिखाए। रेफरी की भूमिका में भूरा जराखर और सतीश राजपूत कुसमिलिया रहे। दंगल का संचालन संदीप राणा पहलवान ने किया। इस मौके पर चेयरमेन प्रतिनिधि बिजय चौधरी, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, प्रधान कृष्णकुमार राजपूत, कंचन राजपूत, परमेश्वरी दयाल राजपूत, राजेंद्र बापू, नारायण महान, अरविंद, मानसिंह राजपूत, शिव सहाय, सुरेश राजपूत, तुलसीराम, बीरेंद्र राजपूत, शैलेंद्र राजपूत, मूलचंद राजपूत, दिवाकर, रवि राजपूत, ग्रामीण सुदूर क्षेत्र से आए अतिथि आदि मौजूद रहे।

# सेंटमेरी इंटर कालेज में अग्नि शमन अधिकारियों ने आग पर काबू करने के बताए उपाय

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



सेंटमैरी इंटर कॉलेज के प्रांगण में अग्निशमन अधिकारी सानंद कुमार,सुभाष चन्द्र व उनके सहयोगी आकाश कुमार ने उपस्थित होकर सेंटमैरी इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल फादर शीजू जार्ज व मैनेजर फादर विन्सन की मौजूदगी में अग्निशमन विषयक से संबंधित विस्तार से जानकारी देते हुए शिक्षकों व छात्र छात्राओं को आग लग जाने पर काबू करने के उपाय बताए।

इस अवसर पर अग्नि शमन अधिकारियों ने सेंटमेरी इंटर कॉलेज के समस्त शिक्षक और शिक्षिकओं एवं कक्षा-1 से लेकर 12वीं तक के सभी छात्र- छात्राओं को बताया कि अग्नि दुर्घटना के समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए तथा यह प्रयोग करके भी दिखाया कि सिलेंडर में आग लग जाने पर कैसे बुझाया जा सकता है। इस संबंध में उन्होंने मंच पर छात्र-छात्राओं,कालेज स्टाफ के साथ प्रिंसिपल फादर,मैनेजर फादर व सिस्टर को आग बुझाने के तरीके बताए और यह सब प्रेक्टिकल करके सिखाया, इसके अलावा यह भी बताया कि गाड़ी में आग लग जाने पर उसे बुझाने के लिए क्या-क्या उपाय करने चाहिए। अग्नि शमन अधिकारियों ने सभी प्रकार की आग दुर्घटनाओं से बचने के तरीके बताए और मंच पर गैस सिलेंडर तथा आग बुझाने वाले यंत्र से प्रयोग करके भी दिखाया कि आग लग जाने पर कैसे त्वरित काबू पाया जा सकता है। इस अवसर पर सेंटमेरी परिवार ने अग्नि शमन अधिकारियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल, इटावा में खेलकूद सप्ताह का भव्य शुभारंभ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आज खेलकूद सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य एवं डीटीसी सीबीएसई डॉ. कैलाश चंद्र यादव और डॉ. शिवेंद्र ने संयुक्त रूप से किया।

प्रतियोगिताओं के पहले दिन छोटे बच्चों के लिए जलेबी रेस, बैलून रेस, लेमन स्पून रेस, सैक रेस, थ्री लेग रेस, और फ्रॉग जंप रेस जैसी मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खूब आनंद उठाया।

इसके साथ ही, टीम इवेंट्स के लीग मैचों की शुरुआत हुई। इनमें कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, टग ऑफ वार, और क्रिकेट जैसे खेल शामिल रहे। छात्रों ने अपने जोश और टीम भावना का परिचय दिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलकूद जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बच्चों के जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं।

## तीन शातिर बदमाशों को 6 माह के लिए किया गया जिला बदर

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** शातिर अपराधी जिनके विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों चोरी, लूट बलवा, गुण्डा अधिव के तहत मुकदमे दर्ज है। ऐसे 3 अभियुक्तगणों क्रमश: प्रदीप कुमार पुत्र शिवकुमार गुप्ता निवासी क्योलारी थाना रेढ़र जनपद जालौन, संजय सिंह भदौरिया पुत्र वीरेंद्र सिंह भदोरिया लल्ला निव ग्राम अमखेड़ा थाना जालौन जनपद जालौन एवं राहुल भदौरिया पुत्र विजय सिंह भदौरिया निवासी ग्राम अमखेड़ा थाना जालौन है। इन्हें 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। इस दौरान यह तीनों अभियुक्त लिखित रुप है यह अवगत कराऐगे कि वह किस राज्य किस जनपद किस थाना किस नगर मोहल्ला में निवास करेगें। इस दौरान अपने पास आपको स्वस्थ नहीं रखेंगे। यदि इस आबादी में भी जनपद की सीमा के अंदर पाए गये तो उनके विरुद्ध गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 10 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इन तीनों जिला बदर से संबंधित थाना प्रभारी 3 दिनों के भीतर संबंधित न्यायालय को अवगत कराएंगे।

# आरटीए की बैठक सम्पन्न स्टेज कैरिज परमिट जारी

- 34 ओवरलोड वाहनों के परमिट निलम्बित

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक सोमवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, सदस्य, सुरेन्द्र कुमार,उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), लखनऊ /सदस्य सुश्री ऋतु सिंह, सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण/ सम्भागीय परिवहन अधिकारी उपस्थित रहे।इस दौरान विभिन्न प्रकरणों व आवेदनों से सम्बन्धित आपरेटर/वाहन स्वामी आदि भी उपस्थित रहे।बैठक में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।मोटर गाड़ी अधिनियम 1988 की धारा-86 के अधीन 34 प्रकरणों को प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि ओवरलोडिंग/ परमिट शर्तों के उल्लंघन आदि नियमों को तोड़ने वालों को चालान भुगतने व सहमत शुल्क जमा करने हेतु नोटिस दिए जाने के बावजूद जुर्माना नहीं जमा किया गया। इस दौरान उपस्थित वाहन स्वामियों को सुना गया।इसमें 37 प्रकरण में से 03 आवेदकों द्वारा सहमत राशि जमा करायी गई एवं चालान निस्तारित करा लिया गया।ऐसे अन्य 34 प्रकरण में वाहन स्वामियों को अन्तिम अवसर देते हुए आगामी 15 जनवरी तक परमिट का निलम्बन करते हुये चालान/सहमत राशि जमा कराने हेतु निर्देश दिया गया तथा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आगामी 15 जनवरी तक सभी वाहन स्वामी चालान निस्तारित करा लें और निलम्बन अवधि में मूल परमिट कार्यालय में जमा कराये अन्यथा इस तिथि के बाद उनका परमिट स्वत: निरस्त समझा जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी परमिट धारक वाहन स्वामी की होगी।

इसके अलावा मोटर गाडी अधिनियम 1988 की धारा 72 के अन्तर्गत मंजिली गाड़ी के स्थायी परमिट स्वीकृत करने के सम्बन्ध में वाहन स्वामियों द्वारा 04 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। निर्णय लिया गया कि कटका खानपुर से अकबरपुर वाया पौढी सेमरी (अराष्ट्रीयकृत मार्ग) पर की आवेदिका को सुना गया तथा परमिट इस शर्त के साथ स्वीकृत किया गया है कि 15 जनवरी तक वाहन पर सभी चालानों का निस्तारण अविलम्ब कराने के उपरान्त ही परमिट जारी किया जाएगा अन्यथा नहीं। पुष्पेन्द्र यादव के आवेदन वाहन पर 20 चालान लम्बित होने के कारण परमिट संबंधी निर्णय अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

प्राधिकरण द्वारा कहा गया कि बार बार चालान होना, नियमों का उल्लंघन करना व तत्पश्चात चालान न भुगतना नितान्त आपत्तिजनक है, इसलिए परमिट धारको आवेदकों को नियमों का पालन करना चाहिए। कादीपुर से पट्टी वाया चांदा व प्रतापगढ़ से शुकुल बाजार वाया अन्तु-अमेठी-गौरीगंज-जगदीशपुर (अराष्ट्रीयकृत है मार्ग) पर एक एक स्टेज कैरिज परमिट स्वीकृत किया गया है। बैठक के अन्त में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) सचिव सुश्री ऋतु सिंह द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवरिया रडा विकास खण्ड बिजुआ खीरी

पत्रांक मेमो/ टेन्डर/ 2024-25 दिनांक-02.12.2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवरिया रडा में निम्नलिखित कार्यों पर सीमेंट, मौरंग, ईंट, गिट्टी, बालू, मिट्टी, इंटरलॉक सामग्री पर आवश्यकता है। इच्छुक फर्म दिनांक- 03.12.2024 से 05.12.2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 06.12.2024 को शायं 05:00 बजे ग्राम पंचायत देवरिया रडा में समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी देवरिया रडा से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | शत्रोहन के घर से गुड्डू सिंह के घर तक इंटरलॉक निर्माण कार्य। | 398375 |
| 2. | रमाकांत के घर से मूलचंद के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 398632 |
| 3. | विद्यालय से अमलामुदीन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 398375 |
| 4. | छैल बिहारी के घर से ओमप्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 398783 |
| 5. | बाजार पीडब्लूडी रोड से अलीमुदीन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 398783 |

**प्रधान**
**अभिषेक पुष्कर**
**ग्रा.पं. देवरिया रडा वि.खं. बिजुआ खीरी**

**सचिव**
**गोल्डी वर्मा**
**ग्रा.पं. देवरिया रडा वि.खं. बिजुआ खीरी**

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

## शिक्षा ही एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करके अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल आदर्श विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक रामपाल सिंह ने समस्त मेधावी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर हौसला अफजाई की। वही प्रधानाचार्य दीपक यादव ने निबंध प्रतियोगिता के सीनियर विंग में प्रथम खुशी राठौर, द्वितीय अंशिका व शबनम तृतीय कनिष्का व आयुषी तथा जूनियर विंग में प्रथम अमन व आयुष, द्वितीय खुशी व शिप्रा एवं तृतीय स्थान अंशिका व शिवानी राठौर प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से मानसिक विकास के साथ-साथ बहुमुखी प्रतिभा का विकास करने की पहल है, प्रतियोगिताओं के माध्यम से बालक की अंतर्निहित आत्मा के ज्ञान का विकास होता है इसके माध्यम से बालक के सोचने की क्षमता को भी बढ़ाने का लक्ष्य है ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षा ही एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है तथा अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है।

आज तक आप सभी अपने परिजन व अभिभावक की देख रेख में शिक्षा ग्रहण किए। अगली शिक्षा के लिए लगन और मेहनत की जरूरत है। आगे की शिक्षा तथा लक्ष्य के लिए समाज का एक अच्छा इंसान बनना भी महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को कभी यह नहीं सोचना चाहिए कि उनके पिता किसान हैं या मजदूर हैं तो एक अच्छे मुकाम पर नहीं जा सकते।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनीता प्रजापति, शिवानी राजपूत, प्रियांशी दुबे, प्रिया पाण्डेय, सलोनी, सोनाली दुबे, दिव्या यादव, कृतिका चौहान, अंजली प्रजापति, सोनम, मनीष पाल, अमित कुमार, धीरेंद्र सिंह, यतेंद्र कुमार, दीपक यादव, ऋषभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# गंदगी फैलाने वालों से गुलाब देकर की जायेगी स्वच्छता की अपील

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



कूड़ा वाहन संचालक अब आपके घर से कचरा लेने के साथ साथ आपसे सेल्फी की अपील भी करेंगे नगर पालिका सभागार में वाहन चालक और सफाई नायकों को प्रशिक्षण देते हुए तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना तभी पूरा हो सकता है।

जब नागरिकों की सक्रिय भागीदारी होगी उन्होंने बताया कि नाम, उम्र एवं वार्ड के नाम के साथ पंजीकरण कराने के बाद लगातार सात दिन तक नगर सेवा एप या नगर पालिका के हेल्पलाइन नंबर पर पालिका के वाहन में कूड़ा डालते हुए फोटो अपलोड करना है। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह की 7 तारीख को लकी ड्रॉ निकाला जायेगा जिसमें भाग्यशाली बच्चों और महिलाओं को चेयरमैन मनोज दुबे पालिका प्रशासन के साथ विजेता के घर जाकर सम्मानित करेंगे द्यउन्होंने कहा कि पालिका सफाई को लेकर संकल्पित है गंदगी फैलाने वाले नागरिकों से गुलाब देकर सफाई रखने की अपील की जायेगी द्यइस अवसर पर सफाई लिपिक अमरदीप, प्रवेश यादव, सफाई नायक एवं सभी कूड़ा वाहन चालक इत्यादि मौजूद रहे।

# सीओ सिटी ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षण



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने और व्यवस्थाओं को सदृढ रखने के लिए क्षेत्रीधिकारी नगर ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होने स्वच्छता सहित अभिलेखों का रखरखाव व लंबित मामलों की जानकारी ली और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होने विभिन्न आपराधिक व आवश्यक अभिलेखों का अवलोकन कर संबंधित कर्मी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कोतवाली परिसर में सफाई व्यवस्था, मामलों में वांछित वाहनों, भोजनालय, शौचालय, सीसीटीएनएस, रिसेप्शन आदि का निरीक्षण किया। बीट प्रभारियों को क्षेत्र में शांति व सौहार्द कायम रखने के लिए नियमित भ्रमण करने और लंबित मामलों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाल आलोक कुमार दुबे, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, नौरंगपुर चौकी प्रभारी मोहन लाल, जसोदा चौकी प्रभारी सुनील कुमार, मझपुर्वा चौकी प्रभारी श्याम पाल, बनियानी चौकी प्रभारी रावेन्द्र सिंह, रामाश्रम चौकी प्रभारी हरीश कुमार, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# एसपी ने थाना सौरिख का किया निरीक्षण

> साफ-सफाई रखने, विवेचनाओं के निस्तारण तथा माल निस्तारण करने के दिए निर्देश

**छिबरामऊ, सौरिख कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



कन्नौज पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द द्वारा थाना सौरिख का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

जिसमें थाना कार्यालय के अभिलेख चेक किये गये तथा थाना कार्यालय,शस्त्रागार ,हवालात, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, आरक्षी बैरक एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, विवेचनाओं के निस्तारण तथा माल निस्तारण के निर्देश दिये। थाने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र मे अपराधियों की जानकारी रखने व उनसे सम्बन्धित बीट दर्ज कराने, शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा टॉप-10 अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण एवं उन पर सतर्क निगरानी रखने तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन व आत्मनिर्भर बनने के लिये जागरूक करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# इत्र पार्क को लेकर अखिलेश व सुब्रत पाठक पर हुए आमने-सामने

**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

> सपा मुखिया ने एक्स पर पोस्ट डालकर योगी सरकार को घेरा कहा कि दोयम दर्जे का बन रहा इत्र पार्क

कन्नौज के सांसद व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ठठिया के इत्र पार्क को लेकर एक्स पर भाजपा सरकार को घेरा है। लिखा है कि सपा सरकार के दौरान परफ्यूम पार्क को वर्ल्ड क्लास बनाने की प्लानिंग थी। जिससे कन्नौज के इत्र व्यवसायी विश्व स्तर पर बनने वाले परफ्यूम से प्रतिस्पर्धा कर सके। पर भाजपा सरकार इसे भी कन्नौज की अन्य योजनाओं की तरह दोयम दर्जे का बना रही है।

गौरतलब है कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के ठठिया कट के निकट सपा सरकार के दौरान परफ्यूम पार्क के निर्माण की योजना बनी थी। जमीन का अधिग्रहण कर बाउंड्रीबाल का निर्माण शुरू हो गया था। पर सपा सरकार के जाते ही यह निर्माण रूक गया। अब भाजपा सरकार इत्र पार्क का निर्माण करा रही है। रविवार को डीएम समेत कई अफसर इत्र पार्क पहुंचे थे। पार्क में उद्योग लगाने के लिए व्यापारियों को भू आवंटन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस दौरान 66 व्यापारियों ने भू आवंटन के लिए आवेदन किया था। जिसमें 33 व्यापारियों को रविवार को आंवटन कर दिया गया था। इसी दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव भी देर शाम एक्सप्रेस-वे के तिर्वा कट पर पहुंचे थे। यहां मौजूद सपा नेताओं ने जब उन्हे इत्र पार्क के बारे में जानकारी दी, तो उनका कहना था कि सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। भाजपा सरकार इत्र पार्क को 2027 के चुनाव तक लटकाना चाहती है। इस मामले में सोमवार को अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट लिखा है। इसमें भी उन्होने इत्र पार्क को लेकर योगी सरकार को घेरा है। उनके एक्स पर लिखे गए पोस्ट के जबाव में कन्नौज के पूर्व भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने भी सोशल मीडिया पर सोमवार को पोस्ट डालकर उन्हे जबाव दिया है। लिखा है कि अखिलेश यादव को अभी परफ्यूम व इत्र में अन्तर तक पता नहीं है। सिर्फ कन्नौज के सांसद हो जाने से किसी को इत्र की समझ नहीं आती।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर होगी निबंध प्रतियोगिता

**छिबरामऊ, कन्नौज।** चेयरमैन मनोज दुबे ने बताया कि बच्चों के माध्यम से स्वच्छ नगर बनाने की परिकल्पना की है, उत्सव के माध्यम से अलग अलग वर्ग में कुल 31 तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, उसी क्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती 25 दिसंबर को, पर स्वच्छता विषय पर जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, नाम लिखाने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है प्रतियोगिता पूरी तरह निःशुल्क है।

### दो वांछित वारण्टी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तालग्राम कन्नौज पुलिस अधीक्षकअमित कुमार आनन्द के निर्देशन , अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे वांछित अभियुक्त/ वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालग्राम पुलिस द्वारा अलग- अलग प्रकरण में वांछित चल रहे 02 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। राजेश पुत्र सोनेलाल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज रघुपाल पुत्र छोटेलाल उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम नगला खगू थाना तालग्राम को मुखवार की सूचना पर पहुंचकर उनि सन्तोष कुमार उनि रोहित सिंह हेका संजय सिंह का0 गबरुद्दीन थाना तालग्राम जनपद कन्नौज ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

### बकरी बांधने के विवाद में मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बकरी बांधने के विवाद को लेकर परिवार के लोगों ने गाली गलौज की और महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कस्बा समधन के मोहल्ला किदवई नगर निवासी नाजमा बेगम पत्नी मुस्ताक ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि परिवार के लोग सोमवार की सुबह लगभग 09 बजे बकरी बांधने के विवाद को लेकर उसके दरवजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ससुरालियों पर मारपीट करने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला ने ससुरालियों पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। कस्बा के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी अनुराधा दुबे कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह मेहनत मजदूरी कर अपने च्चों का पालन पोषण करती है। उसका पति व ससुराली आए दिन उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करते है। मना करने पर उसे मकान बेंच देने की धमकी देते है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किसानों से सौतेला व्यवहार कर रही है सरकार : प्रदेश अध्यक्ष

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन बलराज के जिला अध्यक्ष के आवास पर जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई भारतीय किसान यूनियन बलराज के जिला अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह के निवास पर एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें बैठक में खाद पानी को लेकर वार्ता हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में थे अध्यक्ष ने कहा है किसानो की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन बलराज सदैव किसानों के हित में रहा है वह आगे भी रहेगा किसानों को लाइन में लगाकर यह सरकार किस से सौतेला व्यवहार कर रही है अध्यक्ष जी ने कहा भारतीय किसान यूनियन बलराज की तरफ से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे हटवा कर हम लोग मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को जल्द ही देंगे जिला सचिव पंकज सिंह जी ने अध्यक्ष जी को ये आश्वासन दिया है जो भी निर्धन परिवार के बच्चे हैं उनको मुफ्त में शिक्षा प्रदान की जाएगी।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष कन्नौज चौधरी प्रताप सिंह युवा जिला अध्यक्ष एडवोकेट सुदेश शाक्य युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव ब्लॉक अध्यक्ष सौरिख अजय यादव कालीचरण जी रामबाबू जी बाबा यादव आमिर खान कल योगेंद्र कौशल यादव आदिलोग मौजूद रहे।

# वीडियो कांफ्रेसिंग से मुख्य सचिव ने इत्र पार्क के संबंध की समीक्षा

> मुख्य सचिव बोले कन्नौज के उद्यमियों को ही अधिक से अधिक प्लाट आवंटन करें

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव के साथ समीक्षा करते जिलाधिकारी

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूपीसीडा मयूर महेश्वरी की उपस्थिति में एनआईसी में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के साथ ठठिया स्थित इत्र पार्क के संबधं में समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि इत्र पार्क में कार्यदायी संस्था यूपीसीडा द्वारा प्लांट आवंटन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये। यूपीसीडा यह सुनिश्चित करें कि कन्नौज के उद्यमियों को ही अधिक से अधिक प्लाट आंवटन किया जाये। इत्र पार्क में यूपीसीडा व अन्य इत्र से संबंधित विभागों को भी भूमि उपलब्ध करायी जाये। कहा कि जिन उद्यमियों द्वारा प्लाट क्रय किया है वह अपना उद्योग स्थापना हेतु कार्य प्रारम्भ करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने भूखण्ड आवंटन में स्थानीय उद्यमियों को वरीयता दिये जाने एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पैकेजिंग तथा एफएफडीसी की एक विंडो के लिए स्थान दिये जाने के साथ ही जिन उद्यमियों को भूखण्ड आवंटित हो उनके लिए उद्योग स्थापित करने हेतु समय सीमा को कम किये जाने की बात कही। ताकि इत्र पार्क में शीघ्र ही इकाई स्थापित की जा सके। साथ ही यूपीसीडा का एक कार्यालय भी इत्र पार्क में खोला जाये जिससे उद्यमियों को सहूलियत रहे। अवगत कराया कि इत्र पार्क में उद्यमियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया था। 05 चरणों में 33 उद्यमियों को भूमि आवंटित किया जा चुका है। शेष 25 औद्योगिक भूखण्डों को निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से आवंटन किया जायेगा। बैठक के अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह उपस्थित रहे।

# राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने जीता मेडल

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिला स्तरीय तीन दिवसीय शूटिंग चैंपियन प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिला जज चंदोदय कुमार ने प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। एचएम महाविद्यालय डुंडवाबुजुर्ग में आयोजित द्वितीय कन्नौज राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने निशाना लगाकर अपने- अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जनपद के कई महाविद्यालयो के शूटिंग खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर की छात्रा साक्षी तिवारी, एकता तिवारी, सोनम प्रजापति, आध्या दुबे ने राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर बाजी मारी और महाविद्यालय का नाम रोशन क़िया। महाविद्यालय के चेयरमैन राजीव कुमार ने सभी को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं ऐसी प्रतियोगिताओं का महत्व बताया। शूटिंग प्रतियोगिता में सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के फाउंडर तहसीन सिद्दीकी और ट्रेनर नेशनल शूटर अनिल कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।



मेडल पाकर खुशी की मुद्रा में अविका डिग्री कॉलेज की छात्राएं

# सोशल मीडिया पर फोटो किया वायरल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के युवक ने किशोरी का फोटो अन्य युवक के साथ लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम निवासी युवक का कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहना है कि गांव के युवक ने उसकी पुत्री की फोटो दूसरे लडके के साथ लगाकर उसपर आपत्तिजनक बातें लिखकर फेसबुक पर पोस्ट कर दी। मना करने पर उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### सीएमओ से की चिकित्सा सुविधा बढ़ाने की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बदलते मौसम और मच्छरों के प्रकोप के चलते नगर सहित क्षेत्र में भारी संख्या में लोग बुखार की चपेट में आकर निजी व सरकारी अस्पतालों के चक्कर लगा रहे है। इससे निजात दिलाने और संक्रामक रोगों पर लगाम लगाने के लिए नगर विकास समिति के पदाधिकारियों ने सीएमओ से मुलाकात कर समस्या के निस्तारण की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। सोमवार को नगर विकास समिति गुरसहायगंज के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने नगर में तेजी से फैल रहे डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, टाइफाइड व वायरल बुखार की रोकथाम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में समुचित इलाज व परीक्षण की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। जिससे रोगियों को उपचार के लिए इधर उधर भटकना न पड़े। जबकि मच्छरों पर लगाम लगाने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव करने के की मांग मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वदेश कुमार से की। अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंप कर समस्या के निस्तारण की मांग की।

# सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने किया बैंकों का निरीक्षण




बैंक का निरीक्षण करते सीओ सदर कमलेश कुमार

> जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों ने पुलिस बल के साथ बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। जिसमें बैंक में लगे सीसीटीवी, सायरन इत्यादि को चेककर शाखा प्रबंधक को आवश्यक दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ सदर कमलेश कुमार ने पुलिस कर्मियों के साथ सोमवार को शहर में भारतीय स्टेट बैंक सहित आदि बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्किंग में खड़े वाहनों को भी चेक किया। मौके पर बैंक में संचालित सीसीटीवी कैमरे को देखा। शाखा प्रबन्धक से वार्ता कर सायरन व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया तथा मौके पर सुरक्षा गार्ड से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बैंक कर्मचारियों को अपराध रोकने की दृष्टि से किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरा व सायरन को भी देखा तथा बैंकों पर तैनात पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए।

### जमीन के विवाद में युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जमीन के विवाद के चलते गांव के लोगों ने गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। ग्राम डिल्लियाभूड़ निवासी रामाधार पुत्र सुल्तान ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के लोग उसकी जमीन पर निर्माण कार्य कराकर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। जब उसने मना किया तो उसके साथ गाली गलौज की और उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जमीन विवाद में मारपीट, दी तहरीर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जमीन के विवाद को लेकर लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी प्रमोद पुत्र विदाई लाल ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मोहल्ला सुभाष निवासी दो युवकों ने जमीन के विवाद को लेकर 01 दिसंबर की शाम करीब 06 बजे उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर लाठी डंडों से उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लगन व मेहनत से पढ़ाई कर परीक्षाओं में पाएं सफलता: एसडीओ

> राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा में आयोजित हुआ पुरातन छात्र सम्मेलन

**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा में सोमवार की दोपहर पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें इस विद्यालय में पढ़े पूर्व छात्रों ने कॉलेज पहुंचकर अपने अनुभव साझा किए। अध्ययन कर रहे छात्रों को बताया कि लगन व मेहनत के साथ पढ़ाई करने से निश्चित तौर पर सफलता हासिल होती है।

आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य व तिर्वा के एसडीओ विद्युत कुलदीप राजपूत ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की चित्र पर दीप पृज्जवलन कर कराई। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि आज के इस प्रतिर्स्पधी दौर में शिक्षा का सबसे अधिक महत्व है। छात्रों को चाहिए कि लगन व मेहनत से निरंतर पढ़ाई कर परीक्षाओं की तैयारी करें। उन्हे निश्चित रूप से परीक्षाओं में बेहतर अंक हासिल होगें। इस मौके पर शिक्षक महेश सिंह यादव, सर्वेश कुमार कुशवाहा, प्रमोद कुमार यादव, पुरातन छात्र आमेकार राजपूत, सर्वेश, कृष्ण कुमार तिवारी समेत कई शिक्षक व पुरातन छात्र मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि एसडीओ विद्युत कुलदीप राजपूत को पुष्प गुच्छ भेंट करते शिक्षक

# नवप्रवेशित भावी चिकित्सकों के स्वागत समारोह का हुआ आयोजन



कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षकगण व नवप्रवेशित भावी चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलज में सोमवार को नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं यूजी और पीजी बैच 2024 का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना से किया गया है। जिसमें 2023 बैच की छात्राओं ने वन्दना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ0 सर्वेश वर्मा ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह संक्रमणकालीन पाठ्यक्रम से सभी छात्र/छात्राओं को आयुर्वेदिक के विषय में पूर्व जानकारी प्राप्त होगी, इसके बाद अतिथि का सम्मान कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. अन्जना दीक्षित ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम में 2023 बैच द्वारा शायरी, गाना की प्रस्तुति की गई, इसमें नव छात्रा/छात्राओं के माता, पिता ने भी अपने विचारों से कॉलेज के प्रतिसम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षको ने नवप्रवेशिथ भावी चिकित्सकों 2024 बैच के छात्र/छात्राओं को संयमित जीवन शैली और आयुर्वेद का सम्मान करने के साथ-साथ उनको उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं। 2023 बैच के छात्र/छात्राओं द्वारा सभी के लिये स्वल्प जलपान की व्यवस्था की गई। संचालन तीशा और विकांक्षा 2023 बैच की छात्राओं ने किया। 2024 बैच के पी.जी. में नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं का स्वागत 2023 बैच के पी.जी. छात्र/छात्राओं ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशिता एवं डॉ. कविता ने किया। पी.जी. ओरियंटेशन का कार्यक्रम डॉ. निरंजन एस. (डीन पी.जी.) की देख रेख में हुआ। नव छात्र/छात्राओं को 2023 बैच के छात्र/छात्राओं द्वारा स्मृति स्वरूप उपहार भी दिये गये।

यूजी 2024 बैच के संक्रमणकालीन पाठ्यक्रम के इंचार्ज डॉ. शीलू, डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, डॉ. कविता शर्मा की देख रेख में हुआ। कार्यक्रम में डॉ. रीता सिंह, डॉ. नीतूश्री, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. संकल्प सिंह, डॉ. अविधा, डॉ. कविता, डॉ. मधुरंजन, डॉ. सुहेबा, डॉ. अरीब, डॉ. आनन्द, डॉ. रेशमा, डॉ. शिल्पा, डॉ. रासना आदि चिकित्सक उपस्थित रहें।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में दो सगे भाइयों समेत तीन को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने गैर इरादतन हत्या के मामले में सुरेश, महेश पुत्रगण बाबूराम, प्रवेश पुत्र महेश निवासीगण ग्राम पैथान कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच पांच वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 21 वर्षों पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के पैथान निवासी पतीराम पुत्र चेतराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा था कि मेरे गॉव में चकबन्दी होने के बाद महेश शाक्य का खेत मुझे मिल गया था। जिसमें एक पेड़े नीम, एक लभेड़ा, दो आम के खड़े थे। इन पेड़ों को महेश के परिवारीजन अपना बताते थे जबकि खेत मेरा होने के कारण उपरोक्त पेड़ मेरे हो गये थे। इसी बात को लेकर दिनांक 16 मार्च 2003 को जब मेरा लड़का ब्रह्मानंद खेत पर गया, तो वहाँ पर सुरेश के साथ कुछ कहासुनी हो गयी थी। इसी बात को लेकर भाई महेश के घर शिकायत करने गए। जैसे ही यह लोग महेश के घर के पास पहुंचे, तो महेश, सुरेश लाठियां लिए हुए थे। प्रवेश हाथ में तमंचा लिये था। इन लोगों ने मेरे भाई नारायणदास के ऊपर लाठियों से हमला किया और जान से मारने की नियत से तमंचा से गोली मार दी, जो कि उसके पेट में लगी। हम लोगों ने ललकारा, तो यह लोग भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व जिला शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने सुरेश, महेश, प्रवेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच-पांच वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के सीएचसी प्रभारी ने दिये निर्देश



बैठक के दौरान मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए सीएचसी प्रभारी ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बोले लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसलिए सभी लोग 8 दिसंबर से शुरु होने वाले पल्स पोलियो अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनायें। पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए सीएचसी प्रभारी शोभित शाक्य ने आशा बहुओ व एएनएम को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पोलियो अभियान 8 दिसम्बर से शुरू होगा। जिसमे कमजोर बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान चलेगा। 5 वर्ष के बच्चों को एमआर फर्स्ट, एमआर सेकेन्ड का टीका लगाने को लेकर सीएचसी प्रभारी ने कहा कि सभी आशा व एएनएम समय से ड्युटी करें। कोई भी बच्चा पोलियो पीने से वंचित न रह जाये। सम्पूर्ण कार्य दिवस की प्रतिदिन रिपोर्टिंग के वारे में प्रशिक्षित किया। इस दौरान डब्लूएचओ मॉनीटर उदयवीर, वीपीएम मोहित गंगवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा की बैटरी चोरी कर लेने का विरोध करने पर धमकाया



वह ई-रिक्शा जिससे चोरी की गयीं बैटरी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम श्रंगीरामपुर निवासी सतीश पुत्र स्वर्गीय पन्नालाल ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया पीड़ित के पास एक ई-रिक्शा है। जिससे सवारी ढोने का काम करता है। दिनांक 26.10.2024 को 10.00 बजे वह राजपुर से कुछ सवारियां लेकर श्रंगीरामपुर पोस्ट ऑफिस गया था। ई-रिक्शा ऋषि गुप्ता के घर के नजदीक खड़ा करके सवारी को छोड़ने पोस्ट ऑफिस के अंदर गया था। जब पीड़ित वापस आया तो उसने देखा कि जहां पर ई-रिक्शा खड़ा किया था वहां पर नहीं था। थोड़ी दूरी पर खड़ा था और उसकी बैटरी गायब थी। जब पीड़ित ने पता किया तो पता चला शिवम गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता निवासी ग्राम श्रंगीरामपुर नई बैटरी चुराई है। जब पीड़ित द्वारा शिवम गुप्ता से बैटरी चुराने का विरोध किया गया, तो उसने उसे घर से भगा दिया। मेरे ई-रिक्शा का नंबर यू.पी.76टी8155 है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली है।

# आवारा सांडों के स्वछंद विचरण करने से राहगीरों में दहशत



लड़ रहे आवारा सांड

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

आवारा पशुओं के आतंक से राहगीर खासे परेशान हैं। यह हिंसक जानवर कभी भी किसी पर भी हमला कर उसे घायल कर सकते हैं। कभी-कभी तो बुजुर्ग या बच्चों की मौत तक हो जाती है, लेकिन इसके बावजूद इन आवारा जानवरों को खुलेआम घूमने की नगर पालिका इजाजत दे रहा है।

जानकारी के अनुसार शासन व प्रशासन के सख्त आदेश हैं कि आवारा पशुओं को तुरंत गौशाला में बंद किया जाये।

जिससे वह किसान व जनमानस का नुकसान न कर सकें, लेकिन शासन प्रशासन के इस आदेश का मातहत पालन नहीं कर रहे हैं। जिससे आवारा जानवर नगर में आराम से घूम रहे हैं। जिससे राहगीरों में दहशत का माहौल है। राहगीरों का कहना है कि जानवर कभी भी हिंसक होकर हमला कर सकते हैं। जिससे व्यक्ति की जान पर बन आती है। बीते दिन रविवार को किसानों की समस्याओ के समाधान के लिए उपजिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह ने किसानों को मन्डी समिति में बुलाया था।

वार्ता होने के बाद किसान नेता चन्द्र सिंह जाट निवासी जटवारा थाना कायमगंज जैसे ही मन्डी समिति के गेट पहुचे, तभी अचानक वहाँ आपस में लड़ रहे आवारा साँड ने उन पर हमला कर दिया था। जिससे किसान नेता घायल हो गये थे। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया गया था।

## दुर्गा मंदिर से फिर आरोपियों ने चुराई मूर्ति

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों मंदिर से चोरी की गई दुर्गा मूर्ति का खुलासा होने पर आरोपी ने मूर्ति को वापस रख दिया था। जिस पर ग्रामीणों के शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई की थी, लेकिन छूटने के बाद आरोपियों ने पुनः मां दुर्गा की मूर्ति चोरी कर ली। ग्रामीणों ने एक बार पुनः पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम नगला जोधा के ग्रामीणों ने बीते दिनों थाना पुलिस से शिकायत की थी कि उनके गांव में ही बना दुर्गा मां का मंदिर जिसमें मां दुर्गा की मूर्ति को अज्ञात लोगों ने उठा लिया था। जिसकी जानकारी वहां मौजूद ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दी थी। जब थाना पुलिस ने हस्तक्षेप किया, तो आरोपीगणों ने मूर्ति को वापस मंदिर में रख दिया था, लेकिन फिर भी उन पर पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर गांव के निवासी वीरेंद्र पुत्र वेदराम जाटव तथा ममता देवी पत्नी राजीव जाटव का 151 में चालान कर दिया था, लेकिन उसके बाद जब आरोपी छूटकर आए तो ग्रामीणों के बताए मुताबिक मंदिर से दोबारा मूर्ति को निकाल कर ले गये। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई, तो पूर्व रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर डीपी मौर्य ने थाने पुलिस से दोबारा शिकायत की और पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि आरोपी ने दोबारा मूर्ति को निकाल लिया और गांव में लेकर घूम रहे हैं। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही।

# बाइक ओवरटेक कर रहा बाइक सवार वाहन की चपेट में आया, घायल



घायल को लोहिया अस्पताल ले जाती ट्रैफिक पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मार्ग दुर्घटना में घायल हुए बाइक सवार को ट्रैफिक पुलिस ने टैक्सी से इलाज के लिए लोहिया अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को ज्ञानेश्वर पाण्डेय पुत्र बाबूराम पाण्डेय बाइक से किसी काम से जा रहे थे, तभी ओवरटेक करने पर वह वाहन की चपेट में आकर गम्भीर रुप से घायल हो गये। घटना की सूचना राहगीरों ने आईटीआई चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

# पुलिस ने मार्ग दुर्घटना का दर्ज किया मुकदमा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मोटर साइकिल की टक्कर से दो भाई घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीधा पैर टूट जाने पर एक का इलाज अभी भी प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

पीड़ित ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्वालटोली निवासी मनोज चंद्र पुत्र राकेश कश्यप का भाई बिजेंद्र उर्फ रवि दिनांक 23.11.2024 को बैंक कलेक्शन के कार्य से कलेक्शन मैनेजर योगेंद्र के साथ गुरसहायगंज से फतेहगढ़ मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.76एस8199 से वापस आ रहा था। करीब 3.45 बजे रामलीला मैदान के पास पहुंचा, तभी कमालगंज की तरफसे आ रही मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.76डब्लू8994 पैशन प्रो का चालक तेजी एवं लापरवाही से चलते हुए आ रहा था। पीड़ित के भाई ने मोटरसाइकिल सड़क के किनारे कर ली, लेकिन मोटरसाइकिल चालक तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए गलत साइड में आकर मेरे भाई की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पीड़ित का भाई एवं योगेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त घटना में पीड़ित के भाई का सीधा पैर टूट गया एवं शरीर में भी गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घायल भाई एवं योगेंद्र को सरकारी स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज इलाज के लिए ले जाया गया। वहां पर हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। वर्तमान में पीड़ित के भाई का इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# निरीक्षण करने निकले बीडीओ को ग्राम पंचायत चंदुइया में मिली खामियां

- सफाई कराने तथा अधूरे अभिलेखों को दुरुस्त करने के सचिव को दिये निर्देश



ग्राम पंचायत का निरीक्षण करते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

निरीक्षण पर निकले खंड विकास अधिकारी को ग्राम पंचायत में कई खामियां मिलीं। जिनको जल्द सुधरने के अधीनस्थों को निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदुइया में खंड विकास अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में टूटी नालियां, बाधित सफाई व्यवस्था सहित कई खामियां मिलीं। जिस पर खण्ड विकास अधिकारी ने संबंधित सफाई कर्मचारी को एक सप्ताह के अंदर सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। वहीं पंचायत भवन में पहुंचकर पंचायत सहायक के अभिलेखों को देखा। जिस पर आधे अधूरे अभिलेखों को देखकर खंड विकास अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने नाराजगी जताई। वहीं ग्राम सचिव कुलदीप कुमार को निर्देशित करते हुए बताया कि जो गांव में टूटी हुई नालियां हैं उनको एक सप्ताह के अंदर बनवाकर सही कर दें और सभी व्यवस्थाओं को देखते हुए ग्राम पंचायत में कोई भी अधिकारी किसी भी समय आ जाए तो किसी भी तरह की सफाई व्यवस्था चौपट ना मिले। जिस पंचायत सहायक को भी निर्देशित करते हुए बताया कि वह भी अपने अभिलेख जल्द से जल्द पूर्ण कर लें। ऐसे ही कई बिंदुओं पर ग्राम पंचायत अधिकारी तथा पर पंचायत सहायक से जानकारियां लीं। सफाई कर्मचारी को भी व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीओ सुनील श्रीवास्तव, सीएम फॉलोअर इंदल बाबू, ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप राजपूत, ग्राम प्रधान पति अनुराग मिश्रा, पंचायत सहायक सहित कई लोग मौजूद रहे।



कलश यात्रा में भाग लेंती महिलायें व पुरुष आदि

## भागवत कथा से पूर्व निकाली गयी कलश यात्रा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व महिलाओं ने नगर में कलश यात्रा निकाली। जिसमें नगर के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जानकारी के अनुसार कमालगंज नगर में आज महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकल गई। जो कि कमालगंज फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज से लेकर तपस्वी बाग, शिव मंदिर तक निकाली गई। जिसमें महिलाएं नगर के मुख्य मार्ग में रोड पर पंक्तिबद्ध चलती हुई दिखाई दीं। श्याम सहयोगी एवं कल्लू माहेश्वरी, पवन महेश्वरी एवं नगर के अन्य लोग साथ में चलते हुए व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए दिखाई दिए। कमालगंज नगर में नवनिर्मित गेस्ट हाउस जो कि फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज के नजदीक बनाया गया है उसमें भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। इसीलिए नगर की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई है। जिसमें नगर के लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया।

# थानाध्यक्ष ने हनुमानजी के मंदिर में प्रेमी युगल का कराया विवाह

- दोनों पक्षों के लोग रहे मौजूद, दो सालों से चल रहा था प्रेम प्रसंग



प्रेमी युगल की शादी करवाते थानाध्यक्ष व मौजूद दोनों परिवारों के लोग

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाने पहुंचे प्रेमी प्रेमिका का विवाह थाना अध्यक्ष ने दोनों परिवारों की रजामंदी के बाद स्थानीय हनुमानजी के मंदिर में करवा दिया। थानाध्यक्ष ने वर पक्ष को हिदायत दी कि यदि बेटी को कोई परेशानी होती है तो उनकी जिम्मेदारी होगी।

बताते चलें कि 20 वर्षीय दुर्गा व 19 वर्षीय अमित सक्सेना का प्रेम संबंध पिछले दो सालों से चल रहा था। रविवार को दोनों थाने पहुंचे और लिखित रूप से विवाह करने और साथ रहने की बात कही। जिस पर थाना अध्यक्ष ने अमित के पिता प्रमोद सक्सेना व मां को थाने बुलाया और सारे प्रकरण से अवगत कराया। जिस पर माता-पिता दोनों ने ही कहा कि वह दुर्गा को अपनी पुत्रवधू के रूप में स्वीकार करेंगे और कोई भी परेशानी नहीं होने देंगे। तब थाना अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी ने पुलिस की देखरेख में स्थानीय बजरंगबली के मंदिर में दुर्गा और अमित की शादी करवा दी। शादी हो जाने के बाद दुर्गा ने मंदिर में ही सास ससुर से आशीर्वाद लिया। सभी ने थाना अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। थाना अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी ने बताया कि दोनों परिवारों के सहमति से बजरंगबली मंदिर में विवाह संपन्न कराया गया है। विवाह को देखने के लिए बड़ी तादाद में लोग मंदिर में मौजूद रहे। श्याम सुंदर और महेश कुमार सक्सेना इस विवाह के साक्षी बने।

जब पढ़ेगा इंडिया नहीं, तो कैसे बढ़ेगा इंडिया.......

# उ.प्रा.वि. गदनपुर देवराज में शिक्षा व्यवस्था मिली चौपट



विद्यालय में मौज मस्ती कर रहे बच्चे

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासन प्रशासन जहां बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के प्रयत्नशील है और करोड़ों रुपया पानी की तरह बहा रहा है, लेकिन गुरुजन सरकार के इस मंसूबे पर खरे नहीं उतर रहे हैं। जिससे नौनिहालों का भविष्य सुनहरा होने के बजाय अंधकारमय होता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कमालगंज क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गदनपुर देवराजपुर में सोमवार को जब संवाददाता पहुंचा, तो बच्चे पढ़ाई न कर खेलने में व्यस्त दिखे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्चना कभी भी विद्यालय समय से नहीं आती हैं। हमेशा लेटलतीफ ही आती हैं। जिससे बच्चे इधर उधर खेलते रहते हैं। बच्चों का कहना है कि स्कूल में न तो प्रार्थना होती है और न ही ढंग से पढ़ाई। बच्चों का कहना है कि यदि हम किसी से विद्यालय के बारे में किसी से शिकायत करते हैं, तो प्रधानाध्यापिका हमें डांटती हैं। जिससे हम लोग अपनी मुंह नहीं खोलते हैं। बच्चों का कहना है कि विद्यालय में कई बार पत्रकार आये, लेकिन विद्यालय में कोई सुधार नहीं हो रहा है। वहीं अध्यापिकायें भी स्कूल समय से नहीं आती हैं, कभी 10 बजे तो कभी 10.20 तक विद्यालय आती हैं। जबकि स्कूल में पहुंचने का टाइम 9.00 बजे होता है। विद्यालय आने के बाद न तो प्रार्थना होती है और न ही पीटी करवायी जाती है। वहीं गांव के लोगों ने बताया की स्कूल की साफ-सफाई बच्चे ही करते हैं। स्कूल की रसोइया से जब संवाददाता ने कुछ बात पूछने का प्रयास किया तो रसोईया कोई भी जवाब देने से मना कर दिया, जबकि रसोईया 8.30 बजे गेट खुलने के बाद साफ-सफाई, सब्जी बनाने का काम शुरू कर देती हैं। रसोइयों का कर्तव्य है कि साफ सुथरा भोजन बच्चों को मिलना चाहिए, लेकिन रसोईया वहीं करती हैं, जो प्रधानाध्यापिका कहती हैं। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार पाल ने बताया है जानकारी के बाद नोटिस जारी किया जाएगा।

## रात दिन खोला जाये शौचालय-ईओ




**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत खिमसेपुर के सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिये कि शौचालय रात दिन खुले और उनमें साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। जानकारी के अनुसार सोमवार को अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने नगर पंचायत खिमसेपुर पहुंचकर सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिये कि शौचालय में ताला न डाला जाये। उसे रात दिन खोला जाये। जिससे ग्रामीणों को शौचक्रिया करने में खेतों में न जाना पड़े। साथ ही कहा कि साफ-सफाई व पानी आदि का विशेष ध्यान रखा जाये। लापरवाही न बरती जाये। वह किसी भी समय निरीक्षण दोबारा कर सकते हैं। इसलिए सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी बखूबी करें। इस मौके पर बड़े बाबू रामभुवन यादव, जितेंद्र सहित नगर पालिका के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# क.वि. झसी के निरीक्षण में डीएम को व्यवस्थायें मिली चौपट, जतायी नाराजगी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय झसी वि.ख. कमालगंज का निरीक्षण किया। विद्यालय में शिक्षा का स्तर खराब पाया गया तथा बच्चों में गणित के बेसिक ज्ञान का अभाव पाया गया। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम ने विद्यालय में शिक्षा के स्तर में सुधार करने व प्रतिदिन 30 मिनट सामान्य ज्ञान की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था चौपट मिली। वहीं पंखे गंदे मिले, पानी की टोटी खराब पाई गई, खिड़कियों पर जाली सही तरीके से नहीं लगी पाई गई। शौचालय की स्थिति खराब पाई गई। डीएम ने शौचालय में टाइल्स लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने मिड-डे-मील में प्रयोग की जा रही खाद्य सामिग्री व मसालों को भी देखा। विद्यालय परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों में प्रयोग की जा रही ईटों की गुणवत्ता खराब पाई गई। डीएम ने नाराजगी जताते हुए बीडीओ को ईटों को बदलने एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने व विद्यालय में पेड़-पौधे लगवाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षाधिकारी तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बच्चों में गणित के बेसिक ज्ञान का मिला अभाव



छात्रा से सवाल लगवाते डीएम



ईंट की गुणवत्ता चेक करते जिलाधिकारी

# बड़े दिन के उपलक्ष्य में चर्च में आराधना सभा आयोजित

▸ कार्यक्रम की व्यवस्था भावना लाल ने देखी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बड़े दिन के उपलक्ष्य में प्रार्थनाओं सभा के दौर के दौरान तीसरे दिन सीएनआई चर्च बढ़पुर में भावना लाल की देखरेख में प्रार्थना सभा सम्पन्न हुई। बढ़पुर चर्च में सोलोमन दयाल ने दुआ के साथ प्रार्थना की। प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिवस 25 दिसम्बर के उपलक्ष्य में मसीह समाज के लोगों ने प्रार्थना सभा में भाग लिया और गीत गाया क्यादिन खुशी का आया रहमत का बादल छाया। साथ ही जंगल में मंगल दूत मिल गाते जय जय हो यीशु, जय जय हो यीशु, शांति मेल लाया है आया है यीशु-आया है यीशु गीत पर आराधना की और प्रभु यीशु मसीह को याद किया। इस मौके पर सोलोमन दयाल, भावना लाल, सुषमा लाल, वंदना, सुनीता दास, अनिल सिंह, अमन मनीला मैसी, आदित्य रोहित सहाय आदि लोग मौजूद रहे।



चर्च में आराधना करते मसीह समाज के लोग

# विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस पर छात्र-छात्राओं ने जीते पुरुस्कार




कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट ने विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस का आयोजन हुआ। जोगराज स्थित संस्थान पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर पुरस्कार जीते। म्यूजिकल चेयर, कप बैलून, ट्विन टेलीपैथी आदि कार्यक्रमों में छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने विजयी छात्रों को सम्मानित किया। सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इंस्टीट्यूट द्वारा कम्प्यूटर साक्षरता पखवारा आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर 9 छात्रों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति कम्प्यूटर साक्षर हो। कम्प्यूटर साक्षरता पखवाड़ा के अन्तर्गत 15 दिसंबर तक प्रवेश लेने वाले प्रथम 50 छात्रों को निःशुल्क कोर्स कराया जा रहा है, साथ ही सभी वर्ग के छात्रों के लिए सीसीसी कोर्स भी निःशुल्क कराया जा रहा है। विजयी छात्रों में रितिक मिश्रा, अंजली वर्मा, लकी गौतम, आध्या दुबे रहे। कार्यक्रम के दौरान शैलेंद्र मिश्रा, फाल्गुनी, पूर्णिमा दीक्षित, सुपर्णा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



मण्डी में आलू की खरीददारी करते व्यापारी

## मण्डी में आलू की आमद बढ़ी, भाव में आया उछाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर मण्डी में आलू की आमद बढ़ते ही किसानों के चेहरों पर रौनक लौटी। मण्डी में सोमवार को तीन हजार पैकेट आलू की आमद रही। निबल छोटा साइज का आलू 1051 रुपये से 1151 रुपये पैकेट में बिका। वहीं बड़े साइज का सुपर आलू 1251 रुपये से लेकर 1321 रुपये पैकेट की बिकवाली हुई। आमद अच्छी होने के कारण किसानों को आलू का भाव अच्छा मिला। इन दिनों आलू की मांग ज्यादा है और आलू कम पहुंच रहा है। जिसके चलते भाव में उछाल है। सुबह-सुबह ही आलू पूर्ण रुप से बिक जाता है। अब प्रतिदिन आलू की आमद बढ़ने लगेगी और भाव सामान्य होने के आसार है। कोल्ड स्टोरेज में अभी भी 5 से 10 प्रतिशत पुराने आलू का भण्डारण है। आगामी 15 दिनों तक कोल्ड स्टोरेज खाली होने की संभावना है। जैसे ही कोल्ड स्टोरेज का आलू समाप्त हो जायेगा, नये आलू की मांग बढ़ जायेगी। बाहर के व्यापारी भी आलू मण्डी पहुंचकर खरीददारी कर रहे है जिससे किसानों को अच्छा खासा भाव मिल रहा है।

# बसपा ने बाबा साहब परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ पहुंचने की अपील

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बसपा की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिलाध्यक्ष के निवास पर सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल के प्रभारी बीपी अम्बेडकर ने बाबा साहब अंबेडकर के 6 दिसम्बर को महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ पहुंचने का आवाह्न किया।

सभी ने बाबा साहब के चित्र व भगवान बुद्ध की प्रतिमा परपुष्प अर्पित किये। बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में अधिक से अधिक लोगों को पहुचाने के लिए जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में विधान सभा बार बैठकों का आयोजन करने के प्रेरित किया। बैठक में संकल्प लिया गया कि सभी लोग 6 दिसम्बर को लखनऊ जाकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करेगें।

मण्डल प्रभारी कानपुर विजय भास्कर ने भी विचार रखे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध ने की। इस अवसर पर जिला प्रभारी रामरतन गौतम, सर्वेश भारती, नागेन्द्र, सीताराम गौतम, राजू शंखवार, शिवकुमार गौतम, बृजेश, गोपी चन्द्र, सुरजीत, योगेन्द्र सिंह, अखिलेश भास्कर, उपेन्द्र लोधी, देव नारायन गौतम, त्रिपुरेश गौतम, इन्द्रपाल, राजेश गौतम, रूपलाल वर्मा, विश्राम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते बसपा नेता

# गीतकार दिनेश अवस्थी प्रयागराज में सम्मानित, दी गई बधाइयां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व जनचेतना ट्रस्ट भारत के प्रयागराज में हुए छठवें वार्षिक समारोह में जनपद फर्रुखाबाद कन्नौज की साहित्यिक चेतना को जीवंत रखने वाले वरिष्ठ गीतकार दिनेश अवस्थी को संस्था का सर्वोच्च सम्मान मधु स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया। अपने काव्यपाठ से उन्होंने जनपद का परचम बुलंद कर दिया। वहां से लौटने के बाद दिनेश अवस्थी को बधाइयों का तांता लगा हुआ है। वापस लौटने के बाद दिनेश अवस्थी ने बताया कि प्रयागराज स्थित लोकमान्य तिलक लोक सेवा ट्रस्ट अलोपी बाग में आयोजन हुआ। आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए हुए रचनाकारों ने भागीदारी की। इस दौरान एक भव्य कव्योत्सव का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर गणेश केशरवानी ने छंद ज्ञान भाग-1 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख दिलीप पाठक सरस, संस्था अध्यक्ष संतोष कुमार प्रीति, राष्ट्रीय प्रवक्ता शरद श्रीवास्तव, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राहुल शुक्ल साहिल ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर संस्था का सर्वोत्कृष्ट सम्मान मधु स्मृति सम्मान से दिनेश अवस्थी समेत लगभग आधा दर्जन कवियों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में सम्मानित होते दिनेश अवस्थी

# जनवादी लेखक सतीश चंद्र गंगवार की तीन पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनवादी लेखक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जनवादी विचारक व रचनाकार सतीश चंद्र गंगवार सतीश की तीन पुस्तकों का विमोचन समारोह का आयोजन उनके पैत्रक गांव खिनमिनी में हुआ। सतीश चन्द्र ने इस वर्ष इन तीनों पुस्तकों की रचना की है, जिनमें वैचारिक पुस्तक उपभोक्तावाद का दंश, कहानी संग्रह भोर का उजास और महामारी कोरोना पर आधारित कराल कथा कोरोना के नाम शामिल है।

विभिन्न विश्वविद्यालय से आए हुए विद्वानों ने पुस्तकों की समीक्षा की और उनका विमोचन किया। कानपुर के विद्वान अवधेश सिंह, वरिष्ठ लेखक और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, कानपुर से आए गीता सिंह, भोपाल निगम कहानीकार विजय द्विवेदी, निखिल गंगवार दिल्ली विश्वविद्यालय एवं डॉ. आदर्श गंगवार कन्नौज मौजूद रहे। अवधेश सिंह ने कहानियों की समीक्षा की और वर्तमान समय कुछ छूटी हुई कहानी लिखने के लिए लेखक को बधाई दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने उपभोक्तावाद का दंश एवं निखिल गंगवार ने कराल कथा कोरोना की समीक्षा प्रस्तुत की। आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सतीश चंद्र ने सभी का आभार जताया। सतीश चंद्र सतीश जड़वादी लेखक संघ के कई वर्षों तक सचिव रहे। इसके बाद अध्यक्ष की भूमिका निर्वाह करते रहे। वर्तमान में भी जनपद लेखक संघ के प्रदेश कार्यकारिणी में भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




पुस्तक विमोचन के दौरान मौजूद मंचासीन अतिथि व अन्य

# लिंजीगंज रोड पर व्यापारियों को चेतावनी देकर खाली कराया गया फुटपाथ



फुटपाथ खाली कराते ईओ मौजूद व्यापारी नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत लोगों के चालान काटे जा रहे है और साथ ही फुटपाथ खाली करने की चेतावनी दी जा रही है। नगर पालिका परिषद व उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट द्वारा मन्नीगंज से लिंजीगंज बाजार में दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि स्वयं फुटपाथ खाली कर लें, फुटपाथ न खाली करने पर अगले दिन से जुर्माना भी लगेगा और सामान भी जब्त किया जायेगा। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विनोद सिंह अपने कर्मचारियों के साथ मन्नीगंज पहुंचे। साथ में उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला व वरिष्ठ उपाध्यक्ष लालू कनौजिया एवं राजू गौतम, महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला के अलावा अनुपम रस्तोगी, श्याम सुंदर गुप्ता, सौरव शुक्ला, कमलेश गुप्ता आदि ने व्यापारियों से अपील की कि फुटपाथ खाली करें और सामान को बाहर न लगाये। कई दुकानदारों के नगर पालिका द्वारा नाम नोट किये गये और हिदायत दी गई कि बाहर सामान रखा मिला तो जुर्माना वसूल किया जायेगा। दोपहर शुरु हुए अतिक्रमण अभियान को लेकर पूरे दिन चर्चा रही। सभी को चेतावनी देकर सोमवार को फुटपाथ खाली कराया गया। इसी रोड पर अगले राउंड में फुटपाथ पर दुकान लगाये मिलने पर जुर्माना वसूला जायेगा।

## युवा कम्प्यूटर का ज्ञान अर्जित कर ले तो वह बेरोजगारी दंश से बच सकता है: विपिन अवस्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर जीवीए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संस्थापक विपिन अवस्थी ने बताया कि कंप्यूटर शिक्षा आज के समय में एक रोजगारपरक एवं जीवनोयोगी शिक्षा बन गई है। जिसमें अधिकतर युवा वर्ग को अच्छे रोजगार से लेकर अन्य तकनीकी क्षेत्रों में सफलता मिल रही है। आज का युवा यदि कंप्यूटर का वास्तविक ज्ञान अर्जित कर लेता है तो वह आत्मनिर्भर होकर बेरोजगारी के दंश से बच सकता है और तकनीकी क्षेत्र में विभिन्न कार्यों को कुशलता पूर्वक संपन्न कर सकता है। उन्होंने बताया कि वह इस क्षेत्र में लगभग आठ वर्षों से कार्य कर रहे हैं। जीवीए ग्रुप की शाखाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़े छात्र-छात्रा उनसे मिलकर विभिन्न प्रकार के प्रोफेशनल एवं वोकेशनल कोर्सेस की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न कंप्यूटर कोर्सेस में अधिकतम छात्रवृत्ति के साथ प्रवेश देने की बात कही।



कार्यक्रम में मौजूद विपिन अवस्थी व अन्य

# मारपीट व घर में आग लगाने के मामले में अभियुक्त को दस वर्ष का कारावास

▸ अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त भुगतना होगा साधारण कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रंजिशन घर में घुसकर मारपीट करने व छप्पर में आग लगाने तथा जानमाल की धमकी देने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त सुधीर को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के साधारण कारावास की सजा से दंडित किया। नीरज पाठक निवासी सिविल लाइन मडैया कोतवाली फतेहगढ़ ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि सुधीर व गांव वालों में कुछ कहासुनी हो गयी थी। बगल में मेरी चक्की लगी हुई है। जिससे सुधीर रंजिश मानने लगा। 27 जून 2007 को दोपहर 12 बजे नाजायज असलाहों से लैस होकर सुधीर, गुड्डू, उमेश, लालाराम, सतीश, आत्माराम घर में घुस आये और गाली-गलौज करते हुए बाइक तोड़ डाली। उपरोक्त सभी लोगों ने मेरे परिजनों पर हमला कर दिया, लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा मेरे छप्पर में आग लगा दी। आरोपियों ने जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, जो मिस हो गया। आसपास के लोगों को आता देख आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त सुधीर को दोषी करार देते हुए धारा 323 के आरोप में 6 माह का साधारण कारावास व 500 रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। धारा 504 के आरोप में एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई।

धारा 506 के आरोप में एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा, धारा 452 के आरोप में तीन वर्ष के साधारण कारावास की सजा, धारा 427 के आरोप में एक वर्ष का साधारण कारावास, धारा 436 के आरोप में 10 वर्ष के साधारण कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित की जायेगी।

# अनुराग दुबे न्यायालय में हाजिर, वारंट व धारा 82 की कार्यवाही निरस्त

▸ अगली तिथि पर उच्च न्यायालय का स्थगनादेश प्रस्तुत नहीं किया तो कोई हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र नहीं किया जायेगा स्वीकार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त अनुराग दुबे उर्फ डब्बन अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपर जनपद न्यायाधीश की अदालत में हाजिर हुए। अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष संख्या-1 न्यायाधीश शैली रॉय ने सुनवाई करते हुए अनुराग दुबे का वारंट व धारा 82 की कार्यवाही निरस्त करते हुए अगली तिथि 10 दिसम्बर की नियत की है। न्यायाधीश ने आदेश दिया है कि अगली तिथि को कोई स्थगनादेश प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उन्हे आगे और अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और किसी भी अभियुक्त का कोई हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अभियुक्त अनुराग दुबे अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हुए। अभियुक्त अनुराग दुबे की ओर से वकालतनामा प्रस्तुत किया गया। अभियुक्तगण गौरव गुप्ता पुत्र हरीबाबू गुप्ता, संदीप पाठक, गौरव गुप्ता पुत्र वीरेन्द्र गुप्ता का हाजिरी माफी प्रार्थनापत्र अधिवक्ता के माध्यम प्रस्तुत किया गया, जिसे न्यायालय ने स्वीकृत कर लिया। शेष अभियुक्तगण उपस्थित अभियुक्तगण गौरव गुप्ता पुत्र हरीबाबू गुप्ता, संदीप पाठक, गौरव गुप्ता पुत्र वीरेन्द्र गुप्ता की ओर से स्थगन प्रार्थनापत्र के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद में प्रस्तुत पिटीशन अन्तर्गत धारा 482 दं0प्र0सं0 संख्या 37488/2024 का स्टेटस जो आनलाइन निकाला गया है प्रस्तुत कर कहा गया कि न्यायालय द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध पिटीशन प्रस्तुत है। जिसमें अग्रिम तिथि सुनवायी हेतु नियत है। याचना की गयी कि उक्त पिटीशन के निस्तारण तक उक्त प्रकरण में आरोप विरचित न किया जाए। अभिषेक दुबे ने प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर कथन किया गया कि उसने उच्च न्यायालय में डिस्चार्ज पिटीशन संस्थित की गयी है जिसमें अग्रिम तिथि 3 दिसम्बर नियत है। उक्त पिटीशन की सुनवायी हेतु उक्त मामले में तब तक आरोप विरचित न किया जाए। प्रार्थनापत्र के साथ उच्च न्यायालय का स्टेटस रिपोर्ट की कम्प्यूटर की प्रति प्रस्तुत की गयी है। उ0प्र0 राज्य की ओर से विद्वान अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौ0 की ओर से प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर कथन किया गया कि अभियुकगण प्रस्तुत प्रकरण में ऐनकेन प्रकारेण प्रकरण की कार्यवाही को स्थगित करना चाहते हैं तथा जानबूझकर मुकदमें में किसी न किसी आधार पर आरोप विरचित होने नहीं देना चाहते। उच्च न्यायालय से कोई स्थगन आदेश अभियुक्तगण को प्रदान नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में अभियुक्तगण के विरुद्ध आरोप विचरित किया जाये। अभियुक्तगण की ओर से दिये गये प्रार्थनापत्रों पर भी विद्वान अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौ0 की ओर से आपत्ति का पृष्ठांकन किया गया है। सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रस्तुत प्रकरण में अभियुक्तगण का डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र काफी समय पूर्व निरस्त किया जा चुका है। जिसके विरूद्ध अभियुक्तगण की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में पिटीशन संस्थित होना बताया गया है, परन्तु अभियुक्तगण की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद से प्रस्तुत प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित करने हेतु कोई भी स्थगनादेश प्रस्तुत नहीं किया गया है और न ही यह अवगत कराया गया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद से प्रस्तुत प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही को स्थगित किया गया है। ऐसी स्थिति में न्यायहित में अभियुक्तगण को एक अवसर और प्रदान किया जाना न्यायसंगत है। यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाना उचित होगा कि अभियुक्तगण को उक्त सम्बन्ध में विगत कई तिथि पर भी समय प्रदान किया जा चुका है। न्यायाधीश ने अभियुक्तगण को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए आदेशित किया कि यदि उनके द्वारा अग्रिम नियत तिथि को कोई स्थगनादेश प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उन्हें आगे और अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा और किसी भी अभियुक्त का कोई हाजिरी माफी प्रार्थनापत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। सुनवाई के लिए अगली तिथि 10 दिसम्बर की नियत की गई है।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। खेत में खड़ी गेंहू की फ़सल को नष्ट करने का विरोध करने पर परिवार के लोगों ने विधवा महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। ग्राम सूलनपुर निवासी उमा देवी पत्नी स्वर्गीय कुंवर पाल ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि परिवार के लोगों ने उसके खेत में गेंहू की फ़सल को नष्ट कर दिया। जब उसने सोमवार की सुबह करीब 08 बजे इसका विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा

# भारत किसी भी स्थिति से निपटने के लिए है तैयार

**पाक की नौसेना को युद्धपोतों-पनडुब्बियों से लैस कर मजबूत बनाने में लगा चीन**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि चीन पाकिस्तान की नौसेना को युद्धपोतों तथा पनडुब्बियों से लैस कर मजबूत बनाने में लगा है लेकिन भारत किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना की हिन्द महासागर में सभी नौसेनाओं की गतिविधियों पर कड़ी नजर रहती है और चीन की पनडुब्बी पिछले वर्ष इस क्षेत्र में आयी थी और फिर कराची गयी थी लेकिन उसके बाद से चीनी की पनडुब्बी इस क्षेत्र में दिखाई नहीं दी है। चीन और बंगलादेश की नौसेनाओं के बीच सहयोग के बारे में एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि उनके बीच प्रशिक्षण और अभ्यास होता है। बंगलादेश की नौसेना भारत के साथ भी अभ्यास करती है। हांलाकि बंगलादेश में बदले हालातों के बीच चीन की नौसेना और बंगलादेश की नौसेना के बीच गठजोड़ की रिपोर्टों पर उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। नौसेना दिवस चार दिसम्बर से पहले सोमवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने नौसेना के लिए दो और परमाणु पनडुब्बियों की मंजूरी दे दी है। एडमिरल त्रिपाठी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत पाकिस्तान की नौसेना की हैरान कर देने वाली मजबूती से अवगत है और रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि उसे अगले एक दशक में 50 प्लेटफार्म मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान ने लोगों के कल्याण की जगह हथियारों को चुना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को शुभकामनाएं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत बनाना चाहता है और पाकिस्तान के कई युद्धपोत तथा पनडुब्बी या तो चीन में बन रहे हैं या उसकी मदद से बन रहे हैं। चीन की मदद से पाकिस्तान नौसेना के लिए आठ पनडुब्बी बनायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना भी मजबूती हासिल कर रही है और भारत पड़ोसी देशों की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर में भारत अपने हितों की रक्षा के लिए मुस्तैद है लेकिन दूसरे देशों के साथ जो होता आ रहा है उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि समुद्र सभी के लिए खुला है और सभी उसमें गतिविधियों के लिए स्वतंत्र है लेकिन जहां तक हितों की सुरक्षा का मामला है हम उसके लिए सजग हैं और विशेष रूप से हिन्द महासागर में किसी भी तरह की गतिविधि भारतीय नौसेना की नजर से नहीं बच सकती। उन्होंने कहा कि चीन की एक पनडुब्बी पिछले वर्ष हिन्द महासागर क्षेत्र में दिखाई थी जिसके बाद वह कराची जाने के बाद वापस चली गयी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चीन विश्व शक्ति बनने की कोशिश में है।

**भारतीय नौसेना आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कर रही है काम**

उन्होंने कहा कि नौसेना आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से काम कर रही है और अभी 62 युद्धपोत तथा एक पनडुब्बी देश में ही बनायी जा रही है।

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना के लिए फ्रांस से 26 मरीन राफेल लड़ाकू विमान की खरीद से संबंधित प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इस सौदे को जल्दी ही केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की मंजूरी मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि यह सरकार से सरकार के बीच खरीद प्रक्रिया है इसलिए संभावना है कि इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने नौसेना के लिए दो और परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों की मंजूरी दे दी है।

नौसेना की योजना उसके बेड़े में छह परमाणु पनडुब्बी शामिल करने की है। इसमें करीब एक दशक का समय लग सकता है। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ रही है। अभी देश में 62 युद्धपोत और एक पनडुब्बी निर्माणाधीन है। इसके अलावा 31 अत्याधुनिक युद्धपोतों और प्रोजेक्ट -75 की छह पनडुब्बियों को भी जरूरत के आधार पर मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दो युद्धपोत रूस में बनाये जा रहे हैं। नौसेना के लिए 60 बहुउद्देशीय हेलिकोप्टरों की खरीद को भी जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है। ये नौसेना के चेतक हेलिकॉप्टरों की जगह लेंगे। नौसेना प्रमुख ने इस मौके पर नौसेना को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से तैयार ' भारतीय नौसेना विजन 2047' दस्तावेज भी जारी किया।

## बांग्लादेश पर त्रिपुरा का 135 करोड़ बिजली बिल बकाया, चुकाने की मांग

एजेंसी

**अगरतला।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे सरकार विरोधी कदमों के बीच त्रिपुरा ने बांग्लादेश से 135 करोड़ रुपये का बकाया बिजली बिल चुकाने की मांग की है। यह बकाया एन विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड द्वारा बांग्लादेश को भारत से बिजली आपूर्ति करने के समझौते के तहत है।

त्रिपुरा के बिजली मंत्री रतन लाल नाथ ने कहा कि बांग्लादेश अब तक नियमित रूप से भुगतान कर रहा था लेकिन वर्तमान में 135 करोड़ रुपये का बकाया है जिसे चुकाने के लिए बांग्लादेश से अनुरोध किया गया है। मंत्री रतन लाल नाथ ने बताया कि त्रिपुरा सरकार बांग्लादेश से प्रत्येक बिजली यूनिट के लिए 6.65 रुपये चार्ज कर रही है जो घरेलू कनेक्शन से मिलने वाली दर से ज्यादा उचित है। हालांकि मई 2024 में त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम लिमिटेड ने बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड को बकाया भुगतान न करने के कारण बिजली आपूर्ति रोक दी थी। बताया जा रहा है कि बांग्लादेश पिछले एक साल से समय पर भुगतान नहीं कर सका है जिसके कारण बकाया बढ़ता जा रहा है। बांग्लादेश और त्रिपुरा के बीच एक समझौता है जिसके तहत बांग्लादेश को त्रिपुरा से 160 मेगावाट बिजली प्राप्त करने का अधिकार है। इस बिजली व्यापार की निगरानी एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम करता है। त्रिपुरा विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक देबाशीष सरकार ने बताया कि बकाया राशि के संबंध में बांग्लादेश के अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है और व्यक्तिगत रूप से बांग्लादेश विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष से भी मुलाकात की गई थी। इस मामले में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से भी बात की गई है ताकि जल्द ही समस्या का समाधान हो सके। इस बीच त्रिपुरा सरकार ने बताया कि राज्य में बिजली उत्पादन में 60-70 मेगावाट की कमी हो रही है।

**प्रधानमंत्री मोदी से असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा ने की मुलाकात**



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अगले साल 24-25 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित होने वाले असम एडवांटेज 2.0 निवेश और अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025 के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, नई दिल्ली में मुझे विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। असम के लोगों की ओर से मुझे उन्हें फरवरी 2025 में असम निवेशक एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन और मेगा झुमुर प्रदर्शन को आशीर्वाद देने के लिए आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है।

### भोपाल गैस त्रासदी की बरसी : 40 साल बाद भी न तो पीड़ितों को मिला न्याय

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वर्ष 1984 में दो-तीन दिसंबर की रात को हुई विश्व की भीषणतम औद्योगिक त्रासदी को लोग अब तक भूल नहीं पाए हैं। अब भी यहां के लोग इसका दंश झेलने को मजबूर हैं। यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ और हजारों लोग मौत के मुंह में चले गए थे। मंगलवार, 3 दिसंबर को इस भीषणतम त्रासदी की 40वीं बरसी है, लेकिन अब तक न तो पीड़ितों को न्याय मिल पाया है और न ही यूनियन कार्बाइड परिसर में पड़े कचरे को नष्ट नहीं किया जा सका है। निकट भविष्य में भी इसके निपटान की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। विषैली गैस के सम्पर्क में आने वाले लोगों के परिवारों में इतने वर्षों बाद भी शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम बच्चे जन्म ले रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई।

## रूस व सीरिया ने इदबिल पर किया हमला, कम से कम 30 लोगों की मौत

एजेंसी

**दमिश्क।** अल-कायदा समर्थित आतंकी संगठन हयात तहरीर अल-शाम के लड़ाकों के सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण से घबराई राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार ने आज बड़ी कार्रवाई की। सीरिया ने रूस के साथ मिलकर इदबिल में एयर स्ट्राइक की। इस हमले में बच्चों समेत 30 से अधिक नागरिकों की मौत हो गई। इस बीच संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी व ब्रिटेन ने युद्धरत गुटों से सीरिया में तनाव रोकने का आह्वान किया।

रूसी सेना और सीरियाई सरकारी बलों ने सुखोई और मिग विमानों से इदलिब शहर के अल-शमाता चौराहे और अल-कुसौर पड़ोस और ताल हादिया पर कहर बरपाया। इस हमले में 30 से अधिक नागरिकों की मौत हो गई। इनमें एक ही परिवार के चार बच्चे भी हैं। हयात तहरीर अल-शाम के करीबी एक सूत्र ने कल 963+ को बताया था कि रूसी युद्धक विमानों और अन्य सरकारी बलों ने इदलिब और हामा के ग्रामीण इलाकों में एयर स्ट्राइक की। उल्लेखनीय है कि इदलिब और हामा पर हयात तहरीर अल-शाम का नियंत्रण है। संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने सीरिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई है। इससे नागरिकों के सामने सुरक्षा का संकट खड़ा हो गया है। अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने युद्धरत गुटों से सीरिया में तनाव को रोकने का आह्वान किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने यह संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें कहा गया कि सुरक्षा परिषद के संकल्प (संख्या 2254) के अनुरूप सीरिया के नेतृत्व को तत्काल वास्तविक राजनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### हरियाणा सरकार ने बदले 44 आईएएस

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सोमवार को 44 आईएएस अधिकारियों के नियुक्ति एवं स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव) रैंक के तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के बीच वरिष्ठता के विवाद को भी सरकार ने एक तरह से निपटा दिया है। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग रस्तोगी ने इसी बैच के सुधीर राजपाल और डॉ. सुमिता मिश्रा की वरिष्ठता को चुनौती दी हुई है। हालांकि सरकार की तबादला सूची में सबसे पहले नंबर पर सुधीर राजपाल, फिर सुमिता मिश्रा और तीसरे नंबर पर अनुराग रस्तोगी का नाम है। ब्यूरोक्रेसी में मुख्य सचिव के बाद प्रोटोकॉल में दूसरे नंबर की पोस्ट यानी एफसीआर तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की जिम्मेदारी अनुराग रस्तोगी को सौंपी है। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की जिम्मेदारी भी अनुराग रस्तोगी के पास पहले की तरह बनी रहेगी।

### भाजपा ने यतनाल को अनुशासनात्मक नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें बार-बार अनुशासनहीनता करने, पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने और पार्टी के आधिकारिक रुख के विपरीत सार्वजनिक बयान देने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भाजपा की केंद्रीय अनुशासन समिति द्वारा एक दिसंबर को जारी किये गये नोटिस में कई चेतावनियों के बावजूद श्री यतनाल द्वारा राज्य नेतृत्व की निरंतर आलोचना और पार्टी मानदंडों के प्रति उनकी उपेक्षा का जिक्र किया गया है। समिति ने रेखांकित किया कि विधायक की ओर से अच्छे आचरण के पिछले आश्वासन के बावजूद वह अपने क्रियाकलापों पर अंकुश लगाने में विफल रहे और लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। समिति के सदस्य सचिव ओम पाठक ने श्री यतनाल के व्यवहार को भाजपा के नियमों के अनुच्छेद 25 के तहत पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन बताया। नोटिस में पार्टी नेताओं के खिलाफ उनके झूठे और परोक्ष आरोपों और राजनीतिक और सार्वजनिक महत्व के मामलों पर लगातार सार्वजनिक अवज्ञा का हवाला दिया गया।

### बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र सरकार उठाए स्पष्ट कदम : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से इसके समाधान के लिए स्पष्ट कदम उठाने की मांग की है। सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या विदेश मंत्री. एस जयशंकर से संसद में इस मुद्दे पर बयान देने की मांग की। साथ ही, ममता ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में शांति स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से संपर्क कर ॿशांति सैनिकोंॿ की तैनाती सुनिश्चित करे। ममता बनर्जी ने इस स्थिति को देखते हुए कहा कि केंद्र सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों का पालन करेगी लेकिन बांग्लादेश में स्थिरता के लिए केंद्र को सक्रिय कदम उठाने चाहिए। गौरतलब है कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति अस्थिर है। कुछ महीने पहले बड़े छात्र आंदोलन ने लंबे समय से सत्ता में रहीं प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद से हो रही हिंसा में 600 से अधिक लोग मारे गए और देश में अराजकता फैली हुई है। पूरे देश में हिंदू समुदाय पर 200 से अधिक हमले हो चुके हैं। हिंदुओं पर बर्बरता के कई वीडियो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं जो दिल दहलाने वाले हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में बांग्लादेश शा कार्यभार संभाल रहे हैं। लेकिन वहां की स्थितियों में कोई बदलाव नहीं दिख रखा है।

### हिमाचल प्रदेश की 16 महिला स्वयं सहायता समूहों को केंद्र से मिले ड्रोन

**शिमला।** केंद्र सरकार की नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत हिमाचल प्रदेश की 16 स्वयं सहायता समूहों को इस वित्तीय वर्ष ड्रोन हासिल हुए हैं। सांसद डॉ0 सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने सोमवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके तहत महिलाओं को ड्रोन के ऑपरेशंस और मेंटेनेंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे कृषि, स्वास्थ्य सेवा और अन्य क्षेत्रों में इसका इस्तेमाल कर सकें। रामनाथ ठाकुर ने बताया कि इस योजना के तहत प्रमुख उर्वरक कंपनियों ने वर्ष 2023-24 में पहले 500 ड्रोन खरीदे गए हैं और चयनित स्वयं सहायता समूहों को वितरित किए हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश राज्य के स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराए गए चार ड्रोन शामिल हैं

## शायर मोहम्मद अली के तीसरे गजल संग्रह तलाश साहिल की का विमोचन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** 02 दिसम्बर की शाम पूर्व पुलिस अधिकारी व अन्तर्राष्ट्रीय शायर मोहम्मद अली साहिल के तीसरे गजल संग्रह तलाश साहिल की का विमोचन कार्यक्रम संगीत नाटक अकादमी, गोमतीनगर, लखनऊ में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।

मालूम हो कि यह साहिल का तीसरा गजल संग्रह है व इसको हिन्दुस्तान के ख्याति प्राप्त वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। इससे पूर्व इनके 02 गजल संग्रह पहला कदम व किरदार प्रकाशित हो चुके हैं, जिनका भव्य लॉच वर्ष 2012 में भारतेन्दु नाट्य अकादमी व 2015 में संगीत नाटक अकादमी में हो चुका है। साहिल की 06 गज़लों का वीडियो गज़ल एल्बम तेरी सूरत वर्ष 2018 में मशहूर म्यूज़िक कम्पनी टी सीरीज द्वारा जारी किया जिसको यू-ट्यूब चैनल पर अभी तक लाखों लोगों द्वारा देखा जा चुका है। इनकी सोशल मीडिया पर जबरदस्त फेन फॉलोइंग है। मोहम्मद अली साहिल ने वर्ष 1990 से पुलिस की सेवा प्रारम्भ की और विगत 31 अगस्त, 2024 को वीमेन पॉवर लाइन 1090 से निरीक्षक गोपनीय के पद से बेदाग छवि के साथ सेवानिवृत्त हुए हैं, इसका ज्वलन्त उदाहरण यह है कि इनको इसी वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर सराहनीय सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान किया गया है। यह भारतीय फिल्म राईटर्स एसोसियेशन व आईपीआरएस के सदस्य भी हैं। हिन्दुस्तान की कई पत्र-पत्रिकाओं व मीडिया में इनके साक्षात्कार व शायरी को जगह मिली है तथा आकाशवाणी व दूरदर्शन पर इनकी शायरी का प्रसारण हुआ है।

### हैदराबाद करेगा संतोष ट्रॉफी के आखिरी दौर की मेजबानी

**नई दिल्ली।** 78वीं सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी का अंतिम दौर 14 दिसंबर, 2024 से हैदराबाद, तेलंगाना में शुरू होगा। बारह टीमों (ग्रुप चरण की नौ विजेता, पिछले सीजन की दो फाइनलिस्ट (सर्विसेज और गोवा) और मेजबान तेलंगाना) को छह-छह के दो समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष चार टीमें 26 और 27 दिसंबर को खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वार्टर फाइनल तक सभी मैच डेक्कन एरिना में होंगे। 29 दिसंबर को सेमीफाइनल और 31 दिसंबर को फाइनल जी.एम.सी. बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम (गाचीबोवली स्टेडियम) में होगा। पश्चिम बंगाल रिकॉर्ड 32 बार चैंपियन रह चुका है और 2016-17 के बाद से अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेगा। मौजूदा चैंपियन सर्विसेज के नाम सात खिताब हैं, जिनमें से छह पिछले 11 सीजन में आए हैं।

## वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए सिफान हसन व लेत्साइल टेबोगो

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन और लेत्साइल टेबोगो को क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया है। इन दोनों को मोनाको में रविवार को आयोजित विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार समारोह 2024 में प्रशंसकों द्वारा वोट के बाद रात शीर्ष सम्मान प्राप्त हुआ।

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, एथलेटिक्स के लिए शानदार साल के अंत में, हम अपने विश्व एथलीट्स ऑफ द ईयर की सूची का खुलासा करते हुए बहुत खुश हैं एथलीटों का यह समूह हमारे खेल का सबसे बेहतरीन प्रतिनिधित्व करता है और इस साल इसने एथलेटिक प्रदर्शन के मामले में जो संभव है उसे फिर से परिभाषित किया है। हमारे 2024 के दल ने ऊंचाई, गति और दूरी के मामले में नए मानक स्थापित किए हैं, जिसमें छह विश्व रिकॉर्ड और उनके बीच कई ओलंपिक और राष्ट्रीय रिकॉर्ड शामिल हैं। मैं अपने सभी पुरस्कार विजेताओं और इन सम्मानों के लिए नामांकित सभी एथलीटों को बधाई देता हूं, और मैं उन्हें इस वर्ष अपने प्रदर्शन से हम सभी को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद देता हूं। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एथलीट हसन और टेबोगो दोनों ने पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पदक जीते। पेरिस में डच स्टार हसन के पदकों की संख्या में सबसे ऊपर खेलों का अंतिम एथलेटिक्स स्वर्ण पदक था, जिसमें उन्होंने मैराथन में 2.22.55 समय के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की।

### सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट, 873 रुपए सस्ता हुआ सोना

**मुंबई।** सोने-चांदी की कीमतों में आज, 2 दिसंबर को भारी गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 873 रुपए घटकर 75,867 रुपए हो गया, जबकि पहले यह 76,740 रुपए प्रति दस ग्राम था। चांदी की कीमत भी 1,332 रुपए घटकर 88,051 रुपए प्रति किलो हो गई, जबकि पहले यह 89,383 रुपए थी। 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का रिकॉर्ड और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल-टाइम हाई स्तर छुआ था। दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,500 रुपए है। मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,350 रुपए है। कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 70,900 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,350 रुपए है।

# सुपर डीलक्स होटल जैसी सुविधाओं से लैस होगी महाकुंभ की टेंट सिटी

समृद्धि न्यूज



**टेंट सिटी में विभिन्न केटेगरी के टेंट बेस्ड कॉटेज हो रहे तैयार-महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 20 में स्थापित हो रहे 2000 से ज्यादा स्विस कॉटेज**

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर योगी सरकार महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 20 (अरैल) में 2000 से ज्यादा स्विस कॉटेज बेस्ड टेंट्स की स्थापना कर रही है। इन टेंटों की स्थापना उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया किया जा रहा है और 6 पार्टनर्स के साथ मिलकर विभिन्न टेंट ब्लॉक्स की स्थापना कर रहे हैं। इनमें आगमन, कुम्भ कैम्प इंडिया, ऋषिकुल कुम्भ कॉटेज, कुम्भ विलेज, कुम्भ कैनवस व एरा प्रमुख हैं।

खास बात यह है कि वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड्स के अनुसार इन टेंट्स की स्थापना व संचालन की जाएगी जो फाइव स्टार होटल श्रेणी की सुविधाओं से लैस होंगी। यह सुपर डीलक्स टेंट विला, महाराजा, स्विस कॉटेज व डॉर्मेटरी फॉर्मैट में उपलब्ध रहेंगी जिनका प्राइसिंग 1500 से 35 हजार के बीच प्रतिदिन के हिसाब से तय रहेंगी। वहीं, डॉर्मेटरी के अलावा 4000 से 8000 का शुल्क अतिरिक्त व्यक्ति के ठहरने पर देना होगा। 75 देशों के 45 करोड़ विजिटर्स को ध्यान में रखकर स्थापित हो रही टेंट सिटीयूपीएसटीडीसी द्वारा जो टेंट सिटी स्थापित की जा रही है वह सीएम योगी के विजन के अनुरूप तैयार की जा रही है। अनुमान है कि महाकुम्भ में 75 देशों के 45 करोड़ से अधिक विजिटर्स आ सकते हैं, ऐसे में उन्हें वर्ल्ड क्लास अकॉमोडेशन फैसिलिटी उपलब्ध कराने के लिए 1 जनवरी से 5 मार्च तक के बीच इन टेंट्स का संचालन किया जाएगा। इन टेंट्स को यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट और महाकुम्भ ऐप के जरिए भी बुक किया जा सकता है।

योग समेत विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित होने का मिलेगा मौकाइन टेंट्स में ठहरने वाले लोगों की सुविधा के लिए विला टेंट्स को 900 स्क्वेयर फीट, सुपर डीलक्स टेंट्स को 480 से 580 स्क्वेयर फीट तथा डीलक्स ब्लॉक्स की स्थापना 250 से 400 स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में होगी। इन टेंट्स में एसी, डबल बेड, मैट्रेस, सोफा सेट, कस्टमाइज्ड इंटीरियर्स, राइटिंग डेस्क, इलेक्ट्रिक गीजर, फायर एक्सटिंगुइशर्स, रजाई, ब्लैंकेट, मॉस्किटो नेट, वाईफाई, डाइनिंग एरिया व कॉमन सिटिंग एरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो नदी किनारे सुखद पर्यावरणीय दृश्यों के अवलोकन का अनुभव प्रदान करेंगे। वहीं, इनके पैकेज में योग, कल्चरल इवेंट्स व प्रयागराज से जुड़ी अन्य प्रमुख स्थलों व धार्मिक महत्व के क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराना भी सम्मिलित होगा।

**प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ के लिए नगर निगम ने तेज किया अभियान**

**प्रयागराज।** प्रयागराज का महाकुम्भ विश्व के सबसे बड़े सम्मेलनों में से एक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ के वैश्विक सम्मेलन से प्लास्टिक मुक्त, ग्रीन महाकुम्भ का संदेश पूरे विश्व में फैलाना चाहते हैं। उन्होंने महाकुम्भ को पूरी तरह पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक से मुक्त रखने का संकल्प लिया है। इस दिशा में नगर निगम भी नगर आयुक्त सीएम गर्ग के निर्देशन में पूरे शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान चला रहा है।

नगर निगम की टीमें इंफोर्समेंट व्हीकल के साथ शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इंफोर्समेंट की कार्यवाही भी की जा रही है। स्वच्छ प्रयागराज, प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान मेला प्राधिकरण के अधिकारी का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के मुताबिक महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ, ग्रीन महाकुम्भ बनाने का प्रयास किया जा रहा। इस दिशा में जहां एक ओर मेला प्राधिकरण मेला क्षेत्र को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखने की कवायद कर रहा है तो वहीं नगर निगम प्रयागराज भी पूरे शहर को प्लास्टिक फ्री रखने का अभियान चला रहा है। नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में पूरे शहर में 12-12 सदस्यों की 2 टीमें और 6 इन्फोर्समेंट व्हीकल के साथ स्वच्छ प्रयागराज, प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान चला रही हैं। उनके निर्देशों के मुताबिक पूरे शहर को 3 नोडल और 8 जोन में बांटा गया है। दोनों टीमें पूरे शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का जागरूकता अभियान चला रही हैं। साथ ही सिंगल यूज्ड प्लास्टिक का उपयोग करने वालों, गंदगी फैलाने वालों और नगर निगम के निर्देशों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के साथ इन्फॉर्मेंट की कार्यवाही की जा रही है। चेतावनी के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने वालों से जब्ती और चालान वसूली भी की जा रही है। जागरूकता के साथ इन्फोर्समेंट की भी कार्यवाही नगर निगम विशेष तौर पर महाकुम्भ के दौरान पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखना चाहता है। ताकि महाकुम्भ से स्वच्छ, हरित पर्यावरण का संदेश विश्व पटल तक पहुंचे। प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर कुल्हड़, दोनें, पत्तल व कपड़े और जूट के थैलों के प्रयोग को प्रोत्साहित कर रहा है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के साथ सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इसके लिये नगर निगम की जागरूकता और इंफोर्समेंट टीम में 2 ट्रक, 1 जेसीबी के साथ 4 गार्ड, 10 गैंगमैन, 1 नोडल आरई के साथ अभियान चला रही हैं। जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद भी ली जा रही है। नगर निगम मुख्यमंत्री योगी के स्वच्छ महाकुम्भ और ग्रीन महाकुम्भ के संकल्प को सिदधी तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

**12-12 सदस्यों की 2 जागरूकता और इन्फोर्समेंट टीमें चला रहीं है अभियान**

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की शाम रही भोजपुरी के नाम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** स्मृति उपवन बंग्ला बाजार में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में सोमवार शाम महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा, रणवीर सिंह, विनय दुबे एवम अधिवक्ता सूरज जैसवानी द्वारा सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन भारती सिंह द्वारा किया गया। आज सांस्कृतिक संध्या में भोजपुरी सम्राट बालेश्वर के शिष्य संतोष सिंह व सहगायक ने जोरदार प्रस्तुति दी। आर्गन पर लालधर वर्मा, ढोलक पर मोनू शर्मा, पैड पर विशेष कुमार। गायिका आरोही साहनी ने अपनी आवाज़ का जादू बिखेरा व नित्यांगना नेहा वर्मा, प्रियांशी वर्मा ने जोरदार तरीके से डांस प्रस्तुत किया। दुश्मन मिले सवेरे लेकिन मतलबी यार ना मिले.....। जब दूसरे का सीता चौरईबा तो केहू श्रीराम हो



होजाई.....तौहंके हिंदुस्तान महोत्सव घुमाईब गोरी झूला झूलाइब गोरी ना...अपनी खनकती आवाज से संतोष सिंह भोजपुरी गीत सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। रेलिया बैरन पिया को लिए जाए..... छोटे से नन्हे से हमका मिला रे बालम .... नेहा वर्मा व साथियों ने अवधी भोजपुरी पारंपरिक लोकगीतों पर नृत्य कर दर्शको को आकर्षित किया। कार्यक्रम के अगले पंक्ति में भोजपुरी गीत कहे तोसे सजना की तोहरी सजनिया.... मंजू पाठक ने श्रोताओं की वाह वाही लूटी। इस अवसर पर महोत्सव समिति के मनोज सिंह चौहान, मोनालिसा, हेमू चौरसिया आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवम मनीष पंडित ने किया।